

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 03 सितंबर, 2025 , बुधवार, वर्ष 10, अंक 314, भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, एकादशी , संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

करम पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



**सार्थक पहल :** मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को दिया नियुक्ति पत्र, टॉपरों को किया पुरस्कृत

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय में अब लड़कियां भी पढ़ सकेंगी: हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने की घोषणा, नेतरहाट की तर्ज पर खुलेंगे तीन और विद्यालय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय अब सीबीएसइ से संबद्ध है और यहां विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर रहे हैं। इसके पीछे सरकार की यही कोशिश है कि सरकारी विद्यालय में पढ़ रहे बच्चे किसी भी मामले में निजी विद्यालयों के छात्रों से पीछे नहीं रहें। उन्होंने कहा कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में अब लड़कियों का भी नामांकन होगा। नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर तीन और विद्यालय खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। इसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। हमारी कोशिश शिक्षा को नयी ऊंचाइयों पर ले जाना है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में नियुक्ति-पत्र वितरण और छात्रों को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 975 नवनियुक्त स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों, सहायक आचार्यों और प्रयोगशाला सहायकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इसके अलावा उन्होंने जैक, सीबीएसइ, आइसीएसइ बोर्ड और मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के 10वीं-12वीं के टॉप करने वाले विद्यार्थियों तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा कोचिंग के सफल विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। उन्होंने स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार योजना और झारखंड ई-शिक्षा महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, महुआ माजी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह एवं राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन मौजद थे।

(विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यमों से कर रहे प्रोत्साहित : हेमंत सोरेन, पढ़ें पेज 02)



### शिक्षा व्यवस्था को देंगे मजबूती

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। इस दिशा में पहले से ही कई योजनाएं चल रही हैं और आने वाले दिनों में कई और कदम उठाये जायेंगे। हमारी कोशिश शिक्षा व्यवस्था को समग्र रूप से उत्कृष्ट बनाना है, ताकि विद्यालयों को संसाधनयुक्त बनाने के साथ वहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बेहतर और आधुनिक शिक्षा मिल सके।

### राज्य को आगे ले जाना सभी की जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़े, इसमें राज्य के हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। आप चाहे किसी भी क्षेत्र से जुड़े हों, अपने-अपने क्षेत्र में अहम योगदान कर राज्य को आगे ले जाने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से ही झारखंड एक अग्रणी और मजबूत राज्य बनेगा।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन की होड़

हेमंत ने कहा कि आज जमाना कंपिटीशन का है। इसमें किसी न किसी कमी अथवा समस्या की वजह से सरकारी विद्यालय पीछे रह जाते थे। हमारी सरकार अब सरकारी विद्यालय को बेहतर करने का कार्य कर रही है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खोले गये हैं। यहां बच्चों को निजी विद्यालयों की तरह शिक्षा दी जा रही है। आज मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के लिए होड़ मची है। कई निजी विद्यालय के बच्चे अब इन विद्यालयों में नामांकन करा रहे हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि सरकारी विद्यालय अब किसी भी मामले में निजी विद्यालयों से काम नहीं हैं।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)




CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies

ADMISSION OPEN SESSION 2025-26

Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)

Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering

Faculty of Law
- LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B

Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)

Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)

Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)

Faculty of Arts & Social Science
- B.A (Hindi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) ▪ M.A (Hindi) ▪ M.A (English)
- M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
- M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)

Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)

Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)

Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry

Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)

Paramedical
- OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser

Library Science
- B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc

Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemisty) ▪ B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)

Faculty of Commerce
- B.Com ▪ M.Com

TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE

Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 03 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# वोटर अधिकार यात्रा का समापन, लेकिन राहुल ने तेजस्वी को सीएम फेस नहीं बताया

## ■ मजबूरी या मकसद आखिर इस स्टैंड के पीछे क्या है कांग्रेस की रणनीति

## ■ महागठबंधन के सीएम चेहरे पर सस्पेंस जस का तस, संयोग या फिर सियासी प्रयोग

## ■ बिहार में लोकप्रियता के मामले में तेजस्वी यादव किसी से पीछे नहीं

**आजाद सिपाही विशेष**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बहुचर्चित वोटर अधिकार यात्रा 17 दिन बाद पटना में गांधी-अंबेडकर मार्च के रूप में समाप्त हुई। इस यात्रा ने बिहार की विपक्षी राजनीति में नयी ऊर्जा का निश्चित ही संचार किया है। यात्रा में राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कंधे से कंधा मिला कर भागीदारी की। प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, एमके स्टालिन, रेवंत रेड्डी, हेमंत सोरेन जैसे इंडिया ब्लाक के अन्य नेता भी शामिल हुए। तेजस्वी कभी ड्राइवर की भूमिका में दिखे, तो कभी पैदल चले और बाइक की सवारी भी की। राहुल कहते हैं कि उन्हें बिहार की इस यात्रा में काफी मजा आया। लेकिन इस यात्रा के दौरान सबसे बड़ा सवाल अनुत्तरित ही रह गया कि आखिर महागठबंधन का सीएम का चेहरा कौन है। राहुल गांधी ने पूरी यात्रा के दौरान एक बार भी नहीं कहा कि यदि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती है, तो तेजस्वी यादव सीएम होंगे। दूसरी तरफ तेजस्वी यादव ने कई रैलियों में खुल कर अपील की कि बिहार की जनता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री और उन्हें (तेजस्वी को) मुख्यमंत्री बनाने का वादा करे। अखिलेश यादव ने भी तेजस्वी को बिहार का अगला सीएम बताया, लेकिन राहुल की जुबान नहीं खुली। यात्रा की समाप्ति के दिन इसकी उम्मीद की जा रही थी, लेकिन राहुल ने फिर इस सवाल पर चुप्पी साध ली। राजनीतिक हलकों में इसे लेकर एक किस्म की खलबली है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर राहुल गांधी को तेजस्वी यादव को सीएम फेस घोषित करने में क्या परेशानी है। इस सवाल का जवाब इतना आसान भी नहीं है। इसके पीछे एक बड़ा सियासी खेल है। क्या है तेजस्वी के प्रति राहुल गांधी की चुप्पी के पीछे का कारण, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
संपादक

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही शह-मात का खेल शुरू हो गया है। आरजेडी के नेतृत्व वाले महागठबंधन की तमाम बैठकें हो चुकी हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा का समापन भी हो चुका है। इसके बाद भी इंडिया ब्लॉक के सीएम चेहरे पर सस्पेंस जस का तस बना हुआ है। ऐसे में सवाल उठता है कि यह सियासी संयोग है या फिर कोई सियासी प्रयोग? एक दिन पहले संपन्न 16 दिन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से बिहार में इंडिया ब्लॉक के सीएम चेहरे पर कई बार सवाल किये गये, लेकिन हर बार वह खामोशी अख्तियार किये रहे। तेजस्वी ने राहुल गांधी को पीएम का उम्मीदवार तक बता दिया और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तेजस्वी के नाम पर अपनी सहमति जता दी। इसके बाद भी राहुल गांधी तेजस्वी के नाम पर मुहर लगाने को तैयार नहीं हुए।

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया ब्लॉक ने एक समन्वय समिति बनायी और उसकी कमान तेजस्वी यादव के हाथ में है। इस तरह से तेजस्वी यादव 2025 के चुनाव में महागठबंधन में लीड रोल में हैं, लेकिन कांग्रेस उन्हें सीएम पद का चेहरा बनाकर विधानसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहती। इस तरह जनता के बीच असमंजस भी बढ़ रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि तेजस्वी के चेहरे पर कांग्रेस की दुविधा है या फिर सियासी दांव?

### तेजस्वी के चेहरे पर कांग्रेस रजामंद नहीं

आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव काफी पहले ही कह चुके हैं कि तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे, तो तेजस्वी भी अपने नाम का खुद ही एलान कर चुके हैं। इसके बाद भी कांग्रेस तेजस्वी को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित कर चुनाव नहीं लड़ना चाहती। वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल गांधी से इस संबंध में कई बार सवाल किये गये, लेकिन हर बार वह कन्नी काटते नजर आये। बिहार में कांग्रेस आरजेडी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर राजी है, लेकिन इस बात पर सहमत नहीं है कि महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद का चेहरा तेजस्वी यादव को बनाया जाये। आखिर क्या वजह है कि तेजस्वी यादव के चेहरे को लेकर कांग्रेस दुविधा में फंसी हुई है। कांग्रेस की चुप्पी को देखते हुए तेजस्वी यादव खुद ही अपने लिए सियासी बैटिंग शुरू कर दी है और अपना चेहरा बनाने की कवायद में जुटे हैं।



### बिहार में तेजस्वी सबसे लोकप्रिय चेहरा

चुनाव पूर्व सर्वे के मुताबिक आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर सबसे ज्यादा लोगों ने पसंद किया है। सर्वे के मुताबिक मई के महीने में बिहार के सीएम के रूप में 36.9 फीसदी लोग तेजस्वी को देखना चाहते हैं, तो 18.4 फीसदी लोग नीतीश कुमार को। पिछले चार सर्वे में तेजस्वी यादव की स्थिति ऐसी ही है। इस तरह वे बिहार के लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। इसके बाद भी तेजस्वी यादव के नाम पर कांग्रेस तैयार नहीं है।

### तेजस्वी यादव के चेहरे पर क्यों है सस्पेंस

सीएम चेहरे पर सस्पेंस बनाये रखने की रणनीति के साथ कांग्रेस बिहार चुनाव लड़ना चाहती है, जिस तरह 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने किसी को पीएम पद का चेहरा घोषित नहीं किया था। इस फॉर्मूले पर बिहार चुनाव में उतरने की कवायद है। कांग्रेस का तर्क है कि अगर तेजस्वी यादव को सीएम का चेहरा घोषित कर महागठबंधन चुनावी मैदान में उतरता है, तो उससे सियासी समीकरण गड़बड़ा सकता है। कांग्रेस को लगता है कि तेजस्वी यादव के नाम पर यादव समाज को छोड़कर, दलित, अन्य पिछड़ी जातियां और सवर्ण समाज का वोट नहीं मिल पायेगा। यह बात राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने सीधे तौर पर दिल्ली की बैठक में तेजस्वी यादव को बता चुके हैं। उन्होंने यह आश्वासन जरूर दिया था कि अगर बिहार में सरकार बनाने का मौका हाथ आता है, तो तेजस्वी यादव को सीएम बनाया जा सकता है, लेकिन विधानसभा चुनाव में उनके नाम की घोषणा कर लड़ना जोखिम भरा कदम हो सकता है।

### 2024 का फॉर्मूला रख रही कांग्रेस

इंडिया ब्लॉक ने 2024 में पीएम पद का चेहरा घोषित किये बिना चुनाव लड़ा था। इंडिया ब्लॉक ने एक संयुक्त समिति बनायी थी। उसी तर्ज पर बिहार में समन्वय समिति बनायी गयी है। कांग्रेस की रणनीति है कि बिना सीएम चेहरे के उतरने से किसी समाज के वोट छिटकने का खतरा नहीं होगा। इसी रणनीति के तहत कांग्रेस तेजस्वी को सीएम चेहरा बनाने के लिए तैयार नहीं है। दूसरी तरफ बीजेपी सीएम चेहरे पर सस्पेंस बनाकर सियासी जंग फतह करती रही है। अब बीजेपी के फॉर्मूले से कांग्रेस बिहार में नीतीश कुमार को सियासी शिकस्त देने की रणनीति बना रही है। यूपी में 2017 के चुनाव में बीजेपी किसी को सीएम पद का चेहरा बनाकर मैदान में नहीं उतरी थी, लेकिन जीत के बाद योगी आदित्यनाथ को सत्ता की बागडोर सौंपी थी। 2022 के चुनाव में भी सीएम फेस पर बीजेपी दो धड़ों में बंटी हुई नजर आ रही थी और सस्पेंस बनाकर चुनाव लड़ा था। बीजेपी इस जंग को जीतने में कामयाब रही और अब उसी रणनीति को कांग्रेस बिहार में अपना रही है।

राजनीतिक विशेषज्ञ मानते हैं कि बिहार में सीएम फेस पर कांग्रेस ऐसी ही दुविधा बनाकर रखना चाहती है, जिसमें उसका अपना सियासी फायदा है। बिना किसी चेहरे को आगे किये चुनाव में उतरने से कांग्रेस के तमाम नेता एकजुट होकर प्रयास करते हैं। बीजेपी और कांग्रेस ऐसी पार्टियां हैं, जहां मुख्यमंत्री बनने का मौका पार्टी के किसी भी नेता को मिल सकता है। कांग्रेस बिहार में सीएम चेहरे को लेकर ऐसी दुविधा को बनाये रखना चाहती है ताकि पार्टी के सभी नेता और उनके कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को जिताने में भूमिका अदा करें।

### क्या यह कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा है

राजनीति के जानकार कहते हैं कि कई विकल्प खुले रखना किसी राजनीतिक दल के लिए हमेशा अच्छा होता है। इससे नेतृत्व को चुनावी अंकगणित साधने के लिए आवश्यक गुणा-भाग करने में सहूलियत हो जाती है। बिहार की जहां तक बात है, तो कांग्रेस और आरजेडी के बीच यह एक सोची-समझी रणनीति है। कांग्रेस को तेजस्वी के चेहरे पर कोई विरोध नहीं है, बल्कि यह चेहरा घोषित कर वह बीजेपी को कोई मुद्दा नहीं देना चाहती। यही वजह है कि कांग्रेस चुप है और आरजेडी मुखर है। इस तरह सियासी सस्पेंस बनाकर बिहार चुनाव लड़ने की रणनीति इंडिया ब्लॉक ने बनायी है। आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने जिस तरह से खुद मुखरता से तेजस्वी के नाम की घोषणा की है, तेजस्वी यादव ने यात्रा के दौरान कई बार अपने नाम को आगे बढ़ाया, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने इस पर कोई निश्चितता नहीं जतायी है, बल्कि चुप्पी अपना कर रजामंदी के संकेत दिये। इस तरह आरजेडी नेताओं का मानना है कि महागठबंधन के सीएम चेहरे को लेकर कोई विवाद नहीं है। तेजस्वी यादव के चेहरे पर कांग्रेस सस्पेंस बनाकर चुनाव में उतरने का दांव आजमा रही है।

---

**हेमंत सरकार कैबिनेट से 66 प्रस्ताव को मंजूरी**

# झारखंड में केंद्र के प्रारूप पर होगी जनगणना

- जेएसएससी अब दो चरणों में लेगा परीक्षा
- विस्थापन आयोग के गठन की नियमावली को भी मंजूरी
- अब 50 विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ने का मौका मिलेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में कुल 66 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इसमें केंद्र सरकार द्वारा लिये गये फैसले के अनुरूप झारखंड में जनगणना कराने की मंजूरी दी गयी। इसके अलावा जेएसएससी की परीक्षा दो चरणों में लेने, विस्थापन आयोग समेत अन्य आयोग के गठन समेत अन्य फैसले शामिल हैं। वहीं, अन्यान्य में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को आजीवन उपलब्ध कराये गये आवास को उनकी उनकी पत्नी रूपी सोरेन को आवंटित करने की स्वीकृति दी गयी।

**जेएसएससी अब दो चरणों में लेगा परीक्षा:** झारखंड राज्य कर्मचारी आयोग (जेएसएससी) विशिष्ट योग्यता वाले पदों के लिए दो चरणों पीटी और मेंस के रूप में परीक्षा लेगा। हालांकि अगर 50 हजार के कम आवेदन आये तो पीटी की परीक्षा नहीं ली जायेगी। मरांग गोमके पारदेशिया छात्रवृत्ति



योजना के तहत जिन 50 छात्रों को विदेश जाने के लिए राज सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है, उनका कोटि निर्धारण कर दिया गया है। इसके तहत 20 एसटी के छात्र, 10 एससी के, 6 अल्पसंख्यक और 14 ओबीसी कोटि के छात्र होंगे।

**राज्य साहित्य अकादमी को होगा गठन:** झारखंड राज्य के जनजातीय भाषाओं को छोड़कर झारखंड राज्य के पूर्ण भौगोलिक क्षेत्र में प्रयुक्त विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं के बीच साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और इनके समग्र विकास के उद्देश्य से झारखंड राज्य साहित्य अकादमी के गठन की स्वीकृति दी गयी। वहीं, झारखंड राज्य के पूर्ण भौगोलिक क्षेत्र में संगीत नाटक और अनुप्रयुक्त कलाओं के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम करने और गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा इसके माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड राज्य संगीत नाटक अकादमी के गठन की स्वीकृति दी गयी। साथ ही झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग (गठन, कार्य एवं दायित्व) नियमावली, 2025 की स्वीकृति दी गयी।

### राज्य के पांच डॉक्टरों की बर्खास्तगी पर लगी मुहर

कैबिनेट की बैठक में पांच डॉक्टरों की बर्खास्तगी पर मुहर लगी। ये लंबे समय से अनुपस्थित रहे थे। बर्खास्त होने वाले डॉक्टरों में डॉ फरहाना (स्त्री रोग विशेषज्ञ, सदर अस्पताल, गिरिडीह), डॉ ज्योति कुमारी (चिकित्सा पदाधिकारी, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बालकुश, टुंडी, धनबाद), डॉ भावना (चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मरकच्चो, कोडरमा), डॉ इंद्रनाथ प्रसाद (चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, साहेबगंज) और डॉ रिंकू सिंह (चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदनकियारी, बोकारो) शामिल हैं। वहीं वाणिज्य कर विभाग के पांच कर्मियों के सेवा नियमितीकरण और वित्तीय लाभ देने की स्वीकृति दी गयी। इसमें नवल किशोर सिंह, स्वर्गीय जेम्स दानियल टोप्पो, ललिता लकड़ा, निजय सिन्हा और गुलाम अंसारी शामिल हैं।

### कैबिनेट के फैसले

- झारखंड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2025 की स्वीकृति।
- झारखंड राज्य सड़क सुरक्षा कोष (संशोधन) नियमावली, 2025 के प्रारूप पर स्वीकृति।
- निबंधन कार्यालयों में दिनांक-01.12.2004 के बाद अतिरिक्त लिपिक से अस्थायी लिपिक के पद पर नियमित स्थापना में लाये गये अस्थायी लिपिकों को अतिरिक्त लिपिक के रूप में की गयी सेवा को पेंशन प्रयोजनार्थ परिगणित करते हुए पेंशन, उपादान एवं पारिवारिक पेंशन की अनुमान्यता की स्वीकृति।
- झारखंड कार्यपालिका नियमावली, 2000 (समय-समय पर यथा संशोधित) के प्रथम अनुसूची अंतर्गत महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड के कार्यदायित्व के रूप में 'हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों से संबंधित विषय' को सम्मिलित किये जाने की स्वीकृति।
- पुनासी जलाशय योजना के लिये तृतीय पुनरीक्षित प्राक्कलन राशि की प्रशासनिक स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन में आवेदन के समय आवेदिका का लाइव फोटो लेने की अनिवार्यता को क्षांत करने की घटनोत्तर स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री झारखंड अंतरराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान एंव सहायता कोष के गठन की मंजूरी।
- पत्तन, पोत परिवहन और जल मार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित अंतरदेशीय जलयान (जीवन रक्षक उपकरण) नियम 2022 को झारखंड राज्य में अंगीकृत किये जाने की स्वीकृति।
- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत राज्य अंतर्गत अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में 50 आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना, संचालन एवं इनमें भवन निर्माण की मंजूरी।
- झारखंड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में संवेदकों के निबंधन/नवीकरण संशोधित नियमावली 2012 की स्वीकृति।
- 180 गैर-सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों एवं 11 अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को पेंशन/उपादान की स्वीकृति के लिए प्रक्रिया के निर्धारण को मंजूरी।
- गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय के लिए हाइड्रोलिक रेस्क्यू प्लैटफार्म वाहन का क्रय के लिए राशि की प्रशासनिक स्वीकृति।
- सत्संगनगर-भिरखीबाद पथ जसीडीह-वैद्यनाथधाम स्टेशन के बीच आरओबी के निर्माण कार्य की लागत पर द्वितीय पुनरीक्षित राशि की प्रशासनिक स्वीकृति।
- रामगढ़ के बरियातु कालीकरण पथ से हुंडरू भाया तोनागातु पुनर्निर्माण के लिए राशि की प्रशासनिक स्वीकृति।
- झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2025 की स्वीकृति।
- हाता चाइबासा रेलवे क्रासिंग से बड़ाचिरू एवं पावर ग्रिड लिंक पथ के चौड़ीकरण/मजबूतीकरण के लिए राशि की प्रशासनिक स्वीकृति।
- राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, गिरिडीह के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत।
- चास के आइटीआइ मोड़, बलियापुर-मैथन संचरण लाइन, बलियापुर-सिंदरी संचरण लाइन, चंदनक्यारी-गोविंदपुर संचरण लाइन, गोविंदपुर-टीटीपीएस संचरण लाइन समेत अन्य के लिए राशि विमुक्त करने की मंजूरी।

---

# विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यमों से कर रहे प्रोत्साहित : हेमंत सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यम से प्रोत्साहित करने का काम हमारी सरकार कर रही है। इस कड़ी में बोर्ड के सभी टॉप करने वालों को सम्मान राशि के साथ लैपटॉप और मोबाइल फोन दे रहे हैं, ताकि वे और भी बेहतर तरीके से आगे की पढ़ाई कर सकें। वहीं, विदेश में उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जा रही है। इसके साथ गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए 15 लाख रुपये तक का शिक्षा लोन बिना किसी गारंटी के देने की व्यवस्था है। इसके अलावा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की राशि में व्यापक इजाफा किया गया है, ताकि बच्चों को पढ़ाई में ज्यादा से ज्यादा सहूलियत हो सके। इस दिशा में आने वाले दिनों में कई और नये कदम उठाये जायेंगे। मुख्यमंत्री शिक्षकों को नियुक्ति पत्र और टॉपरों को पुरस्कृत करने के मौके पर बोल रहे थे।

**बोर्ड के विद्यार्थियों को समय पर मिलेगी सम्मान राशि:** हेमंत सोरेन ने कहा कि विभिन्न बोर्ड के टॉप करने वाले बच्चों को रिजल्ट प्रकाशन के तुरंत बाद सम्मान राशि उपलब्ध करायी जायेगी, ताकि उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए नामांकन में आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़े। विद्यार्थियों को मिलने वाली सम्मान राशि का समय पर सदुपयोग हो, इसके लिए यह कदम उठाये जा रहे हैं।

- मुख्यमंत्री ने समारोह में 33 नवनियुक्त स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, 909 सहायक आचार्य ( गणित और विज्ञान) और 33 प्रयोगशाला सहायकों में कुछ को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।
- जैक, सीबीएसइ और आइसीएसइ बोर्ड के 10 वीं तथा 12 वीं में टॉप करने वालों को तीन लाख रुपये की सम्मान राशि के साथ लैपटॉप और स्मार्टफोन प्रदान किया गया। जैक बोर्ड के टॉपर्स को स्कूटी भी मिली।
- सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के 10 वीं तथा 12 वीं में टॉप करने वालों को लैपटॉप और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।
- 10 वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत रिजल्ट देने वाले विद्यालय भी हुए सम्मानित।
- राज्य सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा कोचिंग के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल विद्यार्थी किये गये सम्मानित।
- विद्यालय प्रमाणीकरण योजना अंतर्गत स्वर्ण श्रेणी में सफल विद्यालयों को किया गया सम्मानित।

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

करम पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

रांची 03 सितंबर, 2025 , बुधवार, वर्ष 10, अंक 314, भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, एकादशी , संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# कांग्रेस-राजद ने मेरी मां को गाली दी यह देश की हर मां का अपमान : मोदी

## प्रधानमंत्री ने लोगों से हर जगह विरोध करने की अपील की

### बिहार राज्य जीविका निधि शाखा सहकारी संघ लिमिटेड की हुई शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार के दरभंगा में 27 अगस्त को राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को गाली दी गयी थी। 7वें दिन प्रधानमंत्री ने सामने आकर गाली देने का जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि बिहार में कुछ दिन पहले जो कुछ हुआ, उसकी मैंने कल्पना नहीं की थी। बिहार में कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गयीं। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं, ये देश की मां-बहन-बेटी का अपमान है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों के दिल में भी है। मैं आपसे अपना दुख साझा कर रहा हूं, ताकि मैं इस पीड़ा को झेल पाऊं। प्रधानमंत्री ने दिल्ली से बिहार की जनता को वर्चुअली संबोधित करते हुए यह बात कही। वे बिहार राज्य जीविका निधि शाखा सहकारी संघ लिमिटेड की शुरुआत के कार्यक्रम में जुड़े थे।



### मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त करा दिया था

मोदी ने कहा कि मैं गरीब परिवार से हूं। समाज और देश की सेवा में लगा हूं। मैंने हर दिन हर क्षण अपने देश के लिए, देशवासियों के लिए मेहनत की। इसमें मेरी मां का आशीर्वाद, मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका थी। मुझे जन्म देने वाली मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था।

**मां का स्थान देवी-देवताओं से ऊपर:** मोदी ने कहा कि मुझे आज इस बात की पीड़ा है। मां ने मुझे देश सेवा के लिए रवाना किया था। हर मां चाहती है कि बेटा बड़ा हो। मेरे लिए कुछ करे। मेरी मां ने ऐसा नहीं सोचा। उन्होंने मुझे आपके लिए भेजा। मां का स्थान देवी-देवताओं से ऊपर माना जाता है। बिहार के ही संस्कार हैं। माई के स्थान देवता से भी ऊपर होवेला। काही के आपन बाल बच्चा खातिर ऊ कोनो देवी नियर पोल पास के बड़ा करेली...माई के बिना कोनो जिंदगी ना बनप सकेला।

**राजद-कांग्रेस का हर जगह विरोध करें :** मोदी ने कहा कि आज से 20 दिन बाद नवरात्रि शुरू होगी। इसके बाद छठ मइया की पूजा होगी। छठ का पर्व मनाया जायेगा। भारत की धरती ने मां का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं किया है। मैं बिहार के लोगों से भी कहूंगा, इस अपमान की भरपाई बिहार के हर बेटे की जिम्मेदारी है। राजद और कांग्रेस के नेता जहां भी जायें, जिस गली में भी जायें, उन्हें चारों तरफ आवाज आनी चाहिए।

### शाही खानदान के युवराज पीड़ा को नहीं समझ सकते

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये गालियां करोड़ों माताओं-बहनों को दी गयीं। ये शाही खानदानों में पैदा हुए युवराज इस पीड़ा को नहीं समझ सकते हैं। ये नामदार लोग सोने-चांदी के चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। गंदी नाली का कीड़ा, जहर वाला सांप, बिहार चुनाव में मुझे तू, तड़ाक कर के गाली देकर बोलते हैं। इनकी नामदार वाली सोच बार-बार उजागर होती है। इसी सोच से अब मेरी मां, जिसका शरीर नहीं रहा, जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं। अपने मंच से गालियां दिलवा रहे हैं।

# स्व. हरिनारायण सिंह को श्रद्धांजलि देने पहुंचे राज्यसभा के उप सभापति

## परिजनों से मिल कर सांत्वना दी, आजाद सिपाही परिसर का भ्रमण किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने मंगलवार को आजाद सिपाही के संस्थापक प्रधान संपादक स्व हरिनारायण सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वह कोकर चौक स्थित स्व सिंह के आवास पर पहुंचे और परिजनों से मिल कर उन्हें सांत्वना दी। मौके पर स्व सिंह की पत्नी के अलावा दोनों पुत्र राकेश सिंह और राहुल सिंह और अन्य परिजन उपस्थित थे। हरिवंश ने शोक संतप्त परिवार के साथ करीब आधे घंटे तक बातचीत की और स्व सिंह की अस्वस्थता से लेकर गांव-गिरांव तक के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्व सिंह के साथ बिताये गये दिनों की यादें भी ताजा की। उन्होंने स्व सिंह के बड़े पुत्र सह आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह से समाचार पत्र के बारे में भी पूरी जानकारी ली।

परिजनों से मुलाकात के बाद हरिवंश आजाद सिपाही की टीम से मिलने कार्यालय परिसर में पहुंचे। उन्होंने संपादकीय के अलावा मार्केटिंग और प्रशासन के विभागों को देखा और टीम के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया के प्रबंध निदेशक राहुल सिंह, महाप्रबंधक पशुपति सिंह और अन्य ने हरिवंश को समाचार पत्र के बारे में विस्तार से बताया।



## आइसेक्ट विवि के कुलाधिपति संतोष चौबे के ताजा कहानी संग्रह 'गरीबनवाज' का लोकार्पण 4 सितंबर को



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ कवि-कथाकार, विश्व रंग निदेशक व आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे के नये कहानी संग्रह गरीबनवाज का लोकार्पण समारोह आगामी 4 सितंबर को साहित्य अकादमी, दिल्ली के सभागार में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर पुस्तक चर्चा का भी आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने दी और बताया कि दरअसल इस कार्यक्रम का आयोजन वनमाली सृजन पीठ, दिल्ली और राजकमल प्रकाशन समूह के संयुक्त तत्वावधान में होगा। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ रचनाकार जानकी प्रसाद शर्मा करेंगे। साथ ही लोकार्पण के दौरान कुलाधिपति संतोष चौबे खुद अपने ताजा कहानी संग्रह से कहानीपाठ करेंगे। स्वागत उद्बोधन वनमाली सृजन पीठ, दिल्ली के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कवि लीलाधर मंडलोई देंगे। बता दें कि चर्चा सत्र में वरिष्ठ आलोचकझसंपादक अखिलेश, वरिष्ठ आलोचक विनोद तिवारी, कथाकार अल्पना मिश्र और साहित्यकार आशुतोष पुस्तक पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन युवा रचनाकार प्रांजल धर करेंगे, जबकि राजकमल प्रकाशन समूह के अशोक माहेश्वरी धन्यवाद ज्ञापन देंगे। उल्लेखनीय है कि कुलाधिपति संतोष चौबे के अब तक छह कहानी संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं, जिसमें हल्के रंग की कमीज, रेस्त्रां में दोपहर, नौ बिन्दुओं का खेल, बीच प्रेम में गांधी, मगर शेक्सपियर को याद रखना व ह्यप्रतिनिधि कहानियां शामिल है। 05 सितंबर को होगा नाट्य मंचन इसी कार्यक्रम की कड़ी में 5 सितंबर को शाम 6:30 बजे राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के सम्मुख सभागार में संतोष चौबे की दो कहानियों उनके हिस्से का प्रेम और गरीबनवाज का नाट्य मंचन किया जायेगा। मंचन का आयोजन वनमाली सृजन पीठ, दिल्ली के तत्वावधान में और संभव आर्ट ग्रुप, दिल्ली की ओर से होगा। नाट्य रूपांतरण और मंचन का निर्देशन प्रख्यात नाट्य निर्देशक देवेंद्र राज अंकुर करेंगे।

## मां मनसा पूजा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पैसरा में पांच दिवसीय मां मनसा पूजा को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव, विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रघुबीर महतो, मुखिया चिंता देवी, पूर्व मुखिया अशोक रविदास उपस्थित थे। यह कलश यात्रा में मानस मंदिर से भगवती मंडप होते हुए हनुमान मंदिर से होते हुए नगर भ्रमण कर बरसोती नदी तट वाहिनी नदी में जल भरकर मंदिर पहुंचा। इस कलश यात्रा में 551 महिलाओं और युवतियों ने कलश उठाया। यह पूजा 2 सितंबर से शुरू हो कर 6 सितंबर को समापन होगा। कलश यात्रा को सफल बनाने में सार्वजनिक मानस पूजा समिति पैसरा का सहयोग रहा। मौके पर मधुसूदन प्रसाद, जमुना साहू, मनोहर, चौधरी, राज कुमार नायक, छोटी महेता, समन ठाकुर, छोटी लाल महेता, हीरालाल महेता, चेतलाल पंडित, चुरामन महतो, सूरज कुमार, किशन महतो, लेखराज प्रसाद, द्वारिका महतो, अर्जुन ठाकुर, छत्रधारी महतो, संमलाल ठाकुर, विनय कुमार, जागेश्वर महतो, पुरुषोत्तम कुमार, नारायण पासवान, शंकर दयाल प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, शंकर प्रसाद, बिमलाल प्रसाद, नीबू लाल यादव, भुवनेश्वर प्रसाद, टुखलाल महतो, बेजु महतो, बिमल महतो, गंगो महतो, माला कुमारी, कुंती देवी, पार्वती देवी, रुकमणि, मंजु देवी, मुनिया देवी, सोना देवी, प्रिया, शिल्फा, खुशबू, प्रियंका, सृति, सरिता, गुड़िया, शोभा, अनिय, कलावती संगीता रजक, फुलवा देवी, मालती देवी, यशोदा देवी, तारा देवी, जलवा देवी, मीना देवी, फुलवा देवी, सुगवा देवी, चिंता देवी, सुरेश प्रसाद, दिनेश यादव, निर्पत महतो, प्रकाश रजक, राजू प्रसाद, संतोष शर्मा समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

## अलकतरा से भरे टैंकर में लगी आग मिक्सर प्लांट में भारी नुकसान



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरियारडीह स्थित मिक्कर प्लांट परिसर में मंगलवार की दोपहर एक हादसा हो गया। प्लांट में खड़े अलकतरा से भरे टैंकर में अचानक आग लग गयी। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरी टैंकर जलकर खाक हो गया। घटना में प्लांट में रखे कई उपकरण को भी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी थाना प्रभारी मरकच्चो को दी गयी। थाना प्रभारी के द्वारा दिये गये सूचना पर दमकल गाड़ी को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक टैंकर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना में प्लांट की मशीनरी क्षेत्र को भी नुकसान पहुंचा है। गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित इंडियन ऑयल पंप और बिरहोर कालोनी से महज 50 मीटर सटे संजय कंस्ट्रेशन अलकतरा प्लांट में अचानक भयानक आग लग गयी। आग मंगलवार को दोपहर 2:15 बजे लगी। जिसके बाद आस पड़ोस में अफरा तफरी मच गया। प्लांट पर अलकतरा खाली करने आए ट्रक जेएच 10 सीपी 8780 में उस वक़्त लग गयी जब अलकतरा खाली करने के लिए डामर में आग लगाया जा रहा था। ट्रक में आग लगने के बाद टैंकर ड्राइवर सचिन सिंह (साकिन पसियाडीह मरकच्चो निवासी) ट्रक छोड़ कर प्लांट से बाहर भाग गया। उक्त प्लांट बोकारो निवासी विनोद जैन और अनिरुद्ध सिंह का बताया जा रहा है। जानकारी अनुसार अलकतरा ट्रक धनबाद निवासी मनीष जयसवाल का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब से यह प्लांट संचालित है उसी वक्त से बिरहोर कॉलोनी में बसने वाले आदिवासियों का जीना दूभर हो गया है क्योंकि पिच प्लांट से निकलने वाले इस जहरीले धुआं से आदिवासी बच्चों पर प्रदूषण का प्रभाव पड़ रहा है। वहीं अगर मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय में दमकल सेंटर होता तो नुकसान कम होता।

## छात्राओं ने प्रकृति का पर्व करमा मनाया



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में प्रकृति का पर्व करमा के पूर्व संध्या पर विद्यालय के छात्राओं के द्वारा करमा पर्व धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। बताते चलें कि विद्यालय की छात्राओं के द्वारा झारखंड की संस्कृति को जागृत करते हुए करमा का त्यौहार मनाया। कर्मा पर्व कार्यक्रम में आशा कुमारी, प्रियंका कुमारी, काजल कुमारी, अंजली पांडेय, आशीर्वाद कुमारी, आंचल कुमारी, संजना राणा, सहित कई छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव, प्राचार्य प्रो दशरथ प्रसाद राणा, उपप्राचार्य लक्ष्मण चंद्र यादव, वरीय शिक्षक महेश्वर पांडेय, प्रभु चंद्र यादव, सिकंदर यादव, प्रकाश यादव, महेश यादव, पिंटू कुमार पांडेय, सुजीत राज, विद्यालय कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार सिन्हा, सुभाष चंद्र विश्वास, विक्रम पांडेय, विनोद यादव, महेश यादव, प्रियंका कुमारी, श्वेता कुमारी, हेमंती कुमारी, अनु कुमारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यालय के छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

# हजारीबाग में दूसरी बार असामाजिक तत्वों ने तोड़ी सिदो-कान्हू की प्रतिमा

## आदिवासी समाज और राजनीतिक दलों के नेताओं का फूटा गुस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर के पीडब्ल्यूडी चौक स्थित आदिवासी अस्मिता और संघर्ष के महानायक सिदो कान्हू मूर्मू की प्रतिमा को दूसरी बार असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। इस प्रतिमा का अनावरण झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद किया था। घटना के बाद आदिवासी समाज और राजनीतिक दल के लोग स्थल पर पहुंच प्रतिमा खंडित करने वालों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इस दौरान सड़क को जाम भी किया गया। घटना की जानकारी पाकर सदर एसडीओ बैजनाथ कामती और नगर निगम के पदाधिकारी भी पहुंचे और स्थिति को जाना। उपस्थित लोगों ने कहा कि यह सिर्फ एक मूर्ति का अपमान नहीं है, बल्कि झारखंड की आत्मा, आदिवासी शौर्य और स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखने वाले वीर सपूतों का अपमान है।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी आदिवासी वीर शहीद सिदो कान्हू की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा एक बार फिर से खंडित करने पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह न सिर्फ.हमारे महान शहीदों का अपमान है, बल्कि पूरे समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का षड्यंत्र भी है। जिला प्रशासन से मांग किया है कि दोषियों की पहचान कर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इधर कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह भी स्थल पर पहुंचे और कहा कि इस अमानवीय कृत्य की सूचना मिली, मैं तुरंत स्थल पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। मैं प्रशासन से मांग करता हूं कि दोषियों को शीघ्र चिह्नित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये। साथ ही प्रतिमा को अविलंब पुनः स्थापित किया जाये, ताकि जनभावनाओं को सम्मान मिले।

आदिवासी समाज के महेंद्र बेक ने कहा कि यह डेढ़ महीने में प्रतिमा तोड़ने की दूसरी घटना है, आदिवासी समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि पूर्व में घटी घटना के बाद भी न तो जिला प्रशासन और न ही नगर निगम ने इन प्रतिमाओं की सुरक्षा के लिए कोई कदम उठाया। प्रतिमा के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाना उचित नहीं समझा। बता दें कि डेढ़ माह पूर्व भी हजारीबाग शहर के संत कोलंबस कॉलेज स्थित पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय और पीडब्ल्यूडी चौक स्थित सिदो कान्हू की प्रतिमा को एक ही रात क्षतिग्रस्त किया गया था। इधर जानकारी पाकर हजारीबाग आये त्रिपुरा अगरतल्ला विधानसभा के विधायक सुदीप राय, पूर्व मंत्री जेपी पटेल, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आलोक दुबे, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी समेत बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी की मांग की।

# ड्यूटी से डॉक्टर थे लापता, औचक निरीक्षण में पकड़े गये

## बिना सूचना के अनुपस्थित रहे तीन चिकित्सकों पर जारी हुआ स्पष्टीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का सोमवार रात औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डॉ एसके सिंह, मेडिकल अधीक्षक डॉ अनुकरण पूर्ति, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार और सदर अंचलाधिकारी सम्मिलित थे। निरीक्षण के क्रम में ओपीडी, लेबर रूम, इमरजेंसी वार्ड, ट्रॉमा सेंटर, गायनी ओटी, शिशु वार्ड, आर्थो वार्ड सहित अन्य वार्डों का गहनता से निरीक्षण किया गया। रात्रि रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों की उपस्थिति की जांच की गयी। इस दौरान गायनी वार्ड की चिकित्सक डॉ. विनीता, डॉ. पूजा और शिशु वार्ड के चिकित्सक डॉ. प्रकाश अनुपस्थित पाये गये। इस पर जांच टीम ने कहा कि इसकी सूचना डीसी को दी जायेगी और संबंधित चिकित्सकों से तत्काल स्पष्टीकरण की मांग की जायेगी। निरीक्षण दल द्वारा गायनी वार्ड में एक माह के दौरान हुए ऑपरेशनों की जानकारी ली गयी और ओपीडी में मरीजों के पंजीकरण रजिस्टर की भी जांच की गयी। साथ ही वार्ड बॉय, ड्रेसर, एएनएम और सुरक्षा कर्मियों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गयी। मौके पर इमरजेंसी वार्ड में हेल्थ इन्फॉर्मेशन कियोस्क को क्रियाशील बनाये रखने, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाये रखने के निर्देश दिये गये। डीसी शशि प्रकाश सिंह ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु जिले में समय-समय पर इस प्रकार के औचक निरीक्षण अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

## अधिकारियों की सात सदस्यीय टीम पहुंची विस्थापित गांव

# बड़कागांव का विकास ही लक्ष्य : रोशन लाल चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** एनटीपीसी से विस्थापित हुए ग्रामीण जो पंदनवा टांड़, पकवा, झरना, आराहरा के टीपी 5, डुमरियाटांड़, चक्रवार, बड़कागढ़ा, सिमरातरी, ऊपर डाडी, मझली डाडी के चेचाल 4 नंबर गेट के पास बसे गए है। परंतु यहां किसी भी प्रकार का कोई मूलभूत सुविधा नहीं है। इसी को लेकर चेपकला पंचायत के मुखिया सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अनिकेत नायक के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने बीते शुक्रवार को बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी को इन गांव में सभी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर ज्ञापन सोपा गया था। जिस पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से बात कर इन गांव में मूलभूत सुविधा जैसे बिजली, पानी,शिक्षा,स्वास्थ्य, सड़क इत्यादि मुहैया कराने की बात कही तत्पश्चात हजारीबाग उपायुक्त के आदेश अनुसार प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा के अगुवाई में एक सात सदस्य समिति इन विस्थापित क्षेत्र में आकर मुखिया सह आजसू नेता अनिकेत नायक के नेतृत्व में सभी गांव का भ्रमण किया तत्पश्चात चेचल में नये विद्यालय भवन बनाने के लिए स्थल चयन किया गया। साथ ही साथ एफआरए के संबंध पदाधिकारी को जमा करवा दिया गया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय जुगरा का नयी जगह भवन बनाने हेतु ग्रामीणों द्वारा स्थल चयन जुगरा के पकवा में कर लिया गया। पर संबंधित पदाधिकारी के द्वारा एफआरए की प्रक्रिया होना बाकी है। आगे उन्होंने कहा कि इसके लिए हमारे बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी का बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है उनके ही अथक प्रयास है कि आज इतना जल्दी सभी पदाधिकारी पहुंचकर गांव का निरीक्षण किया और विकास कार्य को आगे बढ़ाने की बात कही। निरीक्षण कार्य में मुख्य रूप से सहायक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल हजारीबाग, सहायक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल हजारीबाग, प्रोजेक्ट मैनेजर शिक्षा पीएसयू डीएमएफटी, प्रोजेक्ट मैनेजर स्वास्थ्य पीएसयू डीएमएफटी के अलावा अन्य अधिकारी पंचायत के मुखिया सह आजसू के केंद्रीय सचिव अनिकेत कुमार नायक और दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में 15वां नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ विराट आगाज

# हिट रहेगा इंडिया तभी तो फिट रहेगा इंडियाः मनीष जायसवाल

**विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र की 70 टीमें ले रही हैं भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद मनीष जायसवाल द्वारा संचालित सांसद खेल महोत्सव- 2025 के तहत चल रहे नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का 15 वां टूर्नामेंट का विराट आगाज +2 उच्च विद्यालय, विष्णुगढ़ खेल मैदान में हुआ। इस टूर्नामेंट में पिछले साल के मुताबिक इस साल 10 टीमें अधिक शामिल हो रही है। कुल 70 टीमें हिस्सा ले रही है। नमो फुटबॉल टूर्नामेंट, विष्णुगढ़ का उद्घाटन मैच पिपराटांड़ बनाम खरकी टीम के बीच खेला गया। खबर लिखे जाने तक दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला जारी था।

टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका में राजू रवानी, भुनेश्वर यादव, प्रकाश राणा, अवधेश सोनी और अशोक सिंह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें हैं।

उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए और फीता काटकर, मशाल जलाकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और नशा मुक्त जीवन का सामूहिक संकल्प दिलाने के साथ फुटबॉल में किक मारकर इस टूर्नामेंट का शानदार आगाज कराया। मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल का भी स्कूली बच्चियों द्वारा तिलक-चंदन लगाकर और स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अनोखे तरीके से गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया गया ।

उक्त टूर्नामेंट उद्घाटन के अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने मैदान में उपस्थित बड़ी संख्या में खिलाड़ियों और खेल प्रेमी दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि फिट रहेगा इंडिया तभी हिट रहेगा इंडिया। पीएम मोदी के इस संकल्प को साकार करने में ऐसे टूर्नामेंट निश्चित रूप से मिल का पत्थर साबित होगा।

### मौके पर ये रहे उपस्थित

उक्त अवसर पर विशेषरूप से सांसद मनीष जायसवाल के साथ पहुंचे सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, विनोद झुनझुनवाला, रंजन चौधरी, अजय कुमार साहू इंद्र नारायण कुशवाहा, जीवन मेहता, द्वारिका सिंह उर्फ. खोखा सिंह, किशोरी राणा, विशाल वाल्मीकि, जुगनू सिंह, शंकर करमाली, फुलेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, दीपू कुमार वर्णवाल, बलदेव बाबू, प्रेमचंद प्रसाद, वीरेंद्र कुमार वीरू, संतोष कुमार मंडल, मिथिलेश यादव, दामोदर प्रसाद, कृष्णा मेहता, दीपू यादव, लब्बू गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष दारू अशोक कुशवाहा, विष्णुगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल, सुखदेव रजवार, टाटीझरिया के.पी. सिंह, कटकमदाग भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार राणा, राजेश सोनी, मधुसूदन प्रसाद, मुनेश ठाकुर, रवि पांडे, सुरेश साहू, विकास यादव, कालेश्वर प्रसाद, गणेश प्रसाद, डोमन गुप्ता, गौतम भारती, राजू श्रीवास्तव, सुनील अकेला, शंकर प्रसाद वर्मन, दीपक रजक, कन्हाय यादव, प्रकाश साव, रवि पांडेय, संदीप कुमार, दीपू अकेला, विशुन साव, अनूप कशेरा, गौतम भारती, युगल पाठक, जयनाथ साव, अजय पाण्डेय, पवन गुप्ता, आशेष कुमार, मुन्ना यादव, पंकज कुमार,विक्रम आदित्य, अनिल पाण्डेय, सोनू रविदास, संदीप रविदास, नमो खेल श्रृंखला के बंटी तिवारी, जयप्रकाश, भाजपा नेत्री अंजू देवी, मुन्नी देवी, रीता देवी, आशा वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## शिवाडीह में करमा महोत्सव का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शिवाडीह खेल मैदान में झूमर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाएं-युवतियां मांदर की थाप के साथ शिक्षा, नशा पर आधारित गानों गाकर लोगों का मनमोहा। इस कार्यक्रम में कलाकार और समाज के विभिन वर्गों की सहभागिता देखने को मिली। इस करम सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत विधायक रोशन लाल चौधरी ने ढोल नगाड़े बजाकर और फीता काटकर उद्घाटन किया। कहा करम पर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान और समृद्ध परंपरा का हिस्सा है। यह समाज की एकता, संघर्ष और धरोहर की पहचान है। ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं और झारखंड की गौरवशाली लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाते हैं। आए हुए कलाकारों ने झूमर माहौल को उत्सव मय बना दिया। पीला-लाल पाड़ साड़ी और पुरुष धोती-गमछा पहनकर ढोल, मांदर और नगाड़े की थाप पर झूमते नजर आए। झूमर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवाडीह, द्वितीय स्थान ग्राम सांढ़, तृतीय स्थान ऊपर टोला शिवाडीह, और मिर्जापुर, छपेरवा, पत्थल कुदवा को पुरस्कृत किया गया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष सह मंडल सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, मुखिया सुलेखा कुमारी, सोहनलाल मेहता, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, पंसस प्रभु राम, पूर्व मुखिया भिखन महतो, महेंद्र महतो, उपेंद्र प्रसाद, शंभू सोनी, श्रीकांत निराला, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बासमती कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुखिया के खिलाफ गोलबंद हुए वार्ड सदस्य, डीसी को सौंपा पत्र




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड के करियातपुर पंचायत में मुखिया के खिलाफ वार्ड सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को बड़ी संख्या में वार्ड सदस्य डीसी कार्यालय पहुंचे और डीसी को त्यागपत्र देने की पेशकश की। दिये आवेदन में मुखिया मोदी कुमार मेहता पर गंभीर आरोप लगाये हैं। पंचायत के वार्ड सदस्यों ने सामूहिक रूप से उपायुक्त को पत्र लिखकर मुखिया मोदी कुमार पर मनमानी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाये हैं। वार्ड सदस्यों का कहना है कि निर्वाचित होने के बाद से मुखिया नियमित रूप से कार्यकारिणी और ग्राम सभा की बैठक नहीं करते। साथ ही, अबुवा आवास और प्रधानमंत्री आवास योजनाओं में लाभुकों का चयन मनमाने ढंग से किया जा रहा है और दलालों के माध्यम से अवैध वसूली की जा रही है। सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया है कि 15वीं वित्त आयोग की योजनाओं में भी धांधली हो रही है और मुखिया वार्ड सदस्यों को वित्तीय लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं कराते। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि इस संबंध में 14 मार्च 2024 को बीडीओ और प्रखंड प्रमुख को लिखित और मौखिक सूचना दी गयी थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मुखिया के कार्यों से असंतुष्ट होकर वार्ड सदस्यों ने सामूहिक त्यागपत्र का लेटर भी सौंप दिया है। सदस्यों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और पंचायती राज पदाधिकारी को भेजी है। इन आरोपों को लेकर पंचायत के मुखिया मोदी कुमार ने बताया कि सभी आरोप निराधार है। बैठक के समय सभी वार्ड सदस्यों को सूचना दी जाती है लेकिन यह सभी उपस्थित नहीं होते हैं जिसका साक्ष्य के तौर पर हमारे पास रजिस्टर का कॉपी भी है। साथ ही कहा कि मैं हर काम नियम संगत करता हूं और सभी वार्ड सदस्य को लेकर चलता हूं।

## विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मंहुगाई खुर्द पंचायत के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में झारखंड सरकार कल्याण विभाग बड़कागांव के कल्याण पदाधिकारी पंकज गुप्ता के निर्देशित 17 लड़कियों 18 लड़कों को कूल 35 साइकिल का वितरण किया गया । वितरण समारोह की अध्यक्षता मुखिया बेबी कुमारी और संचालन रंजीत कुमार सिंहा सहायक शिक्षक ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से सांसद सह प्रतिनिधि सह पंचायत समिति सदस्य कृष्ण राम के द्वारा साइकिल देकर शुरुआत किया गया। साथ ही पंचायत के मुखिया बेबी कुमारी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी और प्रधानाध्यापक पन्नालाल राम के द्वारा विद्यार्थियों को साइकिल सौंपा गया। मौके पर कृष्णा राम ने कहा कि बच्चों के लिए साइकिल बहुत जरूरी है क्योंकि बच्चों को विद्यालय आने में काफी परेशानी होती है इसलिए सरकार के द्वारा यह साइकिल वितरण कार्यक्रम बहुत ही कारगर है। शिक्षकों ने विद्यालय का जीवर्णीद्वार के लिए अपनी मांग रखें। जिस पर कृष्णा राम ने कहा कि मैं इस बारे में संसद मनीष जायसवाल से बात करूंगा। मौके पर प्रतिनिधि कृष्णा राम, मुखिया बेबी कुमारी, पंचायत समिति सुनीता देवी, प्रधानायपक पन्नालाल राम, शिक्षक दिलचंद कुमार दास, मनोज राम, सहायक शिक्षक त्रिवेणी रविदास, शोभा देवी, रंजीत प्रसाद सिंहा, मोहम्मद आफाक अहमद, रुक्मिणी देवी, संयोजिका काजल देवी, अध्यक्ष लाफिशा परवीन, पूर्व मुखिया बिगल चौधरी, गिरधारी साव,बसन्त रविदास, रसोइया मो सरिता देवी, अनीता देवी, पंचम देवी, राधा देवी और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## टाटीझरिया में धोती, साड़ी - लुंगी वितरण योजना का किया गया शुभारंभ



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी सोना-सोबरन धोती, साड़ी और लूंगी वितरण योजना का शुभारंभ मंगलवार को प्रखंड कार्यालय टाटीझरिया में किया गया। प्रमुख संतोष मंडल, बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से लाभुकों को धोती, साड़ी और लूंगी देकर वितरण योजना की शुरुआत किया। डीलर संघ के अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदार जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लाभुकों के बीच धोती, साडी व लूंगी का वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। प्रमुख एवं बीडीओ ने कहा कि सोना सोबरन योजना गरीबों के लिए सरकार का उपहार है। सरकार अपनी इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथ-साथ अनुदानित दर पर धोती, साड़ी व लूंगी योजना के तहत वस्त्र उपलब्ध करा रही है। जिसका लाभ कार्डधारियों को मिल रहा है। मौके पर कैलाशपति सिंह, पीडीएस दुकानदार अशोक गुप्ता, दीपक कुमार, डोमन भुईयां, योगेंद्र भुईयां, बलदेव प्रसाद, जीरवा देवी, मालती देवी, सुनिता देवी, रीना देवी आदि मौजूद रहे।

## राधा गोविन्द विवि में करम महोत्सव का आयोजन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में करम पूर्व संध्या पर झारखंड की संस्कृति और परंपरा के प्रतीक करम महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ करम पेड़ की डाली स्थापित कर उसका विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने सभी को प्रकृति पर्व कर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दिए और उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें सामाजिक एकता, भाईचारा और प्रकृति- प्रेम का संदेश देता है। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि कर्मा त्योहार भाई- बहन के स्नेह ,सामूहिकता की भावना और प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। इस अवसर पर छात्र- छात्राएं पारंपरिक आदिवासी झूमर नृत्य, गीत और मांदर के थाप से सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रदर्शन किया। मौके पर विश्वविद्यालय के वित और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्याता और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## किसानों को दी गयी उन्नत खेती की जानकारी



मांडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में किसान शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़गांव की मुखिया बुलबुल देवी ने किसानों को उन्नत तकनीकी अपनाकर खेती करने की सलाह दी। वहीं बारूघुटू पंचायत की मुखिया सावित्री देवी ने रासायनिक खाद का कम उपयोग करने और ऑर्गेनिक खेती की ओर बढ़ने का आह्वान किया, ताकि रसायनों के दुष्प्रभाव से लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा हो सके। प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनीता सिंह ने मिट्टी जांच, नमूना संग्रहण और विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न किसानोपयोगी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से पीएम कुसुम योजना के बारे में विस्तार से बताया और किसानों से जल्द से जल्द सीएससी केंद्र के माध्यम से आवेदन करने की अपील की, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक धर्मजीत कुमार ने खरीफ मौसम में धान की फसल पर लगने वाले कीट प्रबंधन और अत्यधिक वर्षा से होने वाले रोगों से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने जैविक और रासायनिक दवाओं के संतुलित उपयोग की सलाह दी। मौके पर जनसेवक जनार्दन गोप, पौधा संरक्षण विशेषज्ञ अरविंद कुमार लकड़ा, सहायक तकनीकी प्रबंधक संजय कुमार, गजानन सिंह, निरंजन कुमार सहित कई किसान उपस्थित थे।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने मनाया मुक्ति दिवस



कुजू (आजाद सिपाही)। भाजपा ओबीसी मोर्चा ने बोंगावार फोरलेन स्थित जेपी रेस्टोरेंट के सभागार में मुक्ति दिवस मनाया। बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति शामिल रहे। इस दौरान पार्टी के प्रेरणा पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर जगेश्वर प्रजापति ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव के निर्देश पर पूरे राज्य में मुक्ति दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि 1952 में तत्कालीन सरकार द्वारा विमुक्त घुमंतू और अर्ध घुमंतु समाजों को अंग्रेजों द्वारा थोपी गयी अपराधी जनजाति अधिनियम से मुक्त किया गया था। इसी ऐतिहासिक क्षण की स्मृति में मुक्ति दिवस मनाया जाता है। कहा कि मेरे नेतृत्व में उज्ज्वला फाउंडेशन ने गत 2021 में गठन के बाद अब तक चार हजार महिलाओ को सदस्य के रूप में जोड़कर आत्मनिर्भर दिशा में पहल करने का कार्य किया। वहीं, संस्था ने मांडू प्रखंड के विभिन्न पंचायत में दो हजार से अधिक जरूरतमंद व विकलांगों को खाद्य सामग्री व अंग वस्त्र, बुजुर्गों के बीच कंबल, कोरोना काल में मास्क, स्वच्छता किट प्रदान किया गया। वहीं, 41 पंचायतो में नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर मुफ्त में दवा वितरित किया। साथ ही, संस्था से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में सिलाई कढ़ाई व कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें संस्था की 60 महिलाएं सेवा दे रही है। बैठक में शांति देवी, वीना देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, सुमन देवी, सुमित्रा देवी, लक्ष्मी देवी, आकांक्षा देवी, रेखा देवी, रुक्मिणी देवी, टुकलाल महतो, बिनोद कुमार, श्याम प्रसाद कुशवाहा, पिंटू कुमार, डिंपल प्रजापति समेत कई लोग शामिल रहे।

## श्री दशलक्षण महापर्व के छठे दिन 'उत्तम संयम धर्म' की हुई पूजा



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। श्री दसलक्षण महापर्व के छठे दिन मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर और रांची रोड स्थित पारसनाथ जिनालय में मंगलवार को 'उत्तम संयम धर्म' की पूजा पूरे विधि विधान के साथ की गयी। 'उत्तम संयम धर्म' की विस्तृत जानकारी देते हुए पंडित निवेश शास्त्री ने बताया कि संयम का अर्थ है आत्म नियंत्रण पांच इंद्रिय और मन की प्रवृत्तियों पर अंकुश रखकर उनकी अनर्गल प्रवृत्तियों पर नियंत्रण रखना और परकाय के जीवो की विराधना उत्तम सयम धर्म है। साथ ही गुरु और शिष्य के बीच दण्ड का भी एक रिस्ता होना चाहिए। जलाभिषेक का सौभाग्य राजेंद्र जैन, राजेश चूड़ीवाल परिवार, भागचंद जैन लुहाड़िया परिवार, मनोरमा देवी, अजय जैन पाटनी परिवार, शांतिलाल जैन, राकेश पांड्या परिवार, अशोक जैन, अमित जैन परिवार और इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। इसके अलावा शांति धारा का सौभाग्य राजेंद्र जैन, राजेश चूड़ीवाल परिवार और इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं, रांची रोड जिनालय में जलाभिषेक और शांतिधारा का सौभाग्य माणिकचंद जैन परिवार को प्राप्त हुआ। संयम धर्म की विस्तृत जानकारी देते हुए जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि माया रुपी संसार में मन को स्थिर रखने के लिए कामनाभो पर नियंत्रण जरूरी है और इन्द्रियोंपर सही नियंत्रण संयम धर्म है। इस पावन पर को सुगंध पूरी सृष्टि में खुशिया बिखेरे यही मंगल कामना हम जैनेंद्र भगवान से करते हैं। साथ ही दशलक्षण माह पर्व के सातवें दिन उत्तम सगा धर्म की पूजा होगी। उपरोक्त जानकारी दिगंबर जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

## कुएं में डूबने से किशोर की मौत

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बहेरी गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां कुएं में नहाने के दौरान एक 16 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा है। मृतक अशोक लाल का पुत्र 16 वर्षीय गुलाबी कुमार है। परिजनों के अनुसार वह कुएं में नहाने गया था, लेकिन पानी की गहराई का अंदाजा न होने के कारण वह डूब गया। सूचना मिलते ही हंटरगंज पुलिस और कोबना पंचायत के मुखिया बबलू कुमार मौके पर पहुंचे। घंटों की मशक्कत और पंप चलाकर कुएं का पानी खाली करने के बाद शव को बाहर निकाला जा सका। मुखिया बबलू कुमार ने स्वयं कुए में उतरकर शव निकालने में मदद की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### डीसी ने की नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति (एनकॉर्ड) की बैठक

# जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए कदम उठायें अधिकारीः उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति (एनकॉर्ड) की बैठक किया। इस दौरान सर्वप्रथम स्थापना उप समाहर्ता सह प्रभारी सामान्य शाखा पदाधिकारी रीना कुजूर ने डीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

**नशे के व्यापार से जुड़े सम्मिलित लोगों पर करें कड़ी कार्रवाई :** जिले में युवाओं को नशे की लत से बचाने और नशे के व्यापार में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर डीसी ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान डीसी ने पूरे जिले में योजनाबद्ध तरीके से दवा दुकानों आदि में सघन जांच अभियान चलाने और वैसी सभी दवाएं जिनका इस्तेमाल नशे के लिए किया जा सकता हो पर विशेष निगरानी रखते हुए दावों की बिक्री स्टॉक आदि से संबंधित प्रतिवेदन नियमित रूप से ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में नारकोटिक्स के विरुद्ध किये गये सराहनीय प्रयासों के उदाहरण के माध्यम से भी सभी अधिकारियों को जागरुक करते हुए इस दिशा में कार्य करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

**सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त लाइट और निगरानी करें सुनिश्चित**

रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों में रात्रि के समय असामाजिक तत्वों, युवाओं आदि द्वारा नशे का प्रयोग करने पर विशेष संज्ञान लेते हुए बैठक के दौरान डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने आवश्यकता अनुसार वैसे सभी सार्वजनिक स्थलों अन्य स्थलों पर निगरानी, पर्याप्त लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही डीसी ने इसके लिए नियमित निगरानी, सीसीटीवी कैमरों आदि की उपलब्धता पर अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

बैठक के दौरान डीसी ने रामगढ़ जिले को नशा मुक्त बनाने और युवाओं को नशे से बचाने को लेकर सभी विभागों को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने इसके लिए गंभीरता पूर्वक कार्य करने, रोस्टर तैयार करने तथा रोस्टर के आधार पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

**नशीली पदार्थो के विरुद्ध व्यापक जांच अभियान चलाने का निर्देश :** बैठक के दौरान डीसी ने जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को विद्यालयों के 100 मीटर परिधि में नशीली पदार्थों के विरुद्ध व्यापक जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने दोषी पाये जाने वाले दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## बोल्डर लदे 12 हाइवा जब्त



चतरा (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन ने अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 हाइवा बोल्डर से लदा हुआ जब्त किया है। यह कार्रवाई उपायुक्त कीर्तिश्री के निर्देश पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार के नेतृत्व में चतरा-गया एन एच 22 मुख्य सड़क स्थित वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के पखा पुल के पास की गयी। जब्त वाहनों को वशिष्ठ नगर थाना में रखा गया। जब्त हाइवा की कागजातों की मांग किया गया है। जिसे जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। छापामारी टीम में चतरा एसडीओ जहूर आलम, सिमरिया एसडीओ सन्नी राज, जिला खनन पदाधिकारी मनोज मुंडा, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन निरीक्षक राजेश हसदा, हंटरगंज अंचलाधिकारी ऋतिक कुमार, वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह शामिल थे।

## पंचायत सचिव नकुल यादव को दी गयी विदाई



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के पंचायत सचिव नकुल यादव के अवकाश ग्रहण करने के बाद सोमवार को वर्किंग हाल में समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। विदाई कार्यक्रम में सीओ मनोज कुमार चौरसिया ने नकुल यादव को फूल माला पहनाया और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की व स्वस्थ जीवन के लिए कामना की। इस अवसर पर सहकर्मी पंचायत सचिवों ने कई उपहार भेंट की। मौके पर प्रधान सहायक चितरंजन कुमार बीपीआरओ ब्रह्मानंद पाठक, प्रभारी एमो सुमित कुमार, जेएई प्रवीण, बीपीओ महेश कुमार, मुखिया गिरजेश कुमार कमलेश कांत रंजन, चंद्रपाल महतो, रवि रंजन, सहजाद आलम, प्रिया कुमारी, राजेंद्र महतो, झमन महतो, रुकैया परवीन, ममता कुमारी, सपना विश्वकर्मा, सविता कुमारी, सावित्री कुमारी, ढलन साव, फिलमिनो टोप्पो, अनीता कुजूर सहित प्रखंड व अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

# दिगवार में स्थिति सामान्य, दोनों पक्षों की ओर से दो मामले दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



कुजू। रामगढ़ पुलिस-प्रशासन की सक्रियता से दिगवार में दो समुदाय के बीच मामूली विवाद से उत्पन्न तनाव मंगलवार को समाप्त हो गया। क्षेत्र में फिर सेअमन शांति बहाल हो गयी। जहां पूर्व की भांति दिगवार चौक और आसपास के क्षेत्रों में अन्य दिनों की तरह बाजार खुले रहे और लोगों का आवागमन जारी रहा। वहीं, स्कूली बच्चे भी बेखौफ होकर स्कूल जाते दिखे। इधर, एसडीएम अनुराग तिवारी के निर्देश पर एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में सोमवार की देर शाम फ्लैग मार्च निकाला गया। जहां दोनों समुदायों के लोगों से आपसी सद्भावना बनाये रखने की अपील की गयी।

दिगवार में मामूली विवाद को लेकर हुए मारपीट, पथराव, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोनों समुदाय ने एक दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। वहीं, कुजू ओपी पुलिस ने मिले आवेदन के आधार पर नामजद 102 लोगो समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर तलाशी अभियान शुरू कर दी है। इधर, दिगवार निवासी नरेश महतो पिता हितलाल महतो ने 38 लोगों के खिलाफ नामजद और अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कराया है। जिसमें मुख्य आरोपी दिगवार के बशीर अंसारी पिता महुउद्दीन अंसारी, तौसीफ असारी, आसिफ अंसारी और अकीप अंसारी (सभी के पिता बशीर अंसारी) समेत 38 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं, गांव के ही बशीर अंसारी पिता महुउद्दीन अंसारी ने दिगवार के विनोद कुमार उर्फ महान पिता भरत नारायण महतो, नरेश महतो पिता हितू महतो को मुख्य आरोपी बनाते हुए नामजद 64 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# झोलाछाप डॉक्टर ने ली एक और मरीज की जान

आजाद सिपाही संवाददाता

हंटरगंज/ चतरा। जिले में में झोलाछाप डॉक्टर ने एक और मरीज की जान ले ली । तीन दिनों के अंदर झोला छाप डॉक्टर ने तीन मरीजों की जान ले लिया। ताजा मामले में हंटरगंज थाना क्षेत्र के सलवार गांव के धर्मेंद्र यादव की 20 वर्षीय पत्नी मंजू देवी की मौत हो गई है। बताया जाता है कि ऑपरेशन के बाद गर्भवती महिला ने नवजात बच्चा को जन्म दिया था। जन्म के बाद महिला की हालत बिगड़ती गयी। जिसके बाद आनन फानन में झोलाछाप डॉक्टर ने मरीज को इलाज के लिए पटना ले गया। जहां उनकी मौत हो गयी। सोमवार की रात 10 बजे मृतका का शव हंटरगंज लाकर छोड़ दिया। झोला छाप डॉक्टर क्लिनिक छोड़ कर फरार हो गया है। वह बिहार के रहने वाला है। इधर पुलिस मामले की जांच कर रही है। रात भर शव के साथ परिजन क्लिनिक के बाहर बैठे रहे। मंगलवार की सुबह गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम को हटवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। छोलाछाप डॉक्टर बिहार प्रदेश के शेरघाटी थाना क्षेत्र के नक्लूपा गांव के रामधीर यादव और आमस थाना क्षेत्र के मसुरीबार गांव का सुनील यादव और सेलवार गांव का विकेश यादव है। छोलाछाप हंटरगंज के नावाडीह में जीवन रेखा नाम के क्लिनिक चलाता है। इसी क्लिनिक में महिला का ऑपरेशन किया गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गलत इलाज से चतरा में एक बच्चे की मौत

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के डेमडेम नावाडीह गांव में झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से एक 4 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक बच्चा मनोज पासवान का 4 वर्षीय पुत्र ऋषि कुमार है। ऋषि कुमार को सोमवार की सुबह पेट में दर्द हुआ था। इसके बाद उसे सलैया गांव के रहने वाले झोलाछाप डॉक्टर प्रदीप विश्वकर्मा के पास ले जाया गया। जहां प्रदीप विश्वकर्मा ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगाते ही स्थिति गंभीर हो गई। बच्चा को आनन फानन में मगध मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के द्वारा शिकायत किए जाने के बाद पुलिस गांव पहुंची और मामले की जानकारी लिया। झोलाछाप डॉक्टर फरार है।**

# बोकारो का एक अधिकारी का है जब्त 51 लाख रुपया

**ड्राइवर और बड़ा बाबू लेकर जा रहे थे पैसा, पुलिस ने डीवीसी के पास किया था बरामद**

**अधिकारी ने आयकर विभाग को जमीन बेचने से संबंधित बात बताया**

**गोला थाना में आयकर विभाग ने दिनभर की नोटों की गिनती**

आजाद सिपाही संवाददाता



गोला। गोला पुलिस द्वारा जब्त किये गये 51 लाख रुपये की गिनती मंगलवार को आयकर विभाग की टीम ने की। आयकर विभाग की टीम अपने साथ नोट गिनती करने का मशीन लेकर थाना पहुंची थी। नोट गिनती के दौरान लोगों का आना-जाना थाना में बंद कर दिया गया था। बताया गया कि गिनती के दौरान आयकर विभाग ने पांच सौ के नोट 102 बंडल, दस हजार दो सौ पीस पाया गया। रामगढ़ इनकम टैक्स ऑफिसर अलोक कुमार श्रीवास्तव ने थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप को इतनी नोटों की लिखित जानकारी दी हैं । साथ ही सुरक्षा देकर रामगढ़ नोटों को भेजने में मदद की अपील की। सुरक्षा के बीच नोटों को रामगढ़ ले जाया गया। आयकर अधिकारी ने थाना प्रभारी को यह भी बताया कि जब्त 51 लाख रुपयों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रामगढ़ शाखा में जमा कर दिया गया है। इधर बताया गया कि पुलिस द्वारा जब्त 51 लाख रुपये बोकारो के एक बड़े अधिकारी का है। पैसा उनका ड्राइवर और बड़ा बाबू लेकर बोकारो जा रहे थे।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन को चेक किया तो भारी मात्रा में पैसे मिले। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बोकरो का एक अधिकारी ने आयकर विभाग को अपना जमीन बिक्री का पैसा बताया हैं। उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त की रात को रात्रि गस्ती में एस आई रंजन ओझा थे।वाहन चेकिंग के दौरान एक महंगे कार से कई नोटों का बंडल पुलिस को मिला। पुलिस ने पैसो के सम्बन्ध में वाहन में बैठे दो लोगों से पूछताछ किया। दोनों लोगों ने पुलिस के समक्ष स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए। इसके बाद पुलिस ने वाहन और नोट को जब्त कर लिया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, टाटानगर द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है। निविदा निर्धारित तारीख को **दोपहर 2:00 बजे** बंद कर दी जाएगी। **ई-निविदा सूचना सं.: एसईआर-डीसीई-सीओएन-टीएटीए-04-2025, दिनांक: 20.08.2025।** **कार्यों का संक्षिप्त विवरण:** उप मुख्य अभियंता/निर्माण/टाटानगर के अधिकार क्षेत्र के अधीन टाटानगर में नए कार्यालय भवन (जी + 2) का निर्माण तथा ओआरएच का विस्तार, बादामपहाड़ (बीएमपीआर) में 08 अदद टाइप-II क्वार्टरों तथा केंदुझारगढ़ (केडीजेआर) स्टेशन पर 04 अदद टाइप-II क्वार्टरों का निर्माण सहित विद्युतीय, संकेत एवं दूरसंचार कार्य तथा अन्य आनुषंगिक कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 14.13 करोड़। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 8,56,400। **पूरा करने की अवधि:** 18 महीने। **बंद होने की तारीख:** 12.09.2025। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं।
(PR-587)


# केबी प्लस टू उवि लारी और डॉ एस राधाकृष्णन बीएड कॉलेज में खुशी क्लास का आयोजन

**आपके मुस्कुराते ही आपका व्यक्तित्व व परिवार खिलखिला उठता है : संजय प्रभाकर**

**सुखी व खुश के अंतर को समझना होगा : बसंत हेतमसरिया**

**खुश रहना, खुशी रखना शुभंकर मंत्र है अपना : डॉ संजय**

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। प्रसन्नम भवः खुशी का मंत्र है अपना, खुश रहना, खुशी रखना शुभंकर मंत्र है अपना। इसी उदघोष के साथ केबी प्लस टू उवि लारी में 524 वां और डॉ एस राधा कृष्णन बीएड कॉलेज 525 वां खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल रांची व खुशी क्लास के तत्वावधान में आयोजित केवी में खुशी क्लास की अध्यक्षता प्राचार्य राजदीप कुमार महतो ने किया। संचालन राजू मंडल व धन्यवाद ज्ञापन निशा कुमारी ने किया। डॉ एस राधाकृष्णन में अध्यक्षता सचिव संजय प्रभाकर, संचालन प्रो नयन कुमार मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य सुशील उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों को अंगवस्त्र और पुष्प देकर सम्मानित किया गया।

**सुख और खुशी के अंतर को समझना होगाः** खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए बसंत हेतमसरिया ने कहा कि सुख और खुशी के अंतर को समझना होगा। सुख भौतिक संसाधन से मिलेगा, पर इससे खुशी भी मिल जाये, यह जरूरी नहीं है। खुशी आपके अंतर्मन की अभिव्यक्ति है। खुद को पहचान कर, खुले दिल से जब आप सकारात्मक भाव से आगे बढ़ते हैं, खुशियां स्वतः आपके पास आ जाती है। बीएड कॉलेज के संजय प्रभाकर ने कहा कि प्रकृति से जब आप खुद को जोड़ लेते हैं, तब आपमें जो मेरे पास है वो पर्याप्त है ; का भाव आ जाता है। दूसरों की चकाचौंध आपको प्रभावित नहीं करती। बस यहीं से खुशियों का श्रोत्र आपमें फूटने लगता है।

**खुशी क्लास का प्रयास अनूठा है :** बीएड कॉलेज के प्राचार्य सुशील उपाध्याय व केवी के प्राचार्य राजदीप सर ने कहा कि खुशी क्लास का प्रयास अनूठा है। मैं अपनी जिंदगी में दिल को छूने वाला इस तरह का कार्यक्रम नहीं देखा। खुशी क्लास बच्चों में जबरदस्त ऊर्जा भरती है। खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव में रहकर हम कभी भी मंजिल पा ही नहीं सकते। तनाव ही जिंदगी को बोझिल कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करता है। इससे हम खुश रहकर ही लड़ सकते हैं। अभी समाज में 8.97 प्रतिशत आत्महत्या का रेसयू हो गया है। खुशी क्लास आत्महत्या की इसी प्रवृत्ति के साथ तनाव से लड़ने के लिए खुशी रथ लेकर पूरे झारखंड के लिए निकली है। खुद को सकारात्मकता में ढालकर ही हम खुशी को पा सकते हैं। और बस यही खुशी हमें तनाव से उबार देती है। अंत में दोनों जगह छात्रों सहित स्कूल परिवार खुशी दूत बनकर तनावमुक्त जिंदगी जीने का संकल्प लिया।

## शपथ पत्र



As per Affidavit Ref. No. 6337 date 11.08.2025, I GUDIYA DEVI W/O Teklal Kumar Mahto aged about 26 yrs, by faith Hindu, by profession Cultivation, by Nationality Indian, R/o At- Govindpur, P.O- Sondimra, P.S-Barlanga, Distt- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under :-

1. That my actual and correct name is GUDIYA DEVI which has been mentioned in may UID card vide No.958699724287.
2. That due to mistake my name is GUDIYA KUMARI has been mentioned in my Bank Passbook of Bank of India branch Bantara bearing A/c no. 489718210004919.
3. That GUDIYA DEVI and GUDIYA KUMARI both name are same and one person i.e. myself.
4. That this affidavit is required for authority concerned

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्रम संख्या: 48, दिनांक - 04/08/2025 मैं, कविता राणा Kavita Rana **उर्फ** पार्वती कुमारी पति श्री राजेश कुमार राणा, पिता-श्री मीतु राणा उम्र करीब 40 वर्ष, धर्म हिन्दू, पेशा गृहिणी, राष्ट्रीयता भारतीय, वर्तमान निवासी ग्राम पोस्ट-गौरिया करमा, थाना-बरही, जिला-हजारीबाग मूल निवासी ग्राम पुरनाडीह, पोस्ट- ढाबथाम, थाना चंदवारा, जिला- कोडरमा राज्य- (झारखण्ड) का शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ जो इस प्रकार है:-

1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित स्थान की निवासी हूँ तथा मेरा आधार नं0-7464 8474 8880 है। 2. यह कि मेरा मूल नाम कविता राणा Kavita Rana जबकि मैं पार्वती कुमारी (Parwati Kumari) के नाम से जानी पहचानी जाती हूँ। 3. यह कि स्कूल में मेरा नाम पार्वती कुमारी अंकित है, जबकि मेरे आधार नं0- में मेरा नाम कविता राणा Kavita Rana है। 4. यह कि कविता राणा Kavita Rana उर्फ पार्वती कुमारी (Parwati Kumari) दोनों एक ही युवती का नाम है, जो मैं ही हूँ।
5. यह कि मैंने यह शपथ पत्र अपने स्कूल सर्टिफिकेट में अपना मूल नाम कविता राणा अंकित कराने के लिए बनायी हूँ। 6. यह कि कंडिका 01 से लेकर 05 तक की सारी बातें सत्य वो सही है, गलत पाए जाने पर इसकी सारी जिम्मेवारी मेरी होगी।

# स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन

बिहार में चुनाव आयोग की ओर से शुरू की गयी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) की प्रक्रिया लगातार चर्चा में है। जहां एक तरफ इसे लेकर शुरू की गयी कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा सोमवार को पटना में विपक्षी नेताओं की रैली के साथ समाप्त हुई, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर नये आदेश जारी किये। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह पूरा प्रकरण आखिरकार कैसा मोड़ लेगा और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव पर किस तरह का असर डालेगा।

**विपक्षी नेताओं की रैली :** वोटर अधिकार यात्रा के समापन के मौके पर आयोजित रैली में विपक्षी नेताओं ने जो कुछ कहा, उससे स्पष्ट है कि चुनाव आयोग की ओर से शुरू की गयी इस प्रक्रिया के औचित्य को लेकर वे अभी आश्वस्त नहीं हैं। इस रैली में भी राहुल गांधी समेत तमाम वक्ताओं ने कथित वोट चोरी का मुद्दा उठाते हुए चुनाव आयोग को आरोपों के दायरे में शामिल रखा। इससे यह साफ हो गया है कि अगर विपक्षी नेताओं को भरोसे में लेने की कोई कारगर पहल चुनाव आयोग और सरकार की तरफ से नहीं होगी, तो यह मुद्दा उठता रहेगा।

**कोर्ट में सुनवाई :** सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई का जहां तक सवाल है, तो वहां भी विपक्षी दल और चुनाव आयोग एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाते नजर आये। जहां विपक्षी दलों के वकील इस प्रक्रिया की खामियों की ओर कोर्ट का ध्यान दिलाते रहे, वहीं चुनाव आयोग के वकील ने साफ शब्दों में कहा कि समस्या इस प्रक्रिया में नहीं, बल्कि माइंडसेट में है। उनके मुताबिक दूसरे पक्ष की मानसिकता ही खोट निकालने की हो गयी है।

**वोटर अधिकार यात्रा के समापन के मौके पर आयोजित रैली में विपक्षी नेताओं ने जो कुछ कहा, उससे स्पष्ट है कि चुनाव आयोग की ओर से शुरू की गयी इस प्रक्रिया के औचित्य को लेकर वे अभी आश्वस्त नहीं हैं।**

**भरोसे की कमी :** सुप्रीम कोर्ट ने ठीक कहा कि असल सवाल भरोसे की कमी का है। संभवतः देश में पहली बार ऐसा हुआ है कि चुनाव आयोग जैसी एक संवैधानिक संस्था इस तरह से विपक्षी दलों के निशाने पर आ गयी है कि सुप्रीम कोर्ट तक को कहना पड़ रहा है दोनों पक्षों का एक-दूसरे पर अविश्वास ही विवाद की जड़ है। इसीलिए शीर्ष अदालत ने बिहार विधि सेवा अधिकारियों से पैरा लीगल वॉलंटियर्स तैनात करने को कहा है। ये वोटरों और राजनीतिक दलों को ऑनलाइन शिकायत करने में मदद करेंगे और अपनी गोपनीय रिपोर्ट जिला जजों को सौंपेंगे, जिन पर आगे विचार किया जायेगा।

**आगे की राह :** इसमें दो राय नहीं कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले को यथासंभव उपयुक्त ढंग से आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन यह देखना बाकी है कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया में सभी पक्षों का विश्वास जीतने और सभी योग्य मतदाताओं की आशंकाएं दूर करने में किस हद तक कामयाब हो पाता है।

**अभिमत आजाद सिपाही**

**करम परब इसी जीवन दर्शन की झलक दिखाता है, क्योंकि इसमें करम वृक्ष की पूजा की जाती है। आदिवासी समाज मानता है कि करम वृक्ष जीवन, ऊर्जा और खुशहाली का प्रतीक है। करम डाली को घर लाने से समृद्धि आती है और गांव में सुख-शांति बनी रहती है। यही कारण है कि हर साल भादो मास में, यह पर्व बड़े उल्लास से अखड़ा में पहान पुजार द्वारा पूजा अर्चना कर मनाया जाता है। करम परब केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह सामुदायिक एकजुटता और सामाजिक भाईचारे का पर्व है।**

# सामुदायिक एकता और प्रकृति के संरक्षण का प्रतीक है करम परब



**सोनू खलखो**

झारखंड की पहचान उसकी धरती, जंगल, नदिया और यहां की आदिम संस्कृति से है। यही कारण है कि यहां के लोग अपनी परंपरा और प्रकृति को पर्व के माध्यम से संजोए रखते हैं। इन्हीं पर्वों में से एक है करम परब, जिसे झारखंड के साथ-साथ छत्तीसगढ़, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और बिहार के आदिवासी समुदाय बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते, सामुदायिक एकता और प्रकृति के संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। करम परब की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह पर्व सीधे-सीधे प्रकृति और उसके उपहारों से जुड़ा हुआ है।

आदिवासी जीवन पद्धति सदियों से जंगल, नदी और पहाड़ों के इर्द-गिर्द घूमती रही है। उनका रहन-सहन, खान-पान, गीत-संगीत और पूरी संस्कृति प्रकृति पर आधारित है। खेतों में धान की बुवाई, वर्षा के आगमन और फसलों की उन्नति उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। करम परब इसी जीवन दर्शन की झलक दिखाता है, क्योंकि इसमें करम वृक्ष की पूजा की जाती है। आदिवासी समाज मानता है कि करम वृक्ष जीवन, ऊर्जा और खुशहाली का प्रतीक है। करम डाली को घर लाने से समृद्धि आती है और गांव में सुख-शांति बनी रहती है। यही कारण है कि हर साल भादो मास में, यह पर्व बड़े उल्लास से अखड़ा में पहान पुजार द्वारा पूजा अर्चना कर मनाया जाता है। करम परब केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह सामुदायिक एकजुटता और सामाजिक भाईचारे का पर्व है। गांव की महिलाएं, पुरुष और युवक युवतियां गीत गाती हैं, नृत्य करती हैं। युवाओं की टोली ढोल, नगाड़ा और मांदर की थाप पर पूरी रात नाचती-गाती है। यह दृश्य न सिर्फ मन को मोह लेता है, बल्कि यह भी बताता है कि आदिवासी समाज का जीवन किस हद तक सामूहिकता और साझेदारी पर आधारित है।

**जब तक हम इस रिश्ते को संतुलित बनाये रखेंगे, तब तक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी।**



**करम परब केवल एक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि यह पहचान और अस्मिता का प्रतीक भी है। आदिवासी समाज की सबसे बड़ी ताकत यही रही है कि उन्होंने आधुनिकता के दबाव के बावजूद अपनी परंपराओं और संस्कृति को बचा कर रखा है। यह पर्व हमें यह एहसास कराता है कि जब तक हम अपनी जड़ों से जुड़े रहेंगे, तब तक हमारी संस्कृति और समाज जीवंत रहेंगे।**

खेतों में काम हो, पर्व हो या दुख-दर्द की घड़ी, आदिवासी समाज हर स्थिति का सामना सामूहिक शक्ति से करता है। करम परब इसी एकता की झलक है।

इस पर्व का पर्यावरणीय महत्व भी अत्यंत गहरा है। करम वृक्ष की पूजा कर आदिवासी समाज यह संदेश देता है कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। बिना प्रकृति के मानव जीवन की कल्पना अधूरी है। यह दर्शन आज पूरे विश्व के लिए अनुकरणीय है। जब वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियाँ सामने हैं, तब आदिवासी समाज द्वारा सदियों से किए जा रहे प्रकृति संरक्षण के प्रयास हमें नई दिशा दे सकते हैं। करम परब यह सिखाता है कि विकास और आधुनिकता के बीच भी हमें अपनी जड़ों और प्रकृति से जुड़े रहना चाहिए।

करम परब के अवसर पर गांवों में जतरा का आयोजन भी होता है। जिसे करम इंद जतरा कहा जाता है इस जतरा में लोग एक-दूसरे से मिलते हैं, अपने सुख-दुख साझा करते हैं और स्थानीय कला एवं शिल्प का आदान-प्रदान होता है। लोक कलाकार अपनी प्रतिभा दिखाते हैं, वहीं किसान अपनी पैदावार का लेन-देन करते हैं।

इस प्रकार यह पर्व स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देता है। करम परब आदिवासी समाज की सांस्कृतिक धरोहर है, लेकिन अब यह धीरे-धीरे शहरी क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना चुकी है। रांची, जमशेदपुर, बोकारो जैसे शहरों में भी करम महोत्सव धूमधाम से मनाया जाने लगा है। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राएं करम नृत्य प्रस्तुत करते हैं और इसे सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनाते हैं।

करम परब केवल एक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि यह पहचान और अस्मिता का प्रतीक भी है। आदिवासी समाज की सबसे बड़ी ताकत यही रही है कि उन्होंने आधुनिकता के दबाव के बावजूद अपनी परंपराओं और संस्कृति को बचा कर रखा है। यह पर्व हमें यह एहसास कराता है कि जब तक हम अपनी जड़ों से जुड़े रहेंगे, तब तक हमारी संस्कृति और समाज जीवंत रहेंगे।

आज आवश्यकता है कि करम परब जैसे पर्वों को सिर्फ एक अनुष्ठान तक सीमित न रख कर इसके व्यापक संदेश को आत्मसात किया जाये। आदिवासी समाज प्रकृति का जितना सम्मान करता है, अगर वही भाव हर समाज में आ जाए तो जलवायु संकट, वनों की कटाई और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याओं से निपटना कहीं आसान हो जायेगा।

करम परब इस बात का प्रमाण है कि आदिवासी संस्कृति केवल नृत्य, गीत और पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें जीवन जीने की एक गहरी फिलॉसफी छिपी हुई है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि इंसान और प्रकृति का रिश्ता अविभाज्य है। जब तक हम इस रिश्ते को संतुलित बनाये रखेंगे, तब तक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी। यही करम परब का सबसे बड़ा संदेश है।

## कोल्हान की खबरें

### 50 नवनियुक्त सहायक आचार्य को डीसी और डीडीसी ने प्रदान किये नियुक्ति पत्र



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिला (जमशेदपुर) में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (गणित/विज्ञान, कक्षा 6 से 8) के कुल 55 पदों पर राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति की गयी है। इसी क्रम में समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 50 नवनियुक्त सहायक आचार्य को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं उप विकास आयुक्त नागेन्द्र पासवान द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले के 5 सहायक आचार्य को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। समाहरणालय में आयोजित कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम चंद्रजीत सिंह एवं जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय उपस्थित रहे। उपायुक्त ने नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज और सरकार की कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा हमारे बच्चों के भविष्य को दिशा देने में आपकी भूमिका अतुलनीय है। आप अपनी प्रतिभा का सही उपयोग करें। प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जायेगा। शिक्षक से अधिक महत्वपूर्ण कोई कार्य नहीं है। आप बच्चों को सही मार्ग दिखा सकते हैं। उप विकास आयुक्त ने कहा कि यह आप सभी के जीवन का नया अध्याय है। व्यक्तिगत और प्रोफेशनल जीवन के बीच संतुलन बनाते हुए आप बेहतर से बेहतर योगदान दें।

### बिरसानगर में कुड़मी समाज की बैठक, कृष्णा महतो हत्याकांड की निष्पक्ष जांच करने की मांग



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बिरसानगर जोन नंबर 11 में विनय महतो की अध्यक्षता मे कुड़मी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। मंगलवार को बैठक का प्रारंभ समाजसेवी कृष्णा महतो को श्रद्धांजलि अर्पित कर व दो मिनट का मौन रख कर किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कृष्णा महतो की हत्या सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। समाज के बड़े भाई प्रकाश महतो ने आरोप लगाया हत्या के मुख्य अभियुक्त राजेश महतो की मां कुंता देवी पिछले एक वर्ष से लापता हैं। इस संबंध में बिरसानगर थाना में गुमशुदगी का सनहा 6 जून 2025 को दर्ज कराया गया था। कृष्णा महतो के पास इस मामले से जुड़ी ठोस जानकारी और वीडियो था।जिसके चलते उनकी हत्या की गयी। वक्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया हत्या के बाद कृष्णा महतो पर झूठा आरोप लगाया गया उन्होंने किसी की पत्नी का वीडियो बनाया था, जबकि यह निराधार और बेबुनियाद है। स्थानीय बस्तीवासियों ने भी बीते दिनों बैठक कर इन आरोपों को नकार दिया था। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कुड़मी समाज जल्द ही जिले के पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर हत्याकांड की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन मुनेश्वर महतो ने की। इस अवसर पर प्रणव महतो, दीपक महतो, टिंकू महतो, नीरानंद महतो, जगत महतो, प्रकाश महतो, सूरज महतो, नमिता महतो, रानी महतो, गीता महतो, शीला तंतुबाई सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### झामुमो विधानसभा स्तरीय बैठक में शामिल हुए स्व. रामदास सोरेन के पुत्र

# पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, निभायेंगे, पिता के अधूरे कार्यों को करेंगे पूरा : सोमेश चंद्र सोरेन

**कार्यकर्ताओं से उप चुनाव की तैयारी में जुटने का हुआ आह्वान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**घाटशिला।** घाटशिला। झारखंड मुक्ति मोर्चा घाटशिला विधानसभा स्तरीय बैठक माझी परगाना माहाल भवन में विधानसभा प्रभारी जगदीश भकत की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। मंगलवार को बैठक में मुख्य अथिति स्व. रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन उपस्थित रहे। विधानसभा स्तरीय बैठक का शुभारंभ स्व. रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। सभा के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक ही सुर में कहा कि स्व. रामदास सोरेन के अधूरे कार्यों और जनहित के सपनों को अब उनके पुत्र सोमेश सोरेन पूरा करेंगे। मौके पर वक्ताओं ने घाटशिला के सर्वांगीण विकास के लिए झामुमो के संकल्प को दोहराया। सोमेश सोरेन ने भावुक होकर बोले मेरे बाबा स्व. रामदास सोरेन का जीवन पूरी तरह झारखंड और झारखंडियों के नाम समर्पित रहा। अब उनकी राह पर चल कर उनके सपनों को साकार करना ही मेरा संकल्प है। पार्टी उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपेगी, उसे पूरी ईमानदारी से निभायेंगे। श्री सोरेन ने कहा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के सहयोग से ही घाटशिला का विकास एवं जनहित के लिए निरंतर कार्य संभव होगा। उन्होंने कहा कि बैठक कोई राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि स्व. रामदास सोरेन के अधूरे सपनों को साकार करने की एक मंच और शपथ सभा है। इस मौके पर झामुमो नेता सत्यजीत कुंडू, भरत मुर्मू, संजीवन पातर, कान्हु टुडू, गौरांग माहली, चेतन मुर्मू, विक्रम टुडू, सुखलाल हांसदा, वकील हेंब्रम, रतन महतो समेत कई वक्ताओं ने स्व. रामदास सोरेन की जनता के प्रति सरल सभाव और उच्च स्तरीय सोच की परिकल्पना करते हुए अपने विचार रखे। इसके अलावा चार प्रखंडों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, जिला संयोजक बागराय मार्डी, केंद्रीय सदस्य कान्हु सामंत, वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी रामदास हांसदा, महिला मोर्चा की सुशीला टुडू, महिला नेत्री गीता माहली, छाया रानी भकत, बेलोबोती मुर्मू, मरिया दास, फुलमनी टुडू सहित हजारों हजार की संख्या में कार्यकर्ता एवं झामुमो समर्थक शामिल रहे।

### एकलव्य विद्यालयों में चयनित छात्रों को अब तक नहीं मिला प्रवेश

# अभिभावकों ने डीडीसी को सौंपा मांग पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के ग्रामीण प्रखंड डुमरिया, पटमदा, बहरागोड़ा, धालभूमगढ़ और घाटशिला में संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए चयनित छात्र-छात्राओं को अब तक विद्यालय में नहीं बुलाया गया। इससे अभिभावकों में गहरी नाराजगी और निराशा व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार चयनित छात्रों का नामांकन पूरा कर 15 नवंबर 2024 को उन्हें धनबाद जिले के टुंडी प्रखंड स्थित एकलव्य विद्यालय में बुलाया गया था, जहां 28 अप्रैल 2025 तक कक्षाएं चलीं। इसके बाद 29 अप्रैल से 10 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया। अवकाश के बाद अभिभावकों को सूचित किया गया छात्रों को अब डुमरिया नंगलासा और पोटका स्थित विद्यालयों में भेजा जायेगा। लेकिन बीते 11 जून से अब तक बच्चों को विद्यालय में प्रवेश के लिए नहीं बुलाया गया, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। मंगलवार को विमल बैठा के नेतृत्व में अभिभावकों ने जनता दरबार में लिखित आवेदन डीडीसी को सौंपा। इस दौरान डीडीसी ने आश्वासन दिया विद्यालय 15 सितंबर तक चालू हो जायेंगे। वही अभिभावकों का कहना है अगस्त में भी यही आश्वासन दिया गया था, लेकिन विद्यालय शुरू नहीं हुए। अभिभावकों का स्पष्ट कहना है बच्चों का भविष्य दांव पर है और इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने कहा यदि 15 सितंबर तक विद्यालय नहीं खुलते हैं, तो वे बच्चों के साथ भूख हड़ताल पर बैठने को विवश होंगे।

### नारभेराम हंस राज स्कूल में विहंगम योग कल, संत विज्ञानदेव महाराज देंगे प्रवचन



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। विहंगम योग संस्थान द्वारा आयोजित 102वां समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। चार सितंबर को बिष्टुपुर के नारभेराम हंस राज स्कूल के सभागार में संध्या 5 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें संस्थान के सद्‌गुरु उत्तराधिकारी संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज पधारेंगे। मानव जीवन में विहंगम योग की आवश्यकता पर प्रकाश डालेंगे। संस्थान के सलाहकार नगीना सिंह ने बताया 25-26 नवंबर को वाराणसी में आयोजित होनेवाले महोत्सव के तहत 25 हजार कुंडीय वैदिक महायज्ञ भी संपन्न होगा। महोत्सव के निमित्त संत विज्ञानदेव देशभर में जनजागरण अभियान चला रहे हैं। उन्होंने 1 से 7 सितंबर तक झारखंड प्रवास पर रहेंगे। 4 सितंबर को वे रामगढ़ से सीधे जमशेदपुर पहुंचेंगे और अगले दिन रांची के लिए प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी सह संयोजक सरायकेला शंभू पंडित, पूर्वी सिंहभूम संयोजक विजेंद्र उपाध्याय रवि सिंह,रोहित कुमार, संदीप रंजन, महावीर विद्यार्थी, नागेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा, एनके सिंह, कुबेर शर्मा समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### रेलवे सिविल डिफेंस के इंस्पेक्टर संतोष कुमार राष्ट्रीय पदक से होंगे सम्मानित



जमशेदपुर/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। टाटानगर रेलवे के सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार को उनकी विशेष सेवाओं और समर्पण के लिए भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय पदक और प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया जायेगा। सम्मान समारोह का आयोजन 10 सितंबर को भारत सरकार रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड रेल भवन नयी दिल्ली में होगा। सम्मान के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे से राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाले संतोष कुमार अकेले सदस्य हैं। उनका चयन नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की दक्षता को बढ़ाने, नियमित मॉक ड्रिल और अभ्यास कराने तथा टीम भावना को प्रोत्साहित करने के लिए हुआ है। उनके नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने न केवल तकनीकी दक्षता प्राप्त की बल्कि सामूहिक प्रयास और एकता का महत्व भी समझा। संतोष कुमार को पूर्व में भी कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया था।

### 16 वांछित अपराधी और वारंटी गिरफ्तार

सरायकेला (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर विभिन्न कांडों में वांछित 16 अपराधियों और वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में आनंद हांसदा उर्फ चुहा, ज्वाला मुखी, सुभाष मिश्रा, बिरजू बारजो, मुन्ना कुमार श्रीवास्तव, अजय गोप, आदित्य महाकुड़, कृष्ण बारी, महेंद्र सिंह जमुदा, राजू सरदार, जम्बो महतो, शंकर महतो, फनी भूषण, पालटन मांझी, धनंजय कुमार और डॉली परवीन शामिल हैं।इन पर आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, हत्या और संपत्तिमूलक कांड जैसे गंभीर अपराधों के तहत कार्रवाई की गई।यह अभियान पुलिस अधीक्षक सरायकेला-खरसावां के नेतृत्व में चलाया गया।जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारी शामिल रहे। अधिकारियों ने कहा अपराध नियंत्रण के लिए इसी तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 03 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम आज 11 बजे से

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस बार दुर्गा पूजा समितियों के संरक्षक, अध्यक्ष, सचिव, सदस्यों आदि को सादर आमंत्रित किया गया है। उक्त संवाद कार्यक्रम हर सप्ताह की तरह इस सप्ताह भी बुधवार 3 सितंबर को 11:00 बजे अनुमंडल कार्यालय में प्रस्तावित है। संजय कुमार ने कहा कि पूरे अनुमंडल क्षेत्र में शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियों का क्रम हर्षोल्लास के साथ आरंभ हो चुका है, ऐसे में यहां की पूजा समितियों की समस्याओं और सुझावों को सुनने तथा उन्हें हर यथासंभव प्रशासनिक मदद मुहैया करवाने को लेकर संवाद रखा जा रहा है। अतः क्षेत्र की विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों से अनुरोध है कि वे इस कार्यक्रम में अपनी स्वैच्छिक सहभागिता जरूर निभायें। पूजा पंडालों के प्रतिनिधियों से साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, मार्ग अवरोध/ अतिक्रमण, तालाब-सफाई जैसे विषयों पर उनके सुझाव एवं समस्यायें सुनी जायेंगी।

### झारखंड से सटे यूपी के सोनभद्र जिला में पिपरी थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है**

श्यामबच्चन यादव



**सगमा (गढ़वा)।** गढ़वा जिला से सटे उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिला स्थित पिपरी थाना पुलिस को सोमवार देर रात बड़ी कामयाबी मिली। पिपरी थाना क्षेत्र में छह वर्षीय बच्ची के अपहरण के मामले में 25 हजार रुपये का इनाम घोषित वांछित बदमाश चंदेश कुमार बैठा को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस बरामद किया गया है। पिपरी थाना क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने बताया कि 31 अगस्त को पिपरी थाना क्षेत्र में टॉफी देने के बहाने छह साल की बच्ची का अपहरण कर लिया गया था। इस घटना में नामजद आरोपी चंदेश कुमार बैठा पुत्र जगदीश बैठा जो झारखंड स्थित गढ़वा जिला के सगमा प्रखंड के पुतुर गांव थाना धुरकी का निवासी है। जो घटना को अंजाम देने के बाद फरार चल रहा था।

एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सोमवार रात धौकी नाला के पास घेराबंदी की। खुद को घिरा देख आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। उसे पकड़कर पुलिस ने सीएससी म्योरपुर में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। आरोपी के पास से एक तमंचा 315 बोर, एक कारतूस मिला है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय, उपनिरीक्षक राजेश चौबे, हेड कांस्टेबल मनीष, राजेश और शिवबदन, कांस्टेबल आशीष और अजीत शामिल थे।

# डीसी ने पदाधिकारियों संग बैठक कर भूमि अधिग्रहण कार्यों की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला भू-अर्जन से संबंधित एक विस्तृत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने की। इस बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न भूमि अधिग्रहण कार्यों की वर्तमान स्थिति, कार्यान्वयन में आ रही बाधायें, पारदर्शिता बनाए रखने की रणनीति तथा प्रभावित परिवारों के हितों की सुरक्षा पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के आरंभ में उपायुक्त ने अधिकारियों से जिले में चल रहे भू-अर्जन कार्यों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। भू-अर्जन, पथ निर्माण विभाग, NHAI एवं वैपकॉस के अधिकारियों ने अपनी-अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि अब तक कितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया है, कितने मामलों का निपटारा शेष है, कितना रोड निर्माण का कार्य हो चुके है और किन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि भूमि अधिग्रहण कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिग्रहण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरे हों, ताकि जिले में चल रही महत्वपूर्ण विकास योजनाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग (पथ प्रमंडल गढ़वा) प्रदीप कुमार, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठल्अक), वैपकॉस के पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## देवकी महावीर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। मेराल प्रखंड के लातदाग गांव में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालयल की एक इकाई संस देवकी महावीर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं रिसर्च अस्पताल द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं दवा वितरण का आयोजन किया गया। इस शिविर में कॉलेज के प्रो. (डॉ.) नंद किशोर प्रसाद एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ बृजेश यादव, इंटर्न दिव्या , हीना, विवेक, त्वरन एवं फार्मासिस्ट रामप्रताप ठाकुर ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में सत्तर से अधिक लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं एवं दवा प्रदान की गईं। शिविर के दौरान, हमारे चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में भी जागरूक किया।

## रारो पंचायत में 15 दिनों से बिजली ठप, ग्रामीण बेहाल

डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड के रारो पंचायत के पारदोहर और तुमिया टोला के करीब 100 घरों की बिजली आपूर्ति पिछले 15 दिनों से ठप है। 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड होकर जल चुका है, जिससे ग्रामीण अंधेरे में जीने को मजबूर हैं। उमस भरी गर्मी और मच्छरों के प्रकोप से लोग रात में बेहाल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग को बार-बार सूचना देने के बावजूद अब तक नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया। विभाग पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाए हुए है, मानो उसे उपभोक्ताओं की परेशानी से कोई सरोकार नहीं। प्रदेश सरकार 24 घंटे में ट्रांसफॉर्मर बदलने का दावा करती है, लेकिन हकीकत यह है कि 15 दिन बीत जाने के बाद भी बिजली बहाल नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग जल्द कार्रवाई नहीं करता है तो वे बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे।

## सगमा में प्रथम मंगल दिवस का आयोजन



सगमा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिले के सगमा प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को 'मंगल दिवस' और शुक्रवार को 'शुक्र वरीय दिवस' के रूप में मनाये जाने की पहल शुरू की गयी है। इसी क्रम में सगमा प्रखंड सभागार में प्रथम मंगल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 50 आवेदन प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय के कर्मियों में प्रधान सहायक चोन्हास एक्का, सहायक रविरंजन कुमार, सहायक सुरेंद्र सिंह, सहायक दिनेश कुमार मौर्य, राजस्व निरीक्षक सरोज कुमार, राजस्व कर्मचारी सतीश उरांव, बीएलडब्लू ओम प्रकाश सिंह, बीपीओ कुमार अभय, अंचल सहायक राशिद जमाल और कंप्यूटर ऑपरेटर मनोरंजन कुमार की सक्रिय भागीदारी रही।

## युवा क्लब फुटबॉल टूनामेंट बांदु चुतरू का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत बांदु के मिशन मैदान में मंगलवार को युवा क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट बांदु चुतरू का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए रौशन पाठक ने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। झारखंड सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है। इसके लिए सभी गांव और पंचायतों में सिद्धू कान्हू खेल क्लब का गठन करने की प्रक्रिया जारी है। खिलाड़ियों को झारखंड सरकार सीधी नौकरी भी दे रही है। उन्होंने कहा कि इस खेल के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर व्यस्तता के कारण नहीं आ सके। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष आसिफ अली, सचिव रामलाल कोरवा, कोषाध्यक्ष नफीस अंसारी, शकील सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## बुका गांव में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सरकार के आदेशानुसार पशुपालन विभाग द्वारा प्रत्येक पंचायत में विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना है। इसी कार्यक्रम के तहत भवनाथपुर पंचायत के बुका गांव में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भवनाथपुर पशु अस्पताल में पदस्थापित भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सतेंद्र नारायण सिंह द्वारा पशुपालकों के लिए सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत से जानकारी दी। शिविर 42 पशुपालकों के बीच कृमिनाशक दवा सहित अन्य दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में मैत्री कार्यकर्ता रंजीत प्रसाद सिंह, जयप्रकाश पासवान, अभय यादव आदि शामिल थे।

## पुलिस इंस्पेक्टर रतन को दी गयी विदाई



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री बंशीधर नगर के स्थानांतरित पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह को विदाई दी गयी। साथ ही नव पदस्थापित पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद का स्वागत किया गया। पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय में आयोजित समारोह में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने रतन कुमार सिंह को बुके देकर, शॉल ओढ़ाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही नवपदस्थापित पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद को भी स्वागत बुके और शॉल देकर किया गया।

# सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में मुखिया की अहम भूमिका : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को पंचायती राज विभाग की पहल पर एकदिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रमुख कांति देवी, जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान, बीडीओ देवलाल करमाली और सीओ जयशंकर पाठक सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। पंचायती राज प्रखंड समन्वयक अमित द्विवेदी ने पंचायत स्तर पर गरीबी मुक्त पंचायत, बेहतर आजीविका, स्वस्थ पंचायत, बाल-अनुकूल पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी और पंचायतवार आंकड़े प्रस्तुत किए। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत मुखिया व उनके कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। बीडीओ देवलाल करमाली ने कहा कि पंचायत स्तर पर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लागू करने और उनकी निगरानी की जिम्मेदारी मुखिया की होती है। बदलाव की शुरूआत यहीं से होती है। जनसेवक विकास कुमार ने कहा कि गांव का विकास पंचायत स्तर के बेहतर कार्यों से ही संभव है। इस दौरान पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कृषि विभाग के कर्मी, मुखिया, पंचायत सहायकों व स्वास्थ्य कर्मियों समेत अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गढ़वा उपायुक्त और एसपी को विहंगम योग साधकों ने भेंट किया स्वर्वेद महाग्रंथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** विहंगम योग संस्थान की जिला इकाई, गढ़वा के साधकों ने मंगलवार को उपायुक्त दिनेश कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान साधकों ने विश्व के अद्वितीय आध्यात्मिक ग्रंथ स्वर्वेद भेंट स्वरूप प्रदान किया। साधकों ने अधिकारियों को भवनाथपुर टाउनशिप स्थित माइंस महाविद्यालय में आयोजित होने वाले एक दिवसीय मंचीय कार्यक्रम आत्म जागरण से राष्ट्र जागरण समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव एवं राष्ट्रव्यापी स्वर्वेद संदेश यात्रा की विस्तृत जानकारी भी दी। उपायुक्त दिनेश यादव ने कार्यक्रम की सफलता हेतु हरसंभव सहयोग और आवश्यक दिशा निर्देश देने का आश्वासन दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि वे पूर्व से ही स्वर्वेद महामंदिर धाम से परिचित हैं और वाराणसी स्थित विश्व के सबसे बड़े ध्यान-साधना केंद्र में दर्शन भी कर चुके हैं। उन्होंने कार्यक्रम में यथासंभव शामिल होने की बात कही। इस मौके पर विहंगम योग संस्थान झारखंड प्रदेश के अन्न मंत्री उपेंद्रनाथ मिश्रा, बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय के प्रो. बिरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, जिला युवा परामर्शक प्रमोद विश्वकर्मा, रंका प्रखंड प्रभारी परमानंद यादव मौजूद थे।

# न्यूटन कंप्यूटर क्लासेज मझिआंव में टॉपरों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पुराना हॉस्पिटल के समीप, राजा टेंट हाउस के सामने स्थित न्यूटन कंप्यूटर क्लासेज में आयोजित एक समारोह में ADCA (एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन) कोर्स पूरा करने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट दिया गया। इस मौके पर कोर्स के टॉपर्स को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में न्यूटन कंप्यूटर क्लासेज के निर्देशक अमित कुमार मेहता के संस्थान के प्रबंधन ने अतिथियों का स्वागत बुके और अंगवस्त्र देकर किया साथ ही मिडियाकर्मियों को अंगवस्त्र और पेन देकर सम्मानित किया।

बताते चलें कि इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंझिआंव थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो, अंचल पदाधिकारी प्रमोद कुमार, और नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के सिंडिकेट मेंबर सीएस दुबे, वेद प्रकाश शर्मा, मंझिआंव पत्रकार संघ के अध्यक्ष अखिलेश ठाकुर, पत्रकार मनोज कुमार दुबे, विनय, अनूप सहित अन्य मिडिया के लोग शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में कंप्यूटर कोर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथियों और पत्रकारों के द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें फर्स्ट स्थान सारिका कुमारी, सेकंड स्थान नैंशी कुमारी और थर्ड स्थान स्वाति सिंह सहित टॉप टेन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र, शील्ड और मेडल देकर उनकी मेहनत और लगन की सराहना की गयी। वहीं इस कार्यक्रम में संस्थान के निर्देशक अमित कुमार मेहता ने घोषणा किया की कि वैसे छात्र जिनके माता पिता नहीं है उनको 100% मुफ्त कंप्यूटर शिक्षा दी जायेगी।

# भंडरिया में जनसुनवाई कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** भंडरिया अंचल कार्यालय मे किसान रैयत के साथ आज दिन मंगलवार को अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह के अध्यक्षता में जमीन से संबंधित जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें रैयतों के द्वारा जमीन से संबंधित जानकारी ली गयी। रैयत ने जिस खाता प्लाट में ऑफलाइन से रसीद राजस्व कर्मचारी के द्वारा कटवाया गया था उसमें 12 एकड़, 13 एकड़ और 14 एकड़ के जमीन का कागजात व रसीद दिखया गया और उसी खाता प्लाट के जमीन का रैयतों ने कहा है कि ऑनलाइन के माध्यम से किसी का 5 एकड़-6 एकड़ खतियान के साथ ऑनलाइन में रसीद कट रहा है, रैयत मजबूर हैं। रैयत ने कहा कि बाकी जमीन किस खाता प्लॉट में चला गया है इसकी जानकारी हमलोगों को नहीं मिल पा रहा है। रैयतों ने यह भी कहा कि ऑफलाइन में 2012-13-14 तक हम लोगों ने रसीद कटवा लिये हैं और ऑफलाइन का पूरा कागजात भी है, लेकिन वह जमीन किसी और के नाम से ऑनलाइन उठ जाने से आपसी विवाद खड़ा हो जाता है और मारपीट की संभावना बना रहता है। रैयतों ने इसकी जानकारी अंचल पदाधिकारी को दी है।

इधर अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह ने कहा कि इसी मारपीट की संभावना को लेकर अंचल कार्यालय में हर मंगलवार को जनसुनवाई तथा हर 15 तारीख को अंचल दिवस में कागजात लेकर रैयतों को आना है जानकारी ली जायेगी। हर महीना के 30 तारीख को थाना दिवस के दिन थाना प्रभारी अंचल से सभी लोग रहेंगे और जनसुनवाई पुरी की जायेगी। इस मौके पर अंचल निरीक्षक बिंदेश्वरी कुमार राजस्व कर्मचारी दिलीप कुमार राजस्व कर्मचारी पवन सिंह, जितेंद्र कुमार रैयत में रवि शंकर कश्यप, हरिदास तिर्की समेत काफी संख्या में रैयत उपस्थित थे।

## कोयल नदी से अज्ञात शव बरामद

मझिआंव(गढ़वा) (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकोईया स्थित कोयल नदी के किनारे नवनिर्मित पानी टंकी के समीप गहरे पानी से एक अज्ञात शव को पुलिस ने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा सदर भेज दिया। पुलिस के निर्देश पर मेराल थाना क्षेत्र के ग्राम राजबन्धा निवासी गौतम पासवान, जो ससुराल आया हुआ था। और बकोईया गांव के आनंद कुमार पाठक ने प्रशासन को सहयोग करते हुए दोनों युवक मिलकर शव को नदी के गहरे पानी से बाहर निकाला। मृतक ने लाल रंग की टी-शर्ट और काले रंग का हाफ पैंट पहन रखा था।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक– 619 दिनांक– 25.08.2025 द्वारा प्रकाशित ई निविदा सूचना संख्या– SPUF/MID/KODERMA/F2-07/ 2025-26 दिनांक–25.08.2025 जिसका PR संख्या 360408 (Minor Irrigation 25-26 (D) है, के कमांक– 2 पर अंकित Last date/Time for submission of e-Tender bids online एवं कमांक– 3 पर अंकित Last Date for Online e-submission of Tender Fee and EMD दिनांक'–14.09. 2025 के स्थान पर 15.09.2025 पढ़ा जाय एवं कमांक–04 पर अंकित Date of Opening of e-Tender-16.09.2025 के स्थान पर 18.09.2025 पढ़ा जाय ।

शेष सभी शर्त्तें पूर्ववत रहेगी ।

PR 361130 Minor Irrigation(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**जिला जनसम्पर्क इकाई, कोडरमा**

**मेला/प्रदर्शनी, ध्वनि विस्ताकर यंत्र आदि के माध्यम से सरकारी कार्यक्रमों/योजनाओं के प्रचार–प्रसार से संबंधित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

कोडरमा जिले में आईईसी प्लान के तहत आउटडोर/इन्डोर में सरकार के विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार –मेला/प्रदर्शनी, ध्वनि विस्ताकर यंत्र आदि के माध्यम किये जाने हेतु इच्छुक फर्मों/संस्थानों से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक **18/09/2025** के **अपराह्न 01:00 बजे** तक तकनीकी एवं वित्तीय बीड अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में जिला जनसम्पर्क कार्यालय, कोडरमा में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक **19/09/2025** के **अपराह्न 03:00 बजे** जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा। जिन निविदादाताओं का तकनीकी बीड स्वीकृत किया जाएगा उन्हीं निविदादाताओं के वित्तीय बीड खोले जायेंगे। निविदा की शर्त्तें, तकनीकी/वित्तीय बीड का प्रारूप सहित अन्य सूचनाएं कार्यालय के सूचना पट्ट के साथ–साथ वेबसाईट www.prdjharkhand.in एवं www.koderma.nic.in पर भी उपलब्ध है।

उपायुक्त,
कोडरमा

PR 361118 IPRD(25-26).D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI**

**Very Short e-Quotation No. 03/2025-26**

Rates through e-Quotation has been invited for the items/materials uploaded in https://jharkhand tenders.gov.in for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump (Mather Platt/WPIL/Kirloskar/Jyoti), Motor (Kirloskar /Crompton Greaves/Jyoti) having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to items/ materials with specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supply, installation and commissioning of 11/3.3 KV 350 HP HT motor pump set & under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 08.09.2025 at 15:00 hrs. The quotation will be opened on 09.09.2025 at 16:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

**Address for Communication**
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,
Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

**Executive Engineer,**
**D.W& S. Mechanical Urban Division,**
**Ranchi**

PR 361070 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

## भाटचतरा बाजारटांड़ में लेवी और फायरिंग मामले का आरोपी गणेश गंझू गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** थाना पुलिस ने भाटचतरा बाजार टांड़ में केईसी इंटरनेशनल कंपनी के मजदूरों के साथ मारपीट, फायरिंग और लेवी की पर्ची फेंकने के मामले के वांछित आरोपी गणेश गंझू को सोमवार की रात गोलीटांड़ से गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेजा।

इस संबंध में मंगलवार को बारियातू थाना परिसर में बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद रवानी ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि बीते 2 अगस्त को भाटचतरा बाजारटांड़ में हाइटेंशन तार खिंचाई का कार्य कर रही केइसी इंटरनेशनल कंपनी के मजदूरों पर हमला किया गया था। इस दौरान मारपीट, फायरिंग की गयी थी और लेवी की पर्ची भी फेंकी गयी थी। एसडीपीओ ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी पुनः गोलीटांड़, अमरवाडीह क्षेत्र में डेरा डालकर कंपनी के ठेकेदारों को धमकाने की योजना बना रहा है। इसी सूचना के आधार पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने छापामारी कर आरोपी गणेश गंझू (पिता- जगन गंझू, ग्राम बरवा टोला भगिया, थाना बालूमाथ) को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी पर बारियातू थाना कांड संख्या 39/25 सहित विभिन्न मामलों में कार्रवाई की गयी है। उस पर धारा 223/111(3)/111(4) बीएनएस एवं 25(1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

पुलिस ने बताया कि गणेश गंझू का लंबा आपराधिक इतिहास है। वह पहले भी गोलीटांड़ क्षेत्र में हाइवा वाहनों में फायरिंग और आगजनी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। इसके अलावा वह पूर्व में माओवादी, टीपीसी और जेजेपीएम संगठन से भी जुड़ा रहा है।

उसके खिलाफ खलारी, पिपरवार, मैक्लुस्कीगंज और बारियातू थानों में हत्या, रंगदारी, फायरिंग, आगजनी और आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। आरोपी कई बार जेल भी जा चुका है। प्रेस कांफ्रेंस के मौके पर इंस्पेक्टर प्रमानंद बिरूआ मौजूद थे।

इस अभियान का नेतृत्व बालुमाथ एसडीपीओ बिनोद रवानी ने किया। एवं छापामारी टीम में बारियातू थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार, अमरवाडीह पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा, पुअनि होसेन डांग, पुअनि निर्मल कुमार मंडल सहित दोनों थानों के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### शिवसागर तालाब से महिला का शव बरामद

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी पंचायत अंतर्गत प्रसिद्ध शिवसागर तालाब से मंगलवार को एक महिला का शव बरामद हुआ। शव की पहचान शोभा मुसहरीन उम्र लगभग 40 वर्ष (पति-सुखलाल मुसहरीन), निवासी शिवसागर टोला सरईडीह के रूप में की गयी है। घटना की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गये। स्थानीय लोगो की सूचना पर बरवाडीह थाना प्रभारी अनुप कुमार ने पुलिस बल को मौके पर भेजा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। हालांकि महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई। यह स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका जतायी जा रही है कि मामला संदिग्ध हो सकता है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। थाना प्रभारी अनुप कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### कार की चपेट में आने से युवक की मौत चालक गिरफ्तार

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के डाड़ू भंडरा पथ पर वाहन दुर्घटना में एक की मौत हो गयी। वही चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाड़ू गांव में आयोजित चेहल्लुम मेला देख कर घर लौट रहे युवक को अल्टो कार संख्या जेएच 05 यू 2196 ने चपेट में ले लिया। जिसे एक व्यक्ति की मौत हो गयी। वही मृतक का पहचान रांची जिला अंतर्गत मांडर थाना क्षेत्र के परयागो गांव निवासी जमाल अंसारी के पुत्र 38 वर्षीय पुत्र मकबूल अंसारी किया गया। दुर्घटना के पश्चात मकबूल अंसारी को तत्काल सेन्हा थाना पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग सड़ इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान मकबूल अंसारी की मौत हो गयी। जिसपर मकबूल अन्साफी के पिता जमाल अंसारी के लिखित आवेदन पर कार चालक कमर अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### कार्यक्रम में बाल विवाह के रोकथाम की दिलायी शपथ




**कुड़ू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी लोहरदगा के निर्देश पर मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत बाल विकास विभाग के सहयोग से प्रखंड सभागार कुडू में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुडू सीओ सह बीडीओ संतोष उरांव, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सांस्थानिक देख रेख अनुरंजन कुमार,डियाट्रिक्ट प्रोजेक्ट एसोसिएट अभिलाषा एवं धार्मिक गुरुओं द्वारा दीप प्रजवलित कर की गयी एवं बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर बीडीओ संतोष उरांव ने बाल विवाह जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए इसे सामाजिक बुराई करार दिया। वहीं अनुरंजन कुमार ने इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी। कार्यक्रम में बाल विवाह की रोकथाम हेतु समाज के सभी वर्गों से जागरूक और सक्रिय भागीदारी की अपील की। मौके पर विधि सह पर्वेक्ष अधिकारी अफान खान, चाइल्ड हेल्प लाइन जिला परियोजना समन्वय रवि कुमार, समाजिक कार्यकर्ता स्नेहलता तिग्गा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार से हफीजुल अंसारी, दीपक कु साहू, प्रभुदयाल पासी, धनेश्वर साहु, कनीय अभियंता मो आसिफ सहित बाल संरक्षण से जुड़े अधिकरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### वोट चोरों और तानाशाहों की अब नहीं चलेगी चाल : शकील अख्तर



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारत लोकतांत्रिक देश है और इसे बचाए रखने का संकल्प महागठबंधन ने लिया है। यह बातें लोहरदगा के पूर्व राजद जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने कही। उन्होंने बताया कि वोटर अधिकार यात्रा पूरे सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें बिहार की जनता को वोट चोरी की हकीकत विस्तार से बतायी गयी। यात्रा के दौरान महागठबंधन के शीर्ष नेताओं ने बताया कि कैसे लाखों लोगों का नाम मतदाता सूची से गायब कर दिया गया और दूसरे राज्यों से फर्जी वोटर बनाकर चुनाव प्रभावित किया गया। राहुल गांधी ने छह माह की मेहनत से इस बड़े षड्यंत्र का पदार्फाश कर जनता का दिल जीत लिया। यह यात्रा 17 अगस्त को सासाराम से शुरू होकर औरंगाबाद, गया, नालंदा, शेखपुरा, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, दरभंगा, सीतामढ़ी, मोतिहारी होते हुए 16 दिनों में पटना के डाक बंगला चौक पर समाप्त हुई। 1600 किमी की इस ऐतिहासिक यात्रा में राहुल गांधी, तेजस्वी प्रसाद यादव, अखिलेश यादव, प्रियंका गांधी, कन्हैया कुमार, पप्पू यादव समेत कई राष्ट्रीय नेता शामिल हुए। श्री अख्तर ने कहा कि वोट चोरी लोकतंत्र की हत्या है। यह रोजगार, शिक्षा, इलाज और सम्मान की चोरी है। जनता अब तानाशाही, जुमलाबाज और उद्योगपति सरकार को सबक सिखाएगी। लोकतंत्र की रक्षा हेतु यह आंदोलन आने वाले समय में और भी बड़ा रूप लेगा।

### करमा और ईद मिलादुन्नबी को लेकर बैठक



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर मंगलवार को करमा और ईद मिलादुन नबी को लेकर थाना परिसर में शांति समिति के बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी रेखा रेशमा मिंज अध्यक्षता में आयोजित की। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी रेश्मा रेखा मिंज के साथ-साथ अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी भरत राम, सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी अनूप कुमार, एएसआइ पंचरत्न यादव, राजेश कुमार,उपेन्द्र सिंह मौजूद थे। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड क्षेत्र बेतला, पोखरी कला कुटमू, खुरा, छेचा समेत अन्य मुस्लिम बहुल इलाको से निकलने वाले जुलूस के मार्ग पर चर्चा करने के साथ-साथ जुलूस के दौरान डीजे के इस्तेमाल पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध के साथ-साथ समय का अनुपालन ,सोसल मीडिया पर विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया गया। वही अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सभी प्रखंड वासी पूरा सहयोग करें। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि ईश्वरी सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, मंसूर आलम, अनिल कुमार,शकील अंसारी, पूनम देवी, अशफाक अहमद मुन्ना, अशोक प्रसाद, सफदर खान गुलाम गोस, मनोज प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### कुआं में डूबने से युवक का मौत

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड के ही मिशन मिशन स्कूल रोड निवासी सुजीत कुमार पिता बूटन प्रजापति उम्र 35 वर्ष का शिव टोली के पास कुएं में शव मिला। इधर परिजनों ने बताया कि रविवार से ही सुजीत अपने घर से गायब था परिजन इधर-उधर खोजबीन कर रहे थे। मंगलवार के लगभग 11 बजे शिव टोली के सिंचाई को लेकर बीचों-बीच खेत में कुआं में सुजीत का शव आसपास के लोगों को देखने को मिला। इसकी सूचना घर वाले को और चंदवा थाना को दी गयी। आसपास के लोग यह पहचान करने वालों की कौन युवक है लेकिन पानी में उपर होने से पूरी जानकारी नहीं मिल रही थी परंतु कपड़े से सुजीत के घर वाले पहचान गये। इस सूचना पर इसकी पुलिस ने शव को किसी तरह कुआं से बाहर निकाला और अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आपसी प्रेम और खुशी के साथ मनाये करम पर्व : सुखदेव भगत

करमा पूर्व संध्या सह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार पखनटोली में करमा पूर्व संध्या सह फुटबॉल टूनामेंट का भव्य आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा सांसद सुखदेव भगत द्वारा खोड़हा दल और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कार्यक्रम प्रारंभ कराया गया।

वही सांसद सुखदेव भगत ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आपसी प्रेम के साथ हंसी खुशी से करमा पर्व मनाये साथ ही कहा कि हम सभी आदिवासी समाज के लोग प्रकृति के पूजक हैं। करमा त्यौहार में करम डाली के साथ प्रकृति का पूजन होता है और करमा का त्यौहार भाई बहनों का प्रेम का पर्व है। बहने दिन भर निर्जला उपवास रख कर भाइयों की सुख समृद्धि और मंगल कामना के लिये करम पूजा करती हैं। वही विभिन्न गांवों से खोड़हा दल के लोगों के साथ मांदर और नगाड़ा बजा कर सभी का हौसला बढ़ाया। फुटबॉल टूर्नामेंट में वन मैन आर्मी और रैंबो क्लब कल्हेपाट के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमे वन मैन आर्मी की टीम रैंबो क्लब को 1-0 हरा कर विजेता बनी वही तृतीय और चतुर्थ स्थान पर फुटबॉल क्लब चौकनी और आर्यन क्लब की टीम रही। जिसे सभी टीमो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह तथा आयोजन कमिटी के अध्यक्ष गोविंद भगत, सचिव रंजीत यादव, पूर्व मुखिया बुदु भगत, मेजर शाहदेव भगत, राजू भगत, शरद यादव, संजीव भगत, बाबूराम भगत, संदीप भगत, सतीश यादव, मजमताज अंसारी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### बाल विवाह रोकथाम के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम


**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त एवं उप-विकास आयुक्त के निर्देश पर तथा सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के मार्गदर्शन में कुडू प्रखंड सभागार में मिशन वात्सल्य के तत्वावधान में बाल विवाह रोकथाम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत भाषण और दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, धर्मगुरु और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचलाधिकारी संतोष उरांव ने की। उन्होंने कहा कि बाल विवाह हमारे समाज की गंभीर समस्या है, जो बच्चों के अधिकार और भविष्य दोनों को प्रभावित करती है। नीति आयोग एवीए जिला समन्वयक अभिलाषा कुमारी ने प्रतिभागियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कानून 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के के विवाह को अपराध मानता है और इसके उल्लंघन पर दंड का प्रावधान है। संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी की भूमिका और जिम्मेदारियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि अधिकारी का कर्तव्य है कि बाल विवाह की बुराइयों के प्रति जागरूकता फैलाए और मामलों पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करे। लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार और कम्युनिटी सोशल वर्कर ने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया कि समाज की भागीदारी के बिना इस समस्या का समाधान संभव नहीं। उन्होंने समुदाय स्तर पर सक्रियता पर बल दिया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख, महिला पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, पैरा लीगल वालंटियर और ग्राम प्रधान भी उपस्थित रहे। सभी ने बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने का संकल्प लिया।

### वन विभाग की गलत नीति के विरोध में ग्रामीणों ने सौपा मांग पत्र



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** छिपादोहार वार्ड सदस्य सुमन देवी नेतृव में ग्राम जुरूहार के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को छिपादोहर पूर्वी रेंज कार्यलय पहुंचकर वनपाल नवीन कुमार को एक मांग पत्र सौंपा। मांगपत्र के माध्यम से कहा गया कि जुरूहार, हरिनामांर क्षेत्र में अपराधियों को पकड़ने के नाम पर वन विभग के कर्मियों के द्वारा आम निर्दोष लोगों को और खास कर महिलाओं को परेशान किया जा रहा है जो उचित नहीं है गांव के लोग जंगल और वन्य जीवो के प्रति संवेदन शील है और गलत लोगों के पक्ष में नहीं है इसलिए वन विभाग और ग्रामीणों के बीच बैठ कर आम सहमति बना कर समस्याओं का निदान किया जाए। साथ ही साथ जंगली हाथी भी फसलकी बबार्दी करना शुरू कर दिया है इस भी पहल किया साथ, मौके पर माले जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम, माले प्रखंड सचिव राजेंद्र सिंह ग्रामीण प्रतिनिधि मे श्यामबिहारी राम उपेंद्र उरांव मनीष उरांव लच्छू लोहारा माले देवी सोनमती देवी थे।

## सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी के साथ 24 घंटे एक्टिव रहेगा कंट्रोल रूम




आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार करमा पर्व एवं ईद मिलाद-उल-नबी के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था और विधि व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी थाना प्रभारी व पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तर के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में एक्टिव रहने का निदेश दिया, ताकि सौहार्दपूर्ण वातावरण में दोनों त्योहार मनाया जा सकें। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारियों को आगामी करमा पर्व एवं ईद मिलाद-उल-नबी को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गयी, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जायेगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने आगामी त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी थाना स्तर पर सभी आवश्यक तैयारी रखने का निर्देश दिया। सभी थाना प्रभारी को सख्त निर्देशित किया कि विधि व्यवस्था को हर हाल में कायम करने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रों में गश्ती तेज करना है तथा सभी पदाधिकारियों को अलर्ट रहना है। साथ ही त्योहारों के दौरान माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आने की बात कही। कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जायेगी। सोशल मीडिया पर किसी तरह का अफवाह फैलाया जाता है, तो उस पर सीधे कार्रवाई की जायेगी। साइबर सेल 24 घंटे सोशल मीडिया की निगरानी कर रहा है। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

### दस दिनों के भीतर ड्रेस कोड में ऑटो चलाना सुनिश्चित करें : डीटीओ

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू की अध्यक्षता में ऑटो चालकों के साथ बैठक हुई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा सभी ऑटो चालकों को निर्देश दिया गया कि 10 दिनों के अंदर ड्रेस कोड में ऑटो चलना अनिवार्य होगा। इसमें ऑटो चालकों को खाकी एवं टोटो चालकों को नीला ड्रेस पहनना अनिवार्य होगा। वाहन से संबंधित सभी कागजात अद्यतन करते हुए सभी मूल कागजात यथा ड्राइविंग लाइसेंस वाहन में रखना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय के बच्चों को क्षमता से अधिक ऑटो में नहीं बैठायेंगे। सभी चालकों को निर्देश दिया गया कि ऑटो के दाहिनी तरफ सुरक्षा की दृष्टिकोण से स्थायी रॉड लगवाना सुनिश्चित करेंगे। यदि जांच के क्रम में किसी भी प्रकार की कमी पायी जाती है तो सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

### लोहदगा में मोमिन सम्मेलन 14 को



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** हाजी जबारूल अंसारी के आवास में हाजी सिकंदर अंसारी की अध्यक्षता में एक बैठक आगामी 14 सितंबर को लोहरदगा ब्लाक स्थित टाऊन हॉल में जिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी, प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष आबिद अली अंसारी का आगमन होना है। सम्मेलन में जिले के मोमिनों की दशा दिशा और उनकी वास्तविक स्थिति शिक्षा, रोजगार राजनीति में उनकी भूमिका तथा भागीदारी तय किया जाएगा। इस सम्मेलन में प्रदेश कमिटी के पदाधिकारी के साथ स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी, प्रदेश के सभी जिले के मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष, महामंत्री को भी निमंत्रण देने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने लिए प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस महासचिव हाजी जबरुल अंसारी ने सुझाव दिया कि इसके लिए सभी प्रखंड का दौरा किया जाए और प्रचार प्रसार में कोई कमी नहीं होने दिया जाये। मुमताज अहमद ने कहा कि अभी से सारे प्रखंड को अपने स्तर बैठक कर प्रखंड कमिटी को बहुमूल्य दायित्व देने की बात कही। इसके लिए एक वर्किंग कमिटी भी बनायी गयी है। जिसमें सवारत हुसैन, मोजमिल अंसारी,सेराज अंसारी,जिला महसचिव शरीफ अंसारी, जहूर अंसारी,यूथ मोमिन अध्यक्ष ऐनुल अंसारी, नगर अध्यक्ष सेराज अंसारी, मोजाहिर अंसारी, इलयास अंसारी, जुल्फान अंसारी,नसीम अंसारी,रुस्तम अंसारी,हातिम अंसारी समेत कई मौजूद थे।

### बाल विवाह रोकने के लिए समाज को मिलकर करनी होगी पहल : एसडीओ



**गारु (आजाद सिपाही)।** गारु परिसर में मंगलवार को बाल विवाह रोकथाम के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता एसडीओ बिपिन कुमार ने की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना, कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना और समाज में व्यापक जागरूकता फैलाना था। बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत कठोर दंड का प्रावधान है। इस कानून के अनुसार, लड़कियों की न्यूनतम विवाह आयु 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित की गये है। इस नियम का उल्लंघन करने वालों को दो साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। एसडीओ ने कहा कि बाल विवाह न केवल बच्चों के अधिकारों का हनन है, बल्कि यह उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और उज्जवल भविष्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यशाला में पंचायत स्तर पर निगरानी समितियां गठित करने, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाने, धार्मिक एवं सामाजिक नेताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करने जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गयी। बीडीओ ने कार्यशाला में उपस्थित सभी लोगों से सुझाव मांगा और इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक में बीडीओ अभय कुमार, सीओ दिनेश मिश्रा, थाना प्रभारी पारसमनी, प्रमुख सीता देवी, जिला परिषद जीरा देवी, पंचायत समिति सदस्य बबली कुमारी, कारवाई मुखिया सुनेश्वर सिंह, मंगल उरांव और अन्य शामिल थे।

## जिला स्तरीय 'खेलो झारखंड प्रतियोगिता' का समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के निर्देशानुसार झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2025-26 का समापन मंगलवार को संपन्न हुआ। समापन दिवस पर बालकों की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कैथोलिक मध्य विद्यालय, कैमो, लोहरदगा के खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एपीओ एमलीन सुरीन, प्रभाग प्रभारी आकाश कुमार तथा अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में अंडर 14, 17 और अंडर 19 वर्ग के बालकों की कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। इसमें जिले के सातों प्रखंडों के विभिन्न विद्यालयों सरकारी मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, केजीबीवी और एकलव्य विद्यालयों की प्रखंड स्तरीय विजेता टीमों ने भाग लिया। एपीओ एमलीन सुरीन ने अपने संबोधन में कहा कि कबड्डी केवल खेल नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक अनुशासन है। यह शारीरिक कौशल, संयम और टीम भावना को प्रदर्शित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के सफल संचालन में शिक्षा विभाग के जीतेंद्र मित्तल, सुनील तिर्की, पंकज कुमार, उर्सला कुजूर, बिपिन किशोर लकड़ा, खुशबू कुमारी, तबारक अंसारी, रामरति प्रजापति, अनिल उरांव, राजेश साहू, सारू उरांव, विशाल संदीप कुजूर, संतोष टोप्पो, मोहित मुकेश, ज्ञान प्रकाश कुजूर, दुर्गा प्रजापति और अमन साहू सहित कई कर्मियों का योगदान सराहनीय रहा। वहीं चिकित्सा विभाग, लोहरदगा की टीम ने भी प्रतियोगिता के दौरान चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करायी। सभी मैचों का संचालन जिले के पंजीकृत रेफरी एवं शारीरिक शिक्षकों की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता के दौरान खेल भावना और अनुशासन का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 25 अगस्त से 2 सितंबर तक आयोजित की गयी।

### मारपीट के आरोप में महिला गिरफ्तार

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुरपा गांव निवासी स्व. छंदन महतो के पुत्र शिवधन महतो के आवेदन पर सेन्हा थाना में मारपीट का मामला दर्ज किया गया। आवेदन में शिवधन महतो ने आरोप लगाया था कि गांव के ही विनोद उरांव की पत्नी प्रमिला उरांव ने उनके साथ विवाद कर मारपीट की। थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 27/25 दर्ज किया। भारतीय दंड संहिता की धारा 329(4), 115(2), 118(1), 109, 352, 351 के तहत कार्रवाई की गयी। एएसआइ असरफी बहेलिया द्वारा जांच में आरोप सही पाया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी प्रमिला देवी को मुरपा स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया।

# हरिहरगंज में बिना निबंधन के चल रही चार क्लिनिक सील

छापेमारी के दौरान टीम ने सिमना क्लिनिक, डॉ. शहाबुद्दीन क्लिनिक, डॉ. हन्नान शिशु क्लिनिक और अशरफ अली दंत अस्पताल को बिना पंजीयन और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान के पाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



हरिहरगंज में निजी क्लीनिक जांच करती टीम।

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले में प्रशासन ने बिना निबंधन और जरूरी दस्तावेजों के चल रहे निजी क्लिनिकों पर सख्त कार्रवाई से हड़कंप मची हुई है। मंगलवार को उपायुक्त समीरा एस के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम ने हरिहरगंज शहर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने सिमना क्लिनिक, डॉ. शहाबुद्दीन क्लिनिक, डॉ. हन्नान शिशु क्लिनिक और अशरफ अली दंत अस्पताल को बिना पंजीयन और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान के पाया गया। टीम ने इन चारों निजी क्लिनिकों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि जिन क्लिनिकों के दस्तावेज अपूर्ण या अवैध पाये जायेंगे, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जायेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रखंड में इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जांच टीम में सीओ मनीष कुमार सिन्हा, डॉ. अरविंद कुमार और एसआई अविनाश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## चैनपुर में एक मेडिकल स्टोर सील, 6 अस्पताल की दस्तावेज जांच की गयी

**चैनपुर(पलामू)।** पलामू जिले में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम और क्लिनिकों में मरीजों की मौत के मामले सामने आने के बाद जिला प्रशासन सख्त हो गया है। पलामू डीसी समीरा एस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएचसी स्तर पर तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है और पंजीकृत संस्थानों की सूची टीम को सौंपी गयी है। डीसी के निर्देश पर मंगलवार को चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर व पनेरीबांध में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कई अवैध नर्सिंग होम्स पर छापेमारी की गयी, जिनमें से कई संचालक और कर्मी जांच की भनक लगते ही फरार हो गये। शाहपुर व पनेरीबांध क्षेत्र में चलाये गये विशेष जांच अभियान में छह निजी अस्पतालों की जांच किया गया। जांच किये गये अस्पताल में आधार हॉस्पिटल, क्योर लाइफ अस्पताल, मातृ छाया अस्पताल, केके हॉस्पिटल, जनता क्लीनिक और पलामू अस्पताल का जांच किया गया, जहां सभी अस्पताल से संबंधित कागज प्रस्तुत किया गया। शाहपुर स्थित एक निजी क्योर अस्पताल के मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया। जांच टीम में सदर सह चैनपुर सीओ अमरदीप बलहोत्रा, डॉ. चमन कुमार,थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा शामिल थें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना लाइसेंस और डॉक्टर के संचालन करने वाले नर्सिंग होम्स पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# संस्कृति को बचाना हर भारतीय का फर्ज होना चाहिए : डॉ सुनील

मल्हारा हाइस्कूल के करीब 350 बच्चों के संग देखा जादूगर सिकंदर का जादू

समाज के लिए कुछ करने का जुनून है क्योंकि इसी में मिलता सच्चा शुकून है

आजाद सिपाहीसंवाददाता



**देवघर।** देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ सुनील खवाड़े ने भारत के पुराने खेल जादू की संस्कृति को बचाने के लिए एक अहम पहल किया और 4 शो को पूरा खेल संघ, विभिन्न सेवा संस्थान के सदस्यों और मल्हारा माहेशमारा हाइ स्कूल के बच्चों के ने मंगलवार को देखा।

डॉ सुनील खवाड़े ने कहा कि संस्कृति को बचाना हर भारतीय का फर्ज होना चाहिए। इसलिए सभी को देखना चाहिए और टिकट खरीद कर देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के लिए कुछ करने का जुनून है क्योंकि इसी में मिलता सच्चा शुकून है।

डॉ सुनील खवाड़े ने बच्चों के साथ पूरा जादू के खेल को देखा। इस दौरान बच्चों ने जादूगर सिकंदर के एक से बढ़ कर एक जादू के खेल का आनंद उठाया। डॉक्टर सुनील खवाड़े द्वार बच्चों के लिए जलपान की भी व्यवस्था किया गया था। इस दौरान देवघर जिला खेल प्राधिकरण के सचिव आशीष झा, नवीन शर्मा, दीपक दुबे, टिंकू खवाड़े, रोहित, ब्रह्मदेव सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को अल्टीमेटम: आठ दिन में फेस रिकग्निशन पूरा नहीं किया तो रुकेगा मानदेय, सेवा भी हो सकती है समाप्त



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय में मंगलवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ सीडीपीओ मदन कुमार सुमन के अध्यक्षता में बैठक हुई, पोषाहार वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए बाल विकास परियोजना विभाग ने फेस रिकग्निशन सिस्टम शुरू किया है। इसके तहत लाभार्थियों का चेहरा प्रमाणीकरण अनिवार्य है। मनातू सीडीपीओ मदन कुमार सुमन ने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को समयबद्ध तरीके से प्रमाणीकरण पूरा करने का निर्देश दिया। कई आंगनबाड़ी सेविकाओं ने लगातार लापरवाही कर रही हैं। अगले आठ दिनों में फेस रिकग्निशन पूरा नहीं होने पर संबंधित आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय रोका जायेगा। लापरवाही जारी रहने पर जिलाधिकारी स्तर से सेवा समाप्ति की कार्रवाई होगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल प्रमाणीकृत लाभार्थियों को ही पोषाहार मिलेगा। मौके पर सुपरवाइजर लीलावती कुमारी ने पोषण ट्रैकर में फेस रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) के उपयोग और डेटा एंट्री को सुचारू बनाने के लिए, सभी आंगनवाड़ी सेविकाओं को 8 तारीख तक सभी लाभार्थियों की 95% फेस रिकॉग्निशन एंट्री पूरी करने का निर्देश दिया गया है। यह कार्य पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से किया जायेगा और इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ऐप में लॉगिन करके लाभार्थियों का डेटा दर्ज करना होगा।

## 52 वर्ष वालों को पिछड़ी जाति पसंद नहीं : अरुणा

प्रथम महापौर ने ठेला व्यवसायी को ठेला बनवाने के लिए किया आर्थिक सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर हमीदगंज निवासी विक्की चंद्रवंशी जिनका ठेला दो दिन पूर्व बिजली विभाग द्वारा लगाये गये पोल अचानक ठेले पर गिर जाने के कारण छतिग्रस्त हो गया। उनके यहां जाकर उनसे और उनके परिवार वालों से मिली साथी ही ठेला बनवाने के लिए आर्थिक मदद की। ठेला व्यवसायी विकी चंद्रवंशी ने बताया यह ठेला मेरी जीविका का एकमात्र साधन है हमारे मोहल्ले के कई बड़े-बड़े निगम के जनप्रतिनिधि है लेकिन दो दिन बीतने के बाद भी मदद तो दूर मिलने भी लोग नहीं आये क्योंकि मैं एक गरीब पिछड़ी जाति का युवक हूं। आज प्रथम महापौर अरुणा मैडम को जैसे ही जानकारी मिली मेरे घर आई और अपनी सहानुभूति के साथ मुझे तुरंत ठेला बनवाने के लिए आर्थिक मदद की जिसके लिए मेरा पूरा परिवार उनका शुक्रगुजार है। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहां कि मैं समझ सकती हूं मोहल्ले में 52 वर्ष निगम क्षेत्र में राज करने वाले जनप्रतिनिधि होते हुए भी पिछड़ी जाति होने के कारण इस युवक के यहां नहीं पहुंचे जो दुखद है पर मैं बड़ी बहन की तरह अगली पिछड़े का भेदभाव किए बिना हर लोगों के यहां दुख सुख में जाती हूं और सभी का सम्मान तथा इज्जत करती हूं। इस अवसर पर मोहल्ले के काफी लोग प्रथम महापौर के आते के साथ पहुंचे और उनकी सराहना की। मोहल्ले के जितेंद्र कुमार, परमानंद चंद, अनिल राम, ब्रजेश कुमार बिट्ठु, छोटू कुमार, भारत कुमार अग्रवाल, सोनू कुमार, मोनू कुमार, सोहन राम एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डीएसओ ने मधुपुर पीडीएस दुकानदारों के साथ की बैठक, कहा
# योग्य लाभुकों को दिया जाये योजनाओं का लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** देवघर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति लता किस्कू ने मंगलवार को मधुपुर प्रखंड सभागार में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदारों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जन वितरण प्रणाली की पारदर्शिता सुनिश्चित करना, पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना और वितरण प्रक्रिया में आ रही समस्याओं का समाधान करना था। बैठक दो चरणों में आयोजित की गयी–पहले चरण में ग्रामीण क्षेत्रों के डीलरों के साथ चर्चा की गई, जबकि दूसरे चरण में शहरी क्षेत्र के डीलरों के साथ विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने पीडीएस योजनाओं की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और लाभुकों की पहचान व वितरण प्रक्रिया में सुधार पर विशेष जोर दिया। प्रीति लता किस्कू ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे लोगों की पहचान की जाए जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं और योजना के पात्र नहीं हैं, लेकिन फिर भी कार्ड का लाभ उठा रहे हैं। ऐसे अपात्र व्यक्तियों के कार्ड निरस्त किए जायें और वास्तव में जरूरतमंद तथा वंचित लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा, 'सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं तक पहुंचे जो वास्तव में इसके हकदार हैं।' उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन कार्डधारकों ने अब तक अपनी केवाईसी प्रक्रिया पूरी नहीं की है, उन्हें राशन वितरण से वंचित रखा जाये। साथ ही जिन लाभुकों ने लंबे समय से राशन नहीं उठाया है, उनके कार्ड की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाये।

बैठक के दौरान डीलरों ने अपनी समस्यायें और विभिन्न तरह की दिक्कतें जिला आपूर्ति पदाधिकारी के समक्ष रखीं। इन मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जायेगा। इस मौके पर अंचल अधिकारी यामुन रविदास, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डॉ. हरेराम दिनकर समेत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के जन वितरण प्रणाली दुकानदार मौजूद थे।

## जनता के टैक्स का पैसा खराब स्ट्रीट लाइट और अन्य सामग्रियों में पानी की तरह बहा है : पूनम सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा पूनम सिंह ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में भ्रष्टाचार और लापरवाही की पराकाष्ठा सामने आ रही है। लाखों रुपये की लागत से नयी डिजाइन की स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं, लेकिन हाल यह है कि खंभे लगते ही धराशायी हो रहे हैं। कई खंभे तो फाउंडेशन समेत उखड़कर गिर गये हैं, जो इस पूरे कार्य की घटिया गुणवत्ता और लापरवाही को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि जनता का टैक्स का पैसा इस तरह पानी में बहाना केवल और केवल भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की देन है। सबसे शर्मनाक यह है कि जहां पहले से स्ट्रीट लाइटें लगी हुई थीं, वहीं दोबारा नई लाइटें लगाई जा रही हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि यह परियोजना जनता की सुविधा के लिए नहीं, बल्कि केवल ठेकेदारों और अधिकारियों की जेब भरने के लिए चलाई जा रही है। इस तरह का फिजूलखर्ची और दोहराव यह साबित करता है कि नगर निगम प्रशासन जनता के हित और शहर के विकास की जगह भ्रष्टाचार के महाआडंबर में डूबा हुआ है। जनता को ठगा जा रहा है। शहर के असली मुद्दे ड्रेनेज सिस्टम, गंदगी, टूटी सड़कें, जलजमाव और सफाई व्यवस्था सब अधूरे पड़े हैं। बारिश में पूरा शहर जलमग्न हो जाता है, मोहल्लों की नालियां चोक रहती हैं और सड़कों पर गड्ढों के कारण रोज दुर्घटनाएं होती हैं। इन समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय नगर निगम जनता के पैसों को दिखावटी और बेकार परियोजनाओं पर लूटा रहा है।

पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद मेदिनीनगर पूनम सिंह ने कि यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि जनता के साथ विश्वासघात है। नगर निगम प्रशासन जनता को गुमराह कर उनके मेहनत की कमाई से वसूले गये पैसों को लूटने का षड्यंत्र कर रहा है। मैं इस पूरे मामले की तत्काल उच्च स्तरीय जाँच की मांग करती हूं और यह भी मांग करती हूं कि दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदारों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाये।

# पांच दिनों में उचित मूल्य पर खाद नहीं मिला तो किसानों के साथ धरना पर बैठेंगे : कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** पांच दिनों में किसानों को उचित मूल्य पर खाद नहीं मिला तो बाध्य हो कर किसानों के साथ सड़क पर बैठेंगे। उक्त बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश कुमार यादव ने मंगलवार को हरिहरगंज बेलौदार मोड़ स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से कही। वे क्षेत्र के किसानों के साथ प्रेस कांफ्रेंस की है। किसानों के हित में उन्होंने कहा कि कई वर्षों के बाद इस बार अच्छी बारिश की वजह से खेतों में धान की फसल लह-लहा रही है, किंतु समय पर यूरिया खाद नहीं मिलने से किसान दर-दर भटक रहे हैं। सपा नेता ने पलामू उपायुक्त से मांग करते हुए कहा है कि हरिहरगंज क्षेत्र के सभी पैक्स गोदामों में खाद उपलब्ध कराते हुए अधिकारियों की उपस्थिति में किसानों के बीच वितरण कराया जाये। उन्होंने कहा कि पांच दिनों में उचित मूल्य पर किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पायी तो बाध्य हो कर क्षेत्र में किसानों के बीच अभियान चलाकर हल, बैल, ट्रैक्टर और कुदाल के साथ सड़क पर बैठेंगे और जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक प्रदर्शन जारी रखेंगे।

## यूरिया खाद की किल्लत के लिए जिला कृषि पदाधिकारी प्रशासन एवं निजी कंपनियों के स्टॉकिस्ट दोषी : डॉ मेहता



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** यूरिया की कालाबाजारी जानबूझकर किल्लत पैदा की गयी है। अप्रैल से अगस्त महीने तक पलामू जिले को 8179.34 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है। जिसका अर्थात लगभग 81 हजार 800 क्विंटल यूरिया पूरे पलामू जिले को प्राप्त हुआ। कहीं ना कहीं यूरिया का वितरण करने में जिला कृषि पदाधिकारी एवं प्रशासन के द्वारा पारदर्शिता और तय प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। उक्त बाते विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने संवादाता सम्मेलन मे कही। उन्होंने कहा कि जिसका परिणाम है खेती के लिए किसान भाई 266 रुपये की यूरिया 500 रुपया की कीमत चुका कर खरीद रहे हैं, उसके बाद भी उन्हें यूरिया नहीं मिल पा रही है। खेती के समय किसान भाई यूरिया के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़े हैं। आखिर जब इतनी बड़ी मात्रा में यूरिया उपलब्ध हुआ तो यूरिया का क्या हुआ। कहीं ना कहीं यूरिया खाद वितरण के लिये जवाबदेह जिला कृषि पदाधिकारी, प्रशासन, प्रखंड कृषि पदाधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो किसान हित में जोरदार विरोध किया जायेगा। जबतक यूरिया के कालाबाजारियों को सजा नहीं मिलती तब तक पुरजोर आंदोलन किया जायेगा।

## ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** मधुपुर थाना परिसर में मंगलवार को ईद मिलाद उन नबी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने की। इस कार्यक्रम में सीओ यामुन रविदास, नगर परिषद प्रशासक सुरेंद्र किस्कु, विद्युत सहायक अभियंता दीपक कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी डाक्टर राकेश कुमार रवि मौजूद थे। सीओ यामुन रविदास और एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने आम जनता से अपील की त्योहारों को शांतिपूर्ण और सद्भावपूर्ण तरीके से मनाएं। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, जुलूस अपने रूट से ही जाएंगे। बैठक में अरविंद तिवारी, डॉ संजीत कुमार, गुलाम अशरफ उर्फ.राजु, पुर्व नगर परिषद अध्यक्ष फैय्याज कैसर, पुर्व नगर परिषद अध्यक्ष संजय यादव, मो रकिब अंसारी, मो मुशर्रफ हुसैन, मोती सिंह, हाजी अल्ताफ, मुस्लिम सहित कई समाजसेवी व प्रमुख बुद्धिजीवी लोग मौजूद थे।

## हार्वे उच्च विद्यालय को प्लस टू का दर्जा दिलाना हमारी प्राथमिकता : राजू मेहता



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत उतरी जिला परिषद क्षेत्र से जुड़े देवरी कला व देवरी खुर्द पंचायत से जुड़े लोगों के लिए खुशखबरी है। उतरी जिप सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता के सकारात्मक प्रयास से उक्त दोनों पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण के लिए विभाग ने निविदा का प्रकाशन कर दिया है। विदित हो कि क्षेत्र वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला परिषद सदस्य श्री मेहता द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण को लेकर पत्राचार व ज्ञापन के माध्यम से विभाग व सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया था। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र वासियों को उच्च शिक्षा के लिए सोन वैली हार्वे उच्च विद्यालय को प्लस टू का दर्जा दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण से इस क्षेत्र से जुड़े हजारों लोगों को चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा।

## हुसैनाबाद मध्य विद्यालय में जागरूकता रैली



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के मध्य विद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर साक्षरता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने पोषक क्षेत्र हैदरनगर रोड, गांधी चौक, अंबेडकर चौक व मुख्य बाजार का भ्रमण कर लोगों को शिक्षा के साथ जुड़ने का आह्वान किया। रैली में शामिल बच्चे हाथ में तख्तियां लिये हुये थे, जिसमें आधी रोटी खायेंगे, फिर भी स्कूल जायेंगे।सब पढ़ें सब बढ़ें। साक्षरता है श्रृंगार हमारा वरना व्यर्थ है जीवन हमारा। पढ़ेंगे पढायेंगें, साक्षर समाज बनायेंगे समेत कई अन्य साक्षरता से संबंधित स्लोगन लिखे हुए थे। कार्यक्रम को प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, मुहम्मद जुबैर अंसारी, राजेश कुमार सिंहा, शिक्षिकाओं में सुषमा पांडेय, आशा कुमारी, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश ने आदि ने संबोधित किया।

# पलामू भाजपा महिला मोर्चा के तत्वावधान में कांग्रेस के खिलाफ निकाली गयी आक्रोश रैली

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** शहर के गीता भवन से छह मुहान चौक तक भाजपा पलामू महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना किशोर के नेतृत्व में कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली गयी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेता द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के खिलाफ की गयी कथित अपमानजनक टिप्पणियों के लिए देश से माफी मागें। राहुल गांधी को राजनीति के लिए अयोग्य करार दिया और कांग्रेस पर बिहार चुनाव प्रचार में अपने निम्न स्तर तक गिरने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो महिलाओं का सम्मान करती है। आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए पूर्व मेंयर अरुण शंकर ने कहा कि कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। यह घटना कांग्रेस के चरित्र को दर्शाती है। प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के द्वारा निकाली गयी रैली में देश के प्रधानमंत्री मोदी के मां के प्रति अमर्यादित भाषा के प्रयोग से देश की समस्त नारी शक्ति आहत है। अगर इंडिया गठबंधन में थोड़ी सी भी नैतिकता है, तो ऐसी घटिया हरकत लेकर के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह ने कहा यह सभी के मां का अपमान है केवल मोदी जी के मां का अपमान नहीं है। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के इस हरकत से देश शर्मसार है।

इस कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य संध्या सिंह, रेनू देवी, नीलम देवी, मंजू गुप्ता, रेखा गुप्ता, उषा मखाड़िया, सुनीता सिंह, प्रिया श्रीवास्तव, किरण अग्रवाल, ललिता सहाय, उपासना सिंह, नीलम कुमारी, नीलिमा झा, रेखा देवी, पुष्पा सिंह, प्रतिमा सिन्हा, चिंतामणि देवी, प्रेमलता, बिंदु देवी, बेबी देवी, परशुराम ओझा, विजय ठाकुर, धर्मेंद्र उपाध्याय, सोमेश सिंह, जितेंद्र तिवारी, श्वेतांग गर्ग, सरवन गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में नारी शक्ति मौजूद थी।

## विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** रेहला खुर्द निवासी अनिरुद्ध गिरी (60) की मौत विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से हो गयी। घटना मंगलवार दिन के ग्यारह बजे की बतायी जा रही है। रेहला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये मेदिनीनगर एमएमसीएच में भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार अनिरुद्ध गिरी अपने धान की खेत में घास निकाल रहे थे। तभी खेत में पहले से गिरे पड़े बिजली की तार की चपेट में आ गये, जिसमें विद्युत प्रवाहित था। परिजनों ने उन्हें अविलंब विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रीय ले गये। जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है। इधर ग्रामीणों ने बताया कि घटनास्थल के आसपास से गुजरने वाला सभी तार व पोल जर्जर हो चुका है। कई जगह तो तार नीचे झूल रहा है।

# सत्संग आश्रम में श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का आगमन दिवस आस्था के साथ मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का आगमन दिवस मंगलवार को सत्संग आश्रम में बड़े ही धूमधाम और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकाल बैंड-बाजे और कीर्तन मंडली के साथ भव्य शोभायात्रा से हुई। यह शोभायात्रा सत्संग आश्रम से निकलकर बैद्यनाथधाम रेलवे स्टेशन तक गयी और वहां से सत्संग चौक होते हुए पुनः आश्रम लौटी। शोभायात्रा में अनुशासन और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। इसमें देशभर से आए करीब दो लाख अनुयायियों ने हिस्सा लिया। बिहार और झारखंड से आये अनुयायियों ने आयोजन की कमान संभाली, वहीं बंगाल, ओड़िशा, असम सहित विभिन्न राज्यों से भी भारी संख्या में अनुयायी यहां पहुंचे। आगमन दिवस को लेकर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में प्रवचन, भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन हुआ। पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने ठाकुर अनुकूलचंद्र के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## कुरु घाटी में बाइक का ब्रेक फेल होने से तीन घायल, एक रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** नेतरहाट थाना क्षेत्र के कुरु घाटी में बाइक का ब्रेक फेल होने से बाइक में सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में नेतरहाट दुरगुमी निवासी 50 वर्षीय मुनी देवी 21 वर्षीय संदीप लोहरा और 19 वर्षीय रीता देवी शामिल है। घटना के बाद सोमवार की रात 7:30 बजे दो घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद मुन्नी देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक एक बाइक में सवार होकर तीनों सोहर पाठ गांव मेहमान गए थे वापसी के क्रम में बाइक का ब्रेक फेल होने से कुरु घाटी में गिर गये। घटना में मुन्नी देवी के सिर और चेहरा में गंभीर चोट लगी जबकि अन्य दोनों को हल्की चोट लगी।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in


# बालू के लिए 18 घाट चिन्हित, एक ही ग्रुप में 15 को होगी इ-नीलामी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में 18 बालू घाटों की नीलामी को लेकर समाहरनालय के सभागार में खनन पदाधिकारी विभूति कुमार की अध्यक्षता में स्थानीय ठेकेदारों की बैठक मंगलवार की अपराह्न 4 बजे संपन्न हुई।

बैठक में खनन पदाधिकारी ने बालू घाटों के नीलामी को लेकर ब्रीफिंग किया। बताया कि 18 बालू घाट को नीलामी के लिए एक ग्रुप बनाया गया है जिसमें दो करोड़ 50 लाख 23 हजार 770 घन फिट बालू है। डाक की न्यूनतम राशि 32 करोड़ 30 लाख 4 हजार 256 से आरंभ होगा। इस बैठक में जिले के कई संवेदक शामिल हुए खनन पदाधिकारी ने बताया पूरे राज्य के लिए एक पॉलिसी है जिसमें 3 करोड़ सीएफटी पर एक ग्रुप बनाये जाने का प्रावधान है। बैठक से निकलने के बाद संवेदकों ने बताया बालू घाट नीलामी का नियम और शर्त कठिन है। लगभग 32 करोड़ की राशि 18 बालू घाट के लिए 10% जमा करना है छोटे कारोबारी इसके लिए सक्षम नहीं है।बड़े कारोबारी ही इस निविदा में भाग ले सकते हैं। वही संवेदीकों ने बैठक में आपत्ति भी जतायी। खनन पदाधिकारी ने बताया कि टेंडर भरने की प्रक्रिया 3 से 10 सितंबर है। 12 सितंबर को टेंडर खोला जायेगा जबकि 15 सितंबर को ई नीलामी के जरिए बोली लगायी जायेगी।

## दो दुष्कर्मियों को 20 साल कारावास और दो लाख जुर्माना

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे चार संजीव भाटिया की अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में कड़ा फैसला सुनाते हुए पुसो बानपुर निवासी सुनील गोप और उसके सहयोगी राजकुमार उरांव को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों आरोपियों को पॉक्सो एक्ट की धारा छह के तहत 20-20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही प्रत्येक पर दो-दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यदि जुर्माना अदा नहीं किया गया तो दोषियों को एक साल अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। मामला 19 अक्टूबर 2023 का है। घटना के दिन पीड़िता कोंचिग के बाद साइकिल से घर लौट रही थी। उसी दौरान रास्ते में आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपित सुनील गोप ने नाबालिग को जबरन पकड़कर धान के खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के युवा समिति के जिला अध्यक्ष बने कौशल साहु




**गुमला (आजाद सिपाही)।** छोटा नागपुरिया तेली उत्थान समाज गुमला के पदाधिकारियों ने तेली छात्रावास गुमला में युवा समिति का विस्तार को लेकर मंगलवार की अपराह्न 4 बजे बैठक किया ।बैठक की अध्यक्षता कलिंदर साहु के द्वारा किया गया। सर्व सहमति से युवा समिति का अध्यक्ष कौशल साहु, उपाध्यक्ष बिरेंद्र साहु, बलराम साहु, धनेश्वर साहु, विक्की साहु, अनुप कुमार साहु, सचिव शिवनारायण साहु, सह सचिव दीपक कुमार साहु, अनिल कुमार साहु, अर्जुन साहु, शम्भु कुमार साहु, विकाश कुमार साहु, संगठन मंत्री उतम साहु, केशरी साहु, कोषाध्यक्ष बिरेंद्र साहु, कार्यालय प्रभारी अजय साहु, प्रवक्ता दिनेश कुमार साहु, मीडिया प्रभारी विकाश कुमार, सह मीडिया प्रभारी नवीन कुमार साहु, आई टी सेल प्रीति साहु, राजेंद्र कुमार नाग, और ज्योति कुमार साहु को विधिक सलाहकार का दायित्व सौंपा गया हैं। बैठक में मुख्य संरक्षक हीरा साहु, महिला समिति के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में बुद्धिजीवी और युवा समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो प्रखंड के सुकुरहुटू नदी टोली गांव में विगत चार माह से ट्रांसफॉर्मर जला हुआ था, जिससे ग्रामीण और विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहां के ग्रामीणों के द्वारा कई बार प्रयास के बावजूद ट्रांसफार्मर नहीं मिला इसकी सूचना ग्रामीणों ने गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी को दिया आजाद अंसारी ने बिजली विभाग से ग्रामीणों को 25 केवी का ट्रांसफार्मर दिलाया जिसका उद्घाटन आजाद अंसारी ने गांव पहुंच कर किया। ग्रामीणों ने आजाद अंसारी का ढोल मांदर के साथ स्वागत किया और आजाद अंसारी का आभार व्यक्त किया। मौके पर युवा कांग्रेस जिला महासचिव प्रत्याशी मंजूर आलम, बुधवा टाना भगत, सुकरू टाना, पंचायत समिति भरत उरांव, भगत रामचंद्र उरांव, बुधराम टाना, भगत गेंद्रा उरांव, फैजान अंसारी, लखु उरांव, दारा लोहरा, कर्मा उरांव सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नवडीहा के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही होगी। वहीं मां, बहन और बेटी गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार छोटा खपिया निवासी लगभग 20 वर्षीय रामवीर उरांव की मौत सड़क दुर्घटना से हुई है। घायलों में लगभग 45 वर्षीय मां मुनी देवी, बहन 14 वर्षीय करिश्मा कुमारी व बेटी 3 वर्षीय आरोही कुमारी घायल है। घायल करिश्मा कुमारी ने बताया कि सभी गम्हरिया बाजार गए थे वहां से मोटरसाइकिल में सवार होकर अपना घर लौट रहे थे। इसी दौरान नवडीहा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे हाईवे से सीधी भिड़ंत हुई। घटना के बाद रामवीर की मौत घटनास्थल पर होगी। जिसके बाद ग्रामीणों व पुलिस की मदद से सभी को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां इलाज के बाद तीनों घायल को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं मृतक रामवीर के शव को घाघरा पुलिस कब्जे में लेकर थाना ले आई है।

# घाघरा-गुमला हाइवे पर बना जानलेवा गड्ढा, विभाग बेखबर

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा गुमला नेशनल हाईवे पर छठ नदी के पास पिछले तीन महीने से बना विशाल गड्ढा अब स्थानीय लोगों की जान के लिए खतरा बन चुका है। इस गड्ढे में आए दिन बड़े वाहन जैसे बस और ट्रक फंस जाते हैं।वहीं छोटी गाड़ियों के लिए इस मार्ग को पार करना मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों और महिला स्कूटी सवारों को हो रही है।कई बार बच्चे इस गड्ढे में गिरकर घायल हो चुके हैं। वहीं महिलाएं स्कूटी से गिरकर चोटिल हो गयी हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधि समस्या के प्रति पूरी तरह से उदासीन दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले तीन महीने से यह गड्ढा जस का तस है और नेशनल हाईवे विभाग आंखों पर पट्टी बांधकर घूम रहा है।लोगों का आक्रोश अब बढ़ने लगा है। यदि शीघ्र सड़क मरम्मत नहीं की गयी तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क गुमला से घाघरा और आसपास के कई प्रखंडों को जोड़ती है। ऐसे में प्रतिदिन हजारों लोग इस सड़क से गुजरते हैं।खराब सड़क के कारण न केवल वाहन चालक परेशान हैं बल्कि आमजन के लिए भी यह एक बड़ी चुनौती बन गयी है।

**मासूमों की जान पर संकट, गड्ढे से बच्चों की सुरक्षा खतरे में :** स्कूल जाने वाले बच्चे अक्सर इस गड्ढे में गिरकर घायल हो रहे हैं जिससे माता-पिता बच्चों की सुरक्षा को लेकर लगातार चिंतित हैं।बरसात के समय यह गड्ढा और खतरनाक हो जाता है और अभिभावक बच्चों को ले जाते वक्त हमेशा डर और सहम के बीच रहते हैं।स्थानीय लोगों ने कई बार विभागीय अधिकारियों को सूचना दी है लेकिन अब तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया है जिससे गुस्सा बढ़ता जा रहा है।

**नेता बने मौन दर्शक, जनता के गुस्से का बढ़ा पारा :** तीन महीने से सड़क की बदहाली जस की तस बनी हुई है और अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि पूरी तरह मौन हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नेताओं को केवल चुनाव के समय जनता की याद आती है, वे वोट मांगने तो पहुंच जाते हैं लेकिन सड़क समस्या पर ध्यान नहीं देते। आक्रोशित ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है और कहा है कि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो बड़ा विरोध प्रदर्शन होगा।

### टैक्स पूरा लिया जाता सड़क रखरखाव में सरकार नाकाम


सरकार वाहन मालिकों से हर साल टैक्स के नाम पर लाखों रुपए वसूलती है लेकिन सड़क की हालत बेहद शर्मनाक बनी हुई है। आरटीओ और परिवहन विभाग टैक्स वसूली में सख्त हैं मगर सड़क रखरखाव में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि जब सड़क ही सुरक्षित नहीं तो टैक्स वसूली का औचित्य क्या है। नेशनल हाईवे पर गड्ढों से दुर्घटनाएं आम हो चुकी हैं और लोगों की मांग है कि टैक्स वसूली की तरह सड़क मरम्मत पर भी सरकार जिम्मेदारी दिखाए।

## बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर एसडीओ ने किया विद्यालय का निरीक्षण




**बसिया (आजाद सिपाही)।** आगामी बोर्ड परीक्षा को देखते हुए एसडीओ जयवंती देवगम द्वारा +2 उच्च विद्यालय बसिया का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यालय की शैक्षणिक स्थिति, भवन की व्यवस्था, प्राथमिक सुविधाओं, बच्चों के सिलेबस की प्रगति एवं नियमित रूप से आयोजित होने वाले रेल टेस्ट की समीक्षा की गयी। उन्होंने बच्चों को बेहतर ढंग से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया तथा पढ़ाई की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया। एसडीओ द्वारा शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि निर्धारित समय सीमा में सिलेबस पूरा किया जाए और रेल परीक्षा के परिणामों की ऑनलाइन प्रविष्टि समय पर सुनिश्चित की जाये। साथ ही शिक्षकों को समय पर विद्यालय आने और बच्चों का कोई भी पीरियड न छूटने देने की हिदायत दी गयी। गुमला उपायुक्त के निर्देशानुसार चल रहे इस विशेष कार्यक्रम के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा की तैयारियां समय पर और सही ढंग से पूरी हों, ताकि छात्र-छात्राएं उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर सकें।

## बीडीओ की पहल पर दिव्यांग को मिला ट्राइसाइकिल



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी की पहल पर दिव्यांग को ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर लाभुक ने कहा कि इस ट्राइसाइकिल से अब उन्हें दैनिक जीवन की गतिविधियों में आसानी होगी तथा आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व ग्रामीणों ने लाभुक को ट्राइसाइकिल प्रदान कर हौसला बढ़ाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए लगातार योजनाएं चला रही है और उनका उद्देश्य है कि प्रत्येक जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं समाज के कमजोर वर्ग के लिए प्रेरणादायक हैं। मौके पर कई स्थानीय लोग और अधिकारी मौजूद रहे।

## डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट मामले में सात पर मामला दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के गुमला थाना क्षेत्र के घटगांव पंचायत के सतपारा घट्टा निवासी बालकी देवी 44 वर्ष पति सुरेश महतो ने डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट करने तथा धमकी देने को लेकर गुमला सदर थाना प्रभारी के पास गांव के सात लोगों के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। बालकी देवी ने थाना में लिखित दिया है कि मेरे पति लेबर का काम करने गुमला जाते हैं और शाम को घर लौटते हैं, शनिवार 30 अगस्त की रात्रि सपरिवार खाना खाकर बर्तन धो रही थी तो रात्रि 8 बजे दरवाजा पिटने का आवाज सुनाई दी जैसे ही दरवाजा खोली तो गांव के मंगलेश्वर महतो उर्फ मंगरू महतो, अनिता देवी पति मंगलेश्वर महतो, मनोज सिंह, बेलु सिंह, रोहित सिंह, बबलु सिंह, भैयालाल सिंह सभी सात लोग मुझे एवं मेरे पति सुरेश महतो , देवर नंदू महतो एवं देवरानी राधा देवी को डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट करने लगे और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए घर में आग लगाकर जला देने का धमकी देने लगे तथा 10 दिनों के अंदर गांव एवं घर छोड़ने का चेतावनी दिये अन्यथा पूरे परिवार को जिंदा जला कर मार देने का धमकी दिये।

# इनडोर स्टेडियम का डीडीसी ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** बसिया प्रखंड के कोनबीर स्थित इनडोर स्टेडियम का उद्घाटन मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि गुमला डीडीसी दिलेश्वर कुमार महतो ने फीता काटकर किया। उद्धघाटन के अवसर पर डीडीसी दिलेश्वर महतो और बसिया एलआरडीसी शेखर कुमार ने स्वयं बैंडमिंटन खेलकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर अनुमंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया गया जिसमें बसिया, कामडारा और पालकोट प्रखंड के लगभग 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-17 बालक वर्ग में अरनव मिश्रा विजेता और अभिजीत कुमार साहू उपविजेता रहे। अंडर-17 बालिका वर्ग में कृतिका कुमारी प्रथम तथा श्रेया गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहीं।अंडर-19 बालक वर्ग में भी अरनव मिश्रा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि अनुज नाग दूसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डीडीसी दिलेश्वर कुमार महतो ने अपने संबोधन में कहा कि मानसिक और शारीरिक विकास के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि लेनी चाहिए।

**जनप्रतिनिधि नहीं रहे उपस्थित :** अनुमंडल स्तरीय इनडोर स्टेडियम के उद्धघाटन समारोह में बसिया प्रखंड के एक भी पंचायत जनप्रतिनिधि प्रमुख , जिप सदस्य, मुखिया आदि उपस्थित नही रहे। इस संबंध में अनेको जनप्रतिनिधियों जानकारी लेने पर बताया गया कि उन्हें इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में किसी प्रकार का कोई आमंत्रण या सूचना नही दिया गया था। इस मौके पर एसडीओ जयवंती देवगम, एलआरडीसी शेखर कुमार, बसिया बीडीओ सुप्रिया भगत, कामडारा बीडीओ जोसेफ कंडुलना, बसिया सीओ नरेश कुमार मुंडा, कामडारा सीओ सुप्रिया एक्का, बीपीओ अनुपम कुमार, अंजनी मिश्रा, शशिकांत साहू, ओमप्रकाश ओहदार समेत कई अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## गुमला में जागरूकता समारोह का आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार, मंगलवार को गुमला में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जहां सड़क सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता का एक अनूठा संगम देखने को मिला। नरसिंग कौशल कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा, मानव तस्करी, बाल श्रम, और शराब पीकर गाड़ी चलाने जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता फैलाना था। इस आयोजन में कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। गुमला जिले के शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।

# करमा पूजा भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है : प्रधानाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** डीएवी गुमला में करमा पर्व पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नन्हें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने कहा कि करमा पूजा भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है, जिसे अच्छे स्वास्थ्य, लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता है। यह एक आदिवासी फसल उत्सव भी है, जो अच्छे फसल और प्रकृति की पूजा से जुड़ा है। इस पर्व पर बहनें अपने भाइयों के लिए उपवास रखती हैं और करम वृक्ष की शाखा की पूजा करती हैं। यह विद्यार्थियों को हमारी संस्कृति के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है और प्रकृति से जोड़ता है। साथ ही इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं और उनकी प्रतिभा को निखारते हैं। शिक्षिका संजुक्ता खटुआ ने कहा कि करमा पर्व मनाने से झारखंडी संस्कृति की झलक मिलती है। यह भाई-बहन के प्रेम का पर्व है। शिक्षिका छवि कृति के मार्गदर्शन में जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने करमा पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी जिसकी सभी ने काफी प्रशंसा की। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**

**District Planning Office, Latehar, 829206**

**R.F.P**

**Fact Sheet, Second Call**

| | |
|---|---|
| Name of the work | Re Tender of Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at KGBV Residential School Chandwa, Latehar |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 02/ 09 /2025, 11:00 AM |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 11/ 09/2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 13/ 09/2025, 11:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 13 / 09 / 2025, 3:00 pm |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 5000/- (Rupees five thousand only) |
| Earnest Money Deposit (EMD) online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 1,00,000/- (One lakh rupees only) |
| Method of selection | Cost -Based Selection (CBS) Method - **State 1: -** The eligibility criteria documents as per Annexture-A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first state. The bidders meeting the Technical Evaluation criteria only will be shortlisted for further Financial Bid evaluation **State 2: -** Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. |

*Table1: RFP Schedule*

Note:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.

**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

3. **"All bidders are requested to paginate every page of the documents submitted in the Technical Bid and provide an index clearly mentioning the details of each page."**

PR 361159 Planning and Development(25-26).D

District Planning Officer
Latehar



**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**

(CIN – U40108JH2013-SGC001702)

ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, RAMGARH

RAMGARH, PIN – 829122

**CORRIGENDUM**

Due to some unavoidable circumstances the due date for following e-tender notice is hereby extended as following manner:

| Sl. No | NIT No. | Name of work | Estimated cost (InRs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (GST18% Included) Non-refundable (In Rs.) | Time of Completion (In Day) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 138/PR/JBVNL /2025-26 | R&M of toilet and provision of water supply system with APP of old office block at Electric Supply Sub- Division office, Bhurkunda. | 3,97,500.00/- | 8000.00/- | 885.00/- | 90 days |
| 02 | 139/PR/JBVNL /2025-26 | R&M of Sl no.F02 staff quarter under ESC Ramgarh premises. | 3,53,800.00/- | 7100.00/- | 885.00/- | 90 days |
| 03 | 140/PR/JBVNL /2025-26 | Construction of approach path from E/S/C Ramgarh to Electric Supply Section, Ramgarh. | 7,11,000.00/- | 14300.00/- | 1475.00/- | 60 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | 11/08/2025 From 02.00 PM |
| Last date and time for uploading of e-Tender | 08/09/2025 up to 03:00 PM |
| Last date and time for physical submission of original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money | 09/09/2025 up to 03:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part -I (Technical and Commercial) | 10/09/2025 At 02:00 PM |
| Date and time for opening of tender Part-II (Price Part) | To be communicated further |
| Tendering officer and address for communication | E.S.E, Electric Supply Circle, Ramgarh |

Other terms and conditions will remain same as in the tender notice.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 359338

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Ramgarh

PR 361078 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (25-26)_D

## गर्भवती को खटिया पर टांगकर पहुंचाया अस्पताल



**देवरी/ गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** आजादी के 78 साल बाद भी झारखंड के कई सुदूरवर्ती गांव में मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड अंतर्गत खटोरी पंचायत के जेवड़ा गांव की एक दर्दनाक तस्वीर सामने आयी है, जहां सड़क नहीं होने के कारण प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला को ग्रामीणों ने खटिया पर कंधे का सहारा देकर अस्पताल तक पहुंचाया। देवरी प्रखंड के जेवड़ा गांव में बुनियादी सुविधा की कमी एक बार फिर बड़ी समस्या बनकर सामने आई। नरेश सोरेन की 19 वर्षीय पत्नी सलगी मुर्मू प्रसव पीड़ा से परेशान थी। गांव में सड़क नहीं होने और एंबुलेंस की सुविधा न पहुंच पाने के कारण परिजनों और ग्रामीणों ने उसे खटिया पर लिटाकर कंधों पर उठाकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाया। वहां से महिला को तीसरी स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक इस गांव को जोड़ने वाली सड़क नहीं बन पायी है। गांव तक पहुंचने के लिए लोगों को एक नदी पार करनी पड़ती है। वर्तमान में बरसात का मौसम होने से नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है और पूरा गांव टापू में तब्दील हो गया है। ऐसे में ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तत्कालीन उपायुक्त बंदना दादेल ने भी इस गांव का दौरा किया था और सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद अब तक सड़क निर्माण नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से जल्द से जल्द गांव तक सड़क निर्माण कराने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचा जा सके।

## पानी की समस्या से जूझ रहे हैं गोविंदपुर तिलकरायडीह के लोग

**गोविंदपुर (आजाद सिपाही)।** तिलकरायडीह गोविंदपुर के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं लेकिन पीएचडी के कान में जू तक नहीं रेंगती। पीएचडी के जर्जर व्यवस्था से लोगों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है , पाइप लाइन बिछे हुए सालों बीत चुके हैं। लेकिन अभी तक ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि ऊपर बाजार पानी टंकी, में दो साल पहले 06 सितंबर 2023 को एक बैठक हुई थी, जहां डीएसडब्ल्यू इंजीनियर आनंद कुमार गोविंदपुर ने तीन क्षेत्रों की जल सहियाओं की उपस्थिति में 100 मिमी पाइप के 65 टुकड़े पास किये थे, जहां नये पाइप कनेक्शन का निर्णय लिया गया था। तिलकरायडीह गांव, अमरपुर गांव, गैडहारा गांव, गोविंदपुर में सभी नये पाइप कनेक्शन पास हो गये थे गैडहारा और अमरपुर तक पाइप लाइन फैल गए थे, लेकिन उन्होंने तिलकरायडीह गांव छोड़ दिया था। गांव वालों ने अनुरोध किया था कि कृपया पुरानी पाइपलाइन को पहले की तरह साफ करके चालू करें, लेकिन उन्होंने जमीन के उतार–चढ़ाव का बहाना बनाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है गांव में कोई चापाकल नहीं है और न निजी बोरवेल हैं जहां जल स्तर बहुत नीचे है और बोरवेल कही है भी तो पानी की गुणवत्ता बहुत खराब है जो कि पानी पीने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।

## सांसद की पहल पर अरगामों में लगा ट्रांसफार्मर



**नावाडीह (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखण्ड पंचायत खरपिटो ग्राम अरगामों में बिजली का अतिरिक्त दबाव उपभोक्ता के हिसाब से बढ़ रहा था। आय दिन पहले से लगे ट्रांसफार्मर में कुछ न कुछ खराबी आ रही थी। जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि सोनू चौधरी के मदद से सांसद को दी। सांसद ने चिट्ठी प्रेषित करते हुए विद्युत प्रमंडल चास को अविलंब नया ट्रांसफार्मर देने को कहा। गिरीडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के प्रयास एवं विभागीय पदाधिकारी के सहयोग से 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर एवं पोल सहित अतिरिक्त तार दिया गया। ग्रामीणो ने सांसद को आभार एंव धन्यवाद व्यक्त किया। सांसद के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि सोनू चौधरी की मां एंव ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से ट्रांसफार्मर का पूजा अर्चना कर के शुभ उद्घाटन किया गया। मौके पर हुलसी देवी, रूपा देवी, लीलावती देवी, चन्दमणि देवी, रमनी देवी, अनीता देवी, सविता चौधरी, मिथिलेश चौधरी, मुकेश चौधरी, राजेश चौधरी, अनिल कुमार, सुरेश महतो, गिरधारी महतो, भोला महतो उपस्थित थे।

## कथारा में शिकायत समाधान शिविर का किया आयोजन



**सीसीएल मुख्यालय के अधिकारियो की त्वरित पहल से दिखी शिकायतकर्ताओं में संतुष्टि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कथारा।** अफसर्स क्लब कथारा में शिकायत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यहां सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के निदेशक (मानव संसाधन) के मार्गदर्शन तथा सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 की थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी के अंतर्गत किए जा रहे काम का जमीनी असर दिखाई पडा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों, उनके परिजनों, संविदा कर्मियों एवं अन्य हितधारकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करना था। शिविर में कथारा क्षेत्र से कुल 17 आवेदन प्राप्त हुआ। इसमें सीएमपीएफ, पेंशन, सेवानिवृत्ति से संबंधित बकाया, सेवा एवं रोजगार संबंधी विषय तथा संविदा कर्मियों की चुनौतियां प्रमुख थीं। कई प्रकरणों का समाधान स्थल पर ही कर दिया गया। यहां महाप्रबंधक, कथारा क्षेत्र संजय कुमार ने कहा कि सीसीएल सदैव अपने कर्मचारियों और हितधारकों की समस्याओं का समय पर एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह शिविर केवल शिकायत निवारण का मंच नहीं है बल्कि विश्वास निर्माण की प्रक्रिया भी है। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय रांची से निदेशक (मानव संसाधन) के तकनीकी सचिव सह महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अशोक कुमार, मुख्य प्रबंधक, (मानव संसाधन-समाधान सेल), गौतम चौधरी, कथारा क्षेत्र की स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन), श्रीमती माधुरी मडके, कथारा क्षेत्र के नोडल अधिकारी, सतर्कता जागरूकता अभियान) चंदन कुमार, गुरु प्रसाद मंडल, राहुल कुमार सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के कथारा क्षेत्र के सचिव विजय कुमार सिंह सहित कई शिकायतकर्ता उपस्थित थे।

# 829 बोतल शराब के साथ दो गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह/ तिसरी।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत लोकाइ नयनपुर से पुलिस ने अवैध शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो चार पहिया वाहनों से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से कुल 829 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की, साथ ही दोनों वाहन भी जब्त कर लिया गया है। तस्करी में संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। इस संदर्भ में खोरीमहुआ के एसडीपीओ ने आयोजित एक प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि गिरिडीह एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि लोकाय के रास्ते से शराब की एक बड़ी खेप बिहार ले जायी जा रही है। सूचना के सत्यापन और त्वरित कार्रवाई के लिए गावां इंस्पेक्टर रोहित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान दो संदिग्ध वाहनों-एक स्कॉर्पियो (पंजीकरण संख्या बीआर 08 पी 8553) और एक हुंडई एक्सेंट (पंजीकरण संख्या जेएच 10 एजी 2178) की तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान दोनों वाहनों से अलग-अलग ब्रांड की कुल 829 बोतलें शराब बरामद की गयी। इनमें आइकॉनिक व्हाइट की 189 बोतल, रॉयल चैलेंज की 144 बोतल, रॉयल स्टेग की 16 बोतल तथा आफ्टर डार्क की 480 बोतल शामिल हैं। जब्त शराब की कीमत लगभग 3लाख रुपया आंका गया है ।

## ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत नर्सिंग होम में परिजनों का हंगामा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर 4 स्थित वृंदावन नर्सिंग होम में गॉलब्लैडर की पथरी का ऑपरेशन करने के बाद गंभीरावस्था में रिम्स रेफर किए गए मरीज मटुक रजवार की मौत हो गयी। इसके बाद परिजनों ने नर्सिंग होम के समक्ष जमकर बवाल काटा। गुस्साये परिजनों ने डॉक्टर पर ऑपरेशन में घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। नर्सिंग होम के बाहर सैकड़ो की संख्या में इकट्ठा हुए ग्रामीण महिला पुरुषों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषी डॉक्टर पर कठोरतम कार्रवाई की मांग की। परिजनों के माने तो मृतक को पित्ताशय की पथरी की समस्या थी। इलाज के लिए वह खुद साइकिल से अस्पताल आया था। डॉक्टर ने आश्वासन दिया था कि लेप्रोस्कॉपी सर्जरी के बाद 2 दिन में ही उसे डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। लेकिन, ऑपरेशन के बाद उसकी हालत और बिगड़ती चली गयी। आनन फानन में मरीज को गंभीर अवस्था में रिम्स रेफर किया गया। लेकिन पहले से ही केश इतना जटिल हो चुका था कि उसकी जान चली गयी। स्थानीय संगठनों ने भी इस मामले में न्यायिक जांच की मांग की है। गौरतलब है किविगत 19 अगस्त को डीसी के जनता दरबार में भी रजवार की पत्नी तिलका देवी चिकित्सीय लापरवाही की शिकायत करते हुए मामले की जांच एवं उचित इलाज की व्यवस्था की फरियाद की थी।

## बीएसएल में निदेशक प्रभारी क्वालिटी सर्किल ट्रॉफी का परिणाम घोषित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में आयोजित निदेशक प्रभारी क्वालिटी सर्किल (क्यूसी) ट्रॉफी-2025 प्रतियोगिता के परिणाम बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा 2 सितम्बर को घोषित किए गये। इस प्रतियोगिता में केस स्टडी एवं नॉलेज टेस्ट के संयुक्त मूल्यांकन के आधार पर कुल 36 टीमों को सम्मानित किया गया, जिनमें 30 टीमों ने पार-एक्सीलेंस तथा 06 टीमों ने एक्सीलेंस श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त किए है। मॉडल प्रतियोगिता में हॉट स्ट्रिप मिल की टीम चिराग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एचआरसीएफ की टीम हिमालय द्वितीय स्थान पर रही, जबकि पीइबी एवं आरसीएल की संयुक्त टीम वि साराभाई एवं सतर्क ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त कई टीमों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गये। अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता ने मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न मॉडलों का गहन निरीक्षण करते हुए प्रतिभागी टीमों की सराहना की और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल नवाचार को बढ़ावा देती हैं, बल्कि उत्पादकता, दक्षता एवं सुरक्षित कार्य संस्कृति को भी सुदृढ़ करती हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता का आयोजन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में किया गया था जिसमें संयंत्र के वर्क्स एवं नॉन-वर्क्स विभागों की कुल 40 क्वालिटी सर्किल एवं लीन क्वालिटी सर्किल टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) मनीष जलोटा एवं महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) अमरेश सिन्हा ने किया था। कार्यक्रम का सफल संचालन बिजनेस एक्सीलेंस की वरीय प्रबंधक श्रीमती देवयानी चक्रवर्ती, एवं श्रीमती सागरिका साहू ने अपनी टीम के सहयोग से किया।

## जनता दरबार में मिली दिव्यांग पेंशन की मंजूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार 'हम आपको सुनते हैं, 'आमजनों के लिए उम्मीद की नयी किरण साबित हो रही है। वर्षों से लंबित मामलों को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा के निर्देश पर मात्र आधे घंटे में सुलझा लिया गया। जनता दरबार में पहुंचे बसंत बिहार चिरा चास निवासी राकेश कुमार और सेक्टर आठ निवासी श्याम सुंदर कुमार के चेहरे खुशी से खिल उठे जब उनकी समस्याओं का समाधान अधिकारियों ने तुरंत कर दिया। किसी को वर्षों से लंबित भूमि का रसीद मिला तो किसी को दिव्यांग पेंशन की मंजूरी। दोनों लाभुकों ने भावुक होते हुए कहा कि आज हमें सचमुच लगा कि जिला प्रशासन हमारे साथ है। जनता दरबार का सबसे भावुक क्षण उस समय आया जब सेक्टर आठ निवासी श्याम सुंदर कुमार ने आत्महत्या करने की अनुमति का आवेदन उपायुक्त के समक्ष रखा। वर्षों तक भटकने और मदद नहीं मिलने के कारण वे पूरी तरह निराश हो चुके थे। उन्होंने बताया कि काम के दौरान किसी दुर्घटना के कारण उनका हाथ क्षतिग्रस्त हो गया था, उस समय कंपनी द्वारा जो वादा किया गया, उसका पालन नहीं किया गया। मामला न्यायालय में लंबित है। आय का कोई श्रोत नहीं है - भरण पोषण में भी समस्या आ रही है। इस पर उपायुक्त ने ऐसे किसी भी तरह (आत्महत्या) का कदम नहीं उठाने को कहा। उन्होंने ईश्वर द्वारा दिए इस जीवन के महत्व को बताया, कहा कि प्रशासन आपके साथ हैं आपको न्याय मिलेगा। उपायुक्त के निर्देश पर उनका दिव्यांग पेंशन तत्काल स्वीकृत किया गया। यह खबर सुनते ही श्याम सुंदर भावुक हो उठे। जब राकेश कुमार का भूमि रसीद कट गया और श्याम सुंदर कुमार को दिव्यांग पेंशन की स्वीकृति मिली, तो उन्होंने उपायुक्त और प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताया। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आमजन से सीधा कनेक्ट करना है। वर्षों से लोग अपनी समस्याओं को लेकर भटकते रहे हैं, लेकिन अब हर सप्ताह प्रशासन उनके बीच पहुंच रहा है।

## मोटरसाइकिल चोरों का सरगना सोनू धराया

**तीसरा/ सिंदरी (आजाद सिपाही)।** मोटरसाइकिल चोरी का मुख्य सरगना सोनू सिंहा को धनबाद पुलिस ने झरिया क्षेत्र से धर दबोचा। इसके बाद उसे जेल भेज दिया। सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने सिंदरी स्थित कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि मोटरसाइकिल चोरों के गिरोह का फरार सरगना सोनू सिंहा को धनबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार सोनू सिंहा को तिसरा पुलिस जेल भेज रही है। बताया कि 21 अगस्त को तिसरा पुलिस ने तिसरा फुटबाल ग्राउंड से मोटरसाइकिल चोरों के गिरोह के सरगना सोनू सिंहा सहित कुल तीन चोरों को गिरफ्तार किया था। लेकिन सोनू तिसरा पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। सोमवार की रात धनबाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर फरार सरगना सोनू सिंहा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सोनू के गैंग में कुल 10 से 15 युवक हैं।

## मुंडराडीह में युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह/ बेंगाबाद।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मुंडराडीह गांव में सोमवार की रात दो पक्षों के विवाद में अनाउल अंसारी पिता जमालुद्दीन अंसारी को चाकु से गोदकर हत्या का मामला प्रकाश में आने के बाद गिरिडीह पुलिस हरकत में आयी। हत्या के आरोपी मकबुल अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मामला बकाया पैसे के लेन-देन से जुड़ा हुआ है। इस संदर्भ में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव ने मंगलवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी। एसडीपीओ जीतवाहन ने बताया सोमवार की रात्रि को मृतक रात्रि भोजन खाने के बाद अपनी पत्नी के साथ अपने पुराने घर से नये मकान में सोने जा रहे थे। तभी घात लगाये बैठे अभियुक्त मकबुल अंसारी पिता बसीर अंसारी चाकु से कई बार वार किया। जिससे अनाउल अंसारी की मौके पर ही मौत हो गयी। कहा कि मामला मात्र दो सौ रूपये लेन-देन का था लेकिन घटना के वक्त हत्यारा नशे के हालत में था।

## तीरंदाजी प्रतियोगिता में एमजीएम स्कूल की हरलीन ने जीता स्वर्ण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ की कक्षा नौ की छात्रा हरलीन कौर ने 29 और 31 अगस्त तक आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। बीएसएल क्रीड़ा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग की ओर से फिट इंडिया मिशन के तहत एक घंटा खेल के मैदान में अभियान में विविध खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल की हरलीन ने स्वर्ण पदक हासिल किया। स्कूल के प्राचार्य फादर डा जोशी वर्गीस ने कहा कि विभागीय स्तर पर राष्ट्रीय खेल दिवस पर हरलीन को सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। साथ ही बच्चों को खेलकूद की महत्ता से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने हरलीन कौर को सम्मानित किया।


**जिला खनन पदाधिकारी, हजारीबाग।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

हजारीबाग जिला Category - II बालूघाटों के समूह (Hazaribag Sand Ghats Group) की ई–नीलामी दिनांक 23.09.2025 को निर्धारित की गयी है। जिसकी प्रक्रिया ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल www.Jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से की जानी है। कि ई–नीलामी से पूर्व Pre-bid बैठक दिनांक 06.09.2025 को समय 03:00 बजे अपराहन् में जिला समाहरणालय, हजारीबाग के सभा कक्ष में आयोजित की गयी है।

अतः सभी Prospective Bidders को सूचित किया जाता है कि उक्त बैठक में भाग लेकर Tender प्रक्रिया से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जिला खनन पदाधिकारी,
हजारीबाग।

PR 361026 Mines and Geology(25-26)D



**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला- लातेहार**

**खुली डाक आमंत्रण सूचना संख्या– 16/2025–26(2nd Call)**

**आम सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि भारत माता भवन में संचालित जिम के बगल में निर्मित कैन्टीन के संचालन एवं रख–रखाव हेतु खुली डाक के माध्यम से एक वर्ष के लिए आवंटन किया जाना है। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (अंचलाधिकारी, लातेहार एवं उपायुक्त लातेहार द्वारा निर्गत), फोटोग्राफ इत्यादी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। भारत माता भवन के बगल में निर्मित कैन्टीन का आवंटन एक वर्ष के लिए खुली डाक के माध्यम से दिनांक 15.09.2025 को 12.00 बजे अपराहन् नगर पंचायत, लातेहार के सभागार में की जायेगी। कैन्टीन का विवरण निम्नवत है :–

| क0 सं0 | डाक बोले जाने वाले कैन्टीन का विवरण | डाक की न्यूनतम राशि | आवेदन शुल्क | डाक में भाग लेने हेतु आवेदन प्राप्त की अंतीम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | भारत माता भवन में संचालित जिम के बगल में निर्मित कैन्टीन साईज 17' X 14' | 40000.00 | 500.00 | 12.09.2025 |

**नियम एवं शर्त्त–**

1. भारत माता भवन में संचालित जिम के बगल में निर्मित कैन्टीन का आवंटन की प्रक्रिया एक से अधिक आवेदक के भाग लेने पर खुली डाक के द्वारा की जायेगी। साथ ही उच्चतम डाकवक्ता के पक्ष में कैन्टीन का आवंटन किया जायेगा।
2. आवेदक को कैन्टीन के डाक में भाग लेने से पूर्व नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में **500.00 (पांच सौ) रू0 नगद** जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त करना होगा। तदोपरान्त उसे भर कर कार्यालय में उपरोक्त डाक की निर्धारित तिथि से पूर्व दिनांक 13.09.2025 तक जमा करने के बाद ही संबंधित आवेदक को डाक में भाग लेने दिया जायेगा। इस राशि की वापसी / सामायोजन नहीं की जायेगी।
3. कैन्टीन की खुली डाक उपस्थित आवेदको के बीच नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय कक्ष में गठित समिति की उपस्थिति में किया जायेगा।
4. यदि निर्धारित तिथि को उपरोक्त कैन्टीन की खुली डाक में एक ही आवेदक के द्वारा भाग लिया जाता है तो राजस्व की क्षती को ध्यान में रखते हुए संबंधित आवेदक को न्यूनतम डाक की राशि प्राप्त करते हुए कैन्टीन का आवंटन एक वर्ष के लिए कर दी जायेगी। यदि उपरोक्त कैन्टीन के खुली डाक में एक से अधिक आवेदक के द्वारा आवेदन किया जाता है तो संबंधित आवेदक के बीच खुली डाक के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता के पक्ष में संबंधित कैन्टीन का आवंटन किया जायेगा।
5. आवेदक को कैन्टीन आवंटन होने के उपरान्त कैन्टीन की कुल क्षेत्रफल 238 फीट का 14.00 रू0 प्रतिवर्ग फिट की दर से प्रतिमाह 3340.00 (तीन हजार तीन सौ चालीस) रू0 किराया जमा करना अनिवार्य होगा।
6. आवेदक को कैन्टीन आवंटित हो जाने के उपरान्त डाक में बोली गई सम्पूर्ण राशि का **बैंक ड्राफ्ट / बैंकर चेक जो भारत माता भवन जिम सेन्टर, लातेहार के नाम से देय हो** 03 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, यदि 03 दिनों के अन्दर संबंधित आवेदक द्वारा समस्त राशि जमा नहीं की जाती है तो उनके विरूद्ध कानुनी कारवाई की जायेगी।
7. डाक की राशि का समायोजन कैन्टीन हेतु निर्धारित किराये की आधी राशि में समायोजित किया जायेगा, भोश किराये की आधी राशि प्रत्येक माह समाप्ति के पहले सप्ताह में जमा करना अनिवार्य होगा। एक वर्ष बित जाने के उपरान्त डाक के समय जमा की गई राशि का समायोजन भाड़ें में होने के उपरान्त जो शेष राशि बच जाती है, उसे आवेदक को वापस कर दिया जायेगा।
8. आवंटित कैन्टीन का एकरारनामा नगर पंचायत, लातेहार द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त्तो के अधिन डाक की पूर्ण राशि जमा होने के उपरांत अगले एक वर्श के लिए किया जायेगा।
9. कैन्टीन आवंटित होने पर संबंधित दुकान का ट्रेड लाईसेंस नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से बनाना अनिवार्य होगा।
10. न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन लातेहार अवस्थित न्यायालयों में ही मान्य होगा।
11. उपरोक्त डाक के संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से कार्य दिवस में ली जा सकती है।
12. उपरोक्त डाक को बिना कारण बताये किसी भी स्टेज में रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षीत होगा। जिसे कहीं भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत, लातेहार।**

PR.NO.361050 Urban Development(25-26):D

# अफगानिस्तान में भूकंप से मरनेवालों का आंकड़ा 1400 के पार, 3000 घायल, बचाव अभियान जारी

- तालिबान ने दुनियाभर के लोगों से मदद मांगी
- भारत ने 15 टन खाने का सामान और 1000 टेंट काबुल भेजे

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान में भूकंप से मरने वालों की संख्या 1411 हो गयी है, जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है। मंगलवार को तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में अब तक करीब 3,000 लोग घायल हुए हैं, और राहत टीमें मलबे के नीचे फंसे लोगों को निकालने में जुटी हैं।

बता दें कि अफगानिस्तान में जलालाबाद के पास रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। इस वक्त ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गये।

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी हैं। इसके बाद भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही, 15 टन खाने का सामान काबुल से कुनार भेजा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत आगे भी राहत सामग्री भेजेगा। 2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान की मानवीय सहायता रोक दी थी।



## भूकंप के झटकों से फिर दहला अफगानिस्तान

अफगानिस्तान में फिर से भूकंप के झटके महसूस किये गये हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 दर्ज की गयी है। भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार झटके स्थानीय समयानुसार शाम 5 बजकर 59 मिनट पर महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में 34.55 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 70.68 डिग्री पूर्वी देशांतर पर, धरती की सतह से लगभग 130 किलोमीटर गहराई में स्थित था।

### पीएम ने सेमीकॉन इंडिया-2025 का किया उद्घाटन

# दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने को तैयार : मोदी

- एक दिन दुनिया कहेगी मेड इन इंडिया, ट्रस्टेड बाय वर्ल्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में सेमीकॉन इंडिया-2025 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत पर भरोसा करती है। दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि एक तरफ जब दुनिया भर की इकोनॉमी में चिंताएं हैं। आर्थिक स्वार्थ से पैदा हुई चुनौतियां हैं। उस माहौल के बावजूद भारत ने इस साल के पहली तिमाही में 7.8% की ग्रोथ रेट हासिल करके दिखाया है। यह वृद्धि मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस, कृषि और निर्माण सहित हर सेक्टर दिखायी दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब बैकएंड से निकल कर एक फुल-स्केल सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनने की राह पर है। हम सभी निवेशकों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। वो दिन दूर नहीं, जब दुनिया कहेगी, डिजाइंड इन इंडिया, मेड इन इंडिया एंड ट्रस्टेड बाय वर्ल्ड। डिजाइन इन इंडिया और मेड इन इंडिया, यही भविष्य की पहचान होगी। पीएम मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर की दुनिया में कहा जाता है कि ऑयल ब्लैक गोल्ड था, लेकिन चिप्स डिजिटल डायमंड हैं। पिछली सदी में दुनिया का भविष्य तेल के कुएं से तय होता था, लेकिन 21वीं सदी की शक्ति एक छोटी सी चिप में सिमट गयी है। यह चिप भले ही छोटी है, लेकिन इसमें दुनिया के विकास को गति देने की ताकत है।



## अश्विनी वैष्णव ने पीएम नरेंद्र मोदी को 32-बिट माइक्रो प्रोसेसर गिफ्ट किया

अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री को विक्रम 32-बिट प्रोसेसर और 4 प्रोजेक्ट्स के टेस्ट चिप्स गिफ्ट किए। विक्रम 32-बिट प्रोसेसर पूरी तरह भारत में विकसित पहला 32-बिट माइक्रो प्रोसेसर है, जिसे इसरो सेमी-कंडक्टर लैब ने बनाया है। इसे लॉन्च व्हीकल्स की मुश्किल पर्यावरणीय हालातों में इस्तेमाल के लिए तैयार किया गया है।

## दुनिया भारत को भरोसे से देख रही : वैष्णव

सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल हुईं। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हमने 3.5 साल पहले भारत सेमीकंडक्टर मिशन की शुरूआत की थी। इतने कम समय में ही दुनिया भारत की ओर भरोसे से देख रही है। अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'पीएम मोदी ने सेमीकॉन इंडिया-2024 में कहा था कि जब मुश्किलें आयें, तो आप भारत पर दांव लगा सकते हैं। हाल ही में पहली तिमाही में 7.8% की वृद्धि दर प्रधानमंत्री की बातों का प्रमाण है।'

### यमुना ने किया खतरे का निशान पार

# दिल्ली में बाढ़ के आसार

- उड़ानों पर असर, एयरलाइंस ने जारी की एडवाइजरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को हुई भारी बारिश ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। राजधानी और आस-पास के इलाकों में भारी जाम की स्थिति पैदा हो गयी, खास कर दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर पर। वहीं, यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने के चलते बाढ़ का खतरा भी मंडरा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर की स्थिति की समीक्षा की। मंगलवार को यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के साथ ही दिल्ली के यमुना पार क्षेत्र के कुछ हिस्सों में पानी घरों में घुसने लगा है। मंगलवार को यमुना खतरे के निशान को पार कर गयी, जिससे राजधानी के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया। सीएम रेखा ने लोहे के पुल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया।

बारिश के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानों के संचालन में भी व्यवधान देखने को मिल रहा है। पानी भरने और कम विजिबिलिटी के चलते एयरलाइंस ने यात्रियों को यात्रा से पहले फ्लाइट स्टेटस चेक करने की सलाह दी है।

**यमुना पुल से आवाजाही पर लगा रोक :** बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन अलर्ट पर है। यमुना नदी पर बने पुल से होकर यातायात और आमजन की आवाजाही मंगलवार शाम 5 बजे से पूरी तरह बंद कर दी गयी है। यह कदम केंद्रीय जल आयोग की ओर से जारी बाढ़ चेतावनी के बाद उठाया गया।

# पूर्व सीएम केसीआर की बेटी के कविता पार्टी से निलंबित

- बीआरएस ने दल विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदराबाद।** तेलंगाना की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अपनी एमएलसी और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के. कविता को पार्टी से निलंबित कर दिया है। बीआरएस ने कहा कि हाल के दिनों में कविता के व्यवहार और उनकी गतिविधियां पार्टी के हितों के खिलाफ रही हैं। उन पर 'पार्टी विरोधी गतिविधियों' में शामिल होने और संगठन को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है।

बीआरएस ने कहा है कि पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर राव ने एमएलसी कविता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला लिया है। कविता को पार्टी से ऐसे समय में बर्खास्त किया गया है, जब बीआरएस पहले से ही अंदरूनी चुनौतियों का सामना कर रही है।



बता दें कि बर्खास्तगी से एक दिन पहले कविता ने उस समय पार्टी के भीतर तूफान खड़ा कर दिया था, जब उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेताओं पर केसीआर की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने वरिष्ठ नेता टी. हरीश राव और पूर्व सांसद मेघा कृष्णा रेड्डी पर उनके पिता पर 'भ्रष्टाचार का ठप्पा' लगाने का आरोप लगाया था।

# मनोज जरांगे ने तोड़ा अनशन मराठा आरक्षण आंदोलन खत्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने पांच दिवसीय भूख हड़ताल मंगलवार को खत्म कर दी। इसके बाद उन्होंने कहा कि हम जीत गये हैं। सरकार ने हमारी मांगें मान ली हैं। उधर, बॉम्बे हाइकोर्ट ने जरांगे को अनशन स्थल आजाद मैदान पर 3 सितंबर की सुबह तक रुकने की अनुमति दे दी। इससे पहले अदालत ने मंगलवार दोपहर 3 बजे तक मैदान खाली करने को कहा था। हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को भी फटकार लगायी। कहा कि प्रशासन ने उसके आदेशों को लागू क्यों नहीं किया। जबरन मैदान खाली कराने के लिए कदम क्यों नहीं उठाये।

अदालत ने कहा कि अगर बुधवार तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वह कड़ा आदेश जारी करेगी और किसी भी हद तक जायेगी। सरकार ने कुछ शर्तों पर सहमति जतायी है। सरकार ने हैदराबाद गजेटियर को जारी कर दिया है। यानि कि मराठाओं को कुनबी के रूप में पहचान दी जायेगी। बता दें कि महाराष्ट्र में कुनबी पहले से ही ओबीसी वर्ग में शामिल हैं, ऐसे में उन्हें आरक्षण का लाभ मिलेगा। अंतरवली सराटी में आंदोलनकारियों के खिलाफ दर्ज किये गये केस को सरकार ने वापस लेने पर सहमति जतायी है।

# वित्त वर्ष 2026-27 का बजट बनाने की प्रक्रिया 9 अक्टूबर से शुरू होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय 2026-27 के लिए वार्षिक बजट तैयार करने की प्रक्रिया 9 अक्तूबर से शुरू करेगा। सरकार की ओर से मंगलवार को यह जानकारी दी गयी। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और भारत से आयातित वस्तुओं पर अमेरिका की ओर से लगाये गये 50 प्रतिशत भारी टैरिफ को देखते हुए आने वाले वित्तीय वर्ष का बजट काफी अहम है। अगले वित्तीय वर्ष के बजट में मांग बढ़ाने, रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को 8 प्रतिशत से अधिक की विकास दर देने पर सरकार का जोर रहेगा। सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था 6.3-6.8 प्रतिशत के बीच बढ़ेगी। आर्थिक मामलों के विभाग के बजट परिपत्र (2026-27) के अनुसार सचिव (व्यय) की अध्यक्षता में बजट-पूर्व बैठकें 9 अक्तूबर 2025 से शुरू होंगी।



परिपत्र के अनुसार वित्तीय सलाहकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परिशिष्ट क से श्क्क में अपेक्षित आवश्यक विवरण 3 अक्तूबर 2025 से पहले या उससे पहले ठीक से दर्ज कर लिये जायें। तय प्रारूपों में डेटा की हार्ड कॉपी क्रॉस चेकिंग के लिए मुहैया की जानी चाहिए। बयान में कहा गया है कि 2026-27 के बजट अनुमानों को बजट-पूर्व बैठकों के पूरा होने के बाद अंतिम रूप दिया जायेगा। संशोधित अनुमान (आरई) से जुड़ी बैठकें नवंबर 2025 के मध्य तक जारी रहेंगी। परिपत्र में बताया गया कि सभी मंत्रालयों-विभागों को स्वायत्त निकायों-कार्यान्वयन एजेंसियों का विवरण प्रस्तुत करना चाहिए। इसके लिए एक समर्पित कोष बनाया गया है। बजट 2026-27 संसद के बजट सत्र के पहले भाग के दौरान 1 फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष के बजट में नाममात्र आधार पर 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है। दूसरी ओर, राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने फरवरी के अंत में बजट पेश करने की औपनिवेशिक काल की परंपरा को खत्म कर दिया है। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने पहली बार 1 फरवरी 2017 को वार्षिक लेखा-जोखा पेश किया था।

# नेस्ले के सीइओ की नौकरी गयी

- कर्मचारी के साथ रिलेशन में थे लॉरेंट फ्रीक्स

आजाद सिपाही संवाददाता


**मुंबई।** नेस्ले कंपनी ने अपने चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीइओ) लॉरेंट फ्रीक्स को नौकरी से निकाल दिया है। फ्रीक्स का एक साथी कर्मचारी के साथ अफेयर के चलते यह कार्रवाई की गयी है। कंपनी ने बताया कि फ्रीक्स ने इस रिश्ते की जानकारी भी कंपनी को नहीं दी। कंपनी ने अब उनकी जगह सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और नेस्ले के कॉफी स्ट्रैटजिक बिजनेस यूनिट के हेड फिलिप नवरातिल को नया सीइओ नियुक्त किया है। नेस्ले ने कहा कि फ्रीक्स को निकालने का फैसला एक जांच के बाद लिया गया, जिसमें पता चला कि उनका डायरेक्ट सबऑर्डिनेट (पीए) के साथ रोमांटिक रिश्ता था। इस जांच को कंपनी के चेयरमैन पॉल बल्के और लीड इंडिपेंडेंट डायरेक्टर पाब्लो इस्ला ने देखा, जिसमें बाहर के वकीलों की भी मदद ली गयी। पॉल बल्के ने कहा कि ये फैसला जरूरी था। नेस्ले के मूल्य और नियम हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। मैं लॉरेंट को उनकी कई सालों की सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं।

**नये सीइओ ने कहा - कंपनी के काम को सपोर्ट करूंगा :** फिलिप नवरातिल के कंपनी के नये सीइओ बनाया गया है। नवरातिल ने कहा कि मैं कंपनी की स्ट्रैटजिक दिशा और परफॉर्मेंस को बेहतर करने के प्लान को पूरी तरह सपोर्ट करता हूं।

# कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव पर 102 करोड़ का जुर्माना



**बेंगलुरू (आजाद सिपाही)।** दुबई से अवैध सोना तस्करी मामले में जेल की सजा काट रहीं अभिनेत्री रान्या राव को अब राजस्व खुफिया निदेशालय से 102.55 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का नोटिस मिला है। केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अवैध रूप से सोना तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। इस दौरान डीआरआई अधिकारियों ने रान्या राव के पास से 14.8 किलोग्राम सोना जब्त किया था। इस मामले की जांच के दौरान डीआरआइ को पता चला था कि रान्या राव करीब 15 दिनों में चार बार दुबई गयी थीं और हर बार उन्होंने सोने की तस्करी की थी। अब इस मामले में डीआरआई की तरफ से 102.55 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का नोटिस जारी किया गया है। 2 सितंबर को रान्या समेत चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और नोटिस जारी किया गया है। जुर्माना नहीं भरने पर संपत्ति जब्त हो सकती है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**